# प्राकृत-व्याकरणम्

२५वीं महावीर निर्वाण शताब्दी
के उपलक्ष्य में



संस्कृत – हिन्दी – व्याख्या – द्वयोपेतम्

व्याख्याकार :—

जैनभूषण श्रद्धेय श्री ज्ञानमुनि जी महाराज

भगवान् महावीर की २५ वीं निर्वाण-शताब्दी के उपलक्ष्य में प्रकाशित

आचार्य श्री हेमचन्द्र द्वारा प्रणीत

# प्राकृत-व्याकरण

## संस्कृत-हिन्दी-टीका-द्वय से युक्त

(प्रथम खण्ड)

टीकाकार —

जैनधर्म-दिवाकर, साहित्य-रत्न, जैनागम-रत्नाकर

आचार्य-सम्राट परमश्रद्धेय

पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज

के सुशिष्य

जैन-भूषण, पंजाब-केसरी, व्याख्यान-दिवाकर

पण्डितरत्न श्री ज्ञानमुनि जी महाराज

प्रकाशक

आचार्य श्री आत्माराम जैन मॉडल स्कूल

२९-डी, कमला नगर,

देहली-७

**प्रकाशक—**

**अहिंसा सत्य के अमर सन्देशवाहक, श्रमण भगवान महावीर** की पच्चीसवीं निर्वाण शताब्दी के उपलक्ष्य में **आचार्य श्री आत्माराम जैन मॉडल स्कूल, कमलानगर,** 29-D, **दिल्ली** द्वारा प्रकाशित

**विषय—**

प्राकृतव्याकरण, संस्कृत और हिन्दी टीका-द्वय से सहित (प्रथम खण्ड)

**टीकाकार—**

वन्दनीय, पूज्यपाद, जैनधर्मदिवाकर, आचार्य-सम्राट्, **पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज** के सुशिष्य **जैनभूषण, पण्डितरत्न, श्रद्धेय श्री ज्ञानमुनि जी महाराज**

**प्रस्तावना-लेखक—**

**डाक्टर ऐल० एम० जोशी**, रीडर, इन बुद्धिज्म, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला, तथा **डाक्टर ए० एन० सिन्हा**, लैक्चरार इन जैनिज्म, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला

**प्राप्तिस्थान—**

**आचार्य श्री आत्माराम जैन मॉडल स्कूल**, २९-डी, कमलानगर, दिल्ली-७

**प्रकाशनकाल—**

वीर सम्वत् २५००

विक्रम सम्वत् २०३१

ईस्वीसन् १९७४

आत्मसम्वत् १२

**मूल्य** २५ रुपए

## व्याख्याकार के पूज्य गुरुदेव—



जैनधर्मदिवाकर, आचार्य-सम्राट् महामहिम, वन्दनीय

परमश्रद्धेय पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज

## किस को ?

जिन की विलक्षण अध्यात्म साधना
तथा आदर्श ज्ञानाराधना
के अनुपम प्रकाश एवं प्रेरणा को पाकर
मैं
इन पंक्तियों को लिखने की क्षमता
अधिगत कर सका हूं।
उन्हीं,
जैन संस्कृति के अमर प्रतीक,
जैनधर्मदिवाकर, साहित्यरत्न
आचार्य-सम्राट् गुरुदेव
**पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज**
के पावन स्मृतिचरणों में
सादर, सभक्ति, सविनय
समर्पित।

—ज्ञानमुनि

कार्तिक शुक्ला पूर्णिमा
जैनस्थानक, राहों (पंजाब)

जैन-भूषण, व्याख्यान-दिवाकर, पंजाबकेसरी श्रद्धेय श्री ज्ञान मुनि जी महाराज द्वारा लिखित एवं संपादित महत्त्वपूर्ण पुस्तकें :—

१. **श्री विपाक सूत्र** (हिन्दी भाषा टीका सहित)
२. **श्री अन्तगड़ सूत्र** (जैन-धर्म-दिवाकर, आचार्य-सम्राट् पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज द्वारा कृत अनुवाद का सम्पादन)
३. **श्री अनुयोग द्वार सूत्र** (हिन्दी भाषा टीका-सहित, प्रथम भाग)
४. **प्रश्नों के उत्तर** (दो खण्ड)
५. **भगवान महावीर के पांच सिद्धान्त।**
६. **सामायिक सूत्र** (हिन्दी-भाषा-टीका-सहित)
७. **स्थानकवासी और तेरहपन्थ।**
८. **दीपक के अमर सन्देश!**
९. **सम्वत्सरी पर्व क्यों और कैसे ?**
१०. **जीवन-झांकी** (जीवनी, गणी श्री उदय चन्द्र जी महाराज)
११. **आचार्य-सम्राट्** (जीवनी, आचार्य-सम्राट् पूज्य श्री आत्मा राम जी महाराज)
१२. **श्रमण-संस्कृति के प्रतीक, ऋषिवर आनन्द** (जीवनी, आचार्य-सम्राट् पूज्य श्री आनन्द ऋषि जी महाराज)
१३. **सरलता के महास्रोत** (जीवनी, तपस्वी श्री फकीरचन्द्र जी महाराज)
१४. **भगवान् महावीर और विश्व-शांति** (हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, अंग्रेज़ी)
१५. **ज्ञान सरोवर** (भजन संग्रह)
१६. **सामायिक सूत्र** (उर्दू, भावार्थ-सहित)।
१७. **प्राकृत-व्याकरण** (संस्कृत-हिन्दी-टीका-द्वयोपेत) दो खण्ड
१८. **ज्ञान का अमृत** (आठ कर्मों का विवेचन, उर्दू)
१९. **सच्चा साधुत्व** (साधु-धर्म का परिचय)
२०. **ज्ञान का अमृत** (आठ कर्मों का विवेचन, हिन्दी)
२१. **परम श्रद्धेय श्री अमरमुनि जी**, पंजाबी (जीवनी)
२२. **ज्ञान भरे दोहे** (दोहा-संग्रह)
२३. **ज्ञान-संगीत** (भजन संग्रह)
२४. **महासती श्री चन्दनबाला** (पद्य)
२५. **साधना के अमर प्रतीक** (जीवनी, महामुनि श्री छगनलाल जी महाराज)

—: प्राप्ति-स्थान :—

**आचार्य श्री आत्माराम जैन मॉडल स्कूल**
कमलानगर, 29-D, देहली-7

Printed by Shri S. L. Bhatia at The Giri Ptinters Ambala City

# प्रस्तावना

## प्राकृत क्या है ?

मनुष्य की भावनाओं और विचारों का उसकी वाक्-शक्ति के साथ चिरातन सम्बन्ध है। अपनी अनुभूतियों एवं आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति मनुष्य अपने ध्वन्यात्मक संकेतों के माध्यम से करता है। ये ही सार्थक ध्वन्यात्मक संकेत बोली को जन्म देते हैं और यही बोली जब साहित्य का सृजन करने लग जाती है, तब भाषा कहलाती है। हर देश और काल में बोली और भाषा समानान्तर रूप में अबाध गति से विकसित होती रहती है। परन्तु यह मानना कि बोली और भाषा का विकास दो विभिन्न दिशाओं में निरपेक्षभाव से होता है अनुचित होगा, क्योंकि बोली और भाषा का सम्बन्ध सापेक्षगत है। किसी भी भाषा की उत्पत्ति एवं विकास बोलियों की नींव पर ही सम्भव है। प्रत्येक भाषा की कुछ बोलियाँ होती हैं जिनके आधार पर वह भाषा खड़ी होती है। उदाहरणार्थ हिन्दी को लें। आज हिन्दी जिस रूप में व्यवहृत है, उसकी उत्पत्ति और विकास का पर्यवेक्षण करने पर यह स्पष्ट रूप से सिद्ध होता है कि इसकी नींव कुछ बोलियां हैं जो ब्रज, अवधी, बुन्देलखण्डी, भोजपुरी, मगही आदि कही जा सकती हैं। ठीक इसी प्रकार जब संस्कृत ने साहित्यिक भाषा होने का गौरव प्राप्त किया होगा या यूं कहें कि जब पाणिनि ने वैदिक संस्कृत (छान्दस्) को परिमार्जित एवं संस्कारित करने का कार्य प्रारम्भ किया होगा और व्याकरण के सूत्रों में आबद्ध कर लौकिक संस्कृत का निर्माण किया होगा, तब समाज में लोकव्यवहार के लिए कुछ बोलियां अवश्य रही होंगी। इतना ही क्यों, जब वैदिक ऋचाओं की रचना हो रही होगी, उस समय भी वैदिक संस्कृत कभी लोकभाषा नहीं रही होगी, क्योंकि ये ऋचाएँ भी तो ऋषियों की वाणी हैं, समाज के सुशिक्षित एवं उत्कृष्ट वर्ग की रचनाएं हैं। आखिर उस समय की बोलियां क्या थीं तथा किन नामों से जानी जाती थीं? भाषाविदों के अनुसार प्राकृत ही उस समय की बोलियां थीं। ग्रियर्सन (Grierson) ने वैदिकयुगीन बोलियों को प्राथमिक प्राकृत (Primary Prakrit) कहा है। वैदिक संस्कृत की उत्पत्ति और विकास इन्हीं प्राकृत भाषाओं से हुआ है। प्राकृत भाषाओं के विकास के इतिहास में वैदिककालीन प्राकृत भाषाएं प्रथम स्तर (First Stage) की प्राकृत भाषाएं हैं। भाषाविदों के अनुसार बुद्ध और महावीर काल की प्राकृत भाषाएँ द्वितीय स्तर (Second Stage) की प्राकृत भाषाएं हैं, जिनमें प्राचीन बौद्ध एवं जैन साहित्य सुरक्षित है। बुद्ध और महावीर ने अपने उपदेशों को लोकभाषा में समझाने और जानने को कहा था, संस्कृत में नहीं। इसीलिए बौद्ध पिटकों और जैन आगमों की भाषाएं उस समय की लोकव्यवहृत प्राकृत भाषाएं ही हैं। फिर अशोक ने बुद्धवचनों को, शिलालेखों तथा स्तम्भलेखों में विभिन्न स्थानों की स्थानीय लोकभाषाओं में ही अंकित करवाया था। इस प्रकार बौद्ध पिटकों की भाषा पालि, जैन आगमों की भाषा अर्द्धमागधी तथा अशोक के अभिलेखों की भाषाएं प्राकृत हैं[1]। ग्रियर्सन ने आधुनिक भारतीय

१. गायगर ने भी पालि को प्राचीन प्राकृत कहा है—देखें गायगर, पालि लैंग्वेज एण्ड लिटरेचर (अनु० घोष), कलकत्ता, १९५६, पृष्ठ १।

आर्य भाषाओं को भी तृतीय स्तर की प्राकृत (Tertiary Prakrit) कहा है जिनका विकास द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं तथा उनसे विकसित अपभ्रंश भाषाओं से हुआ है।

काल की दृष्टि से प्राथमिक प्राकृत का काल २००० ईस्वी पूर्व से ६०० ई० पू० तक माना जा सकता है तथा द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का काल ६०० ई० पू० से १२०० ई० तक और १२०० ई० के बाद का काल तृतीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का कहा जा सकता है।

आज प्राकृत भाषाओं का जो प्राचीनतम प्राकृत साहित्य उपलब्ध है वह द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं में ही है। प्राथमिक प्राकृत भाषाओं में सम्भवतः कोई भी साहित्य नहीं रचा गया। परन्तु यदि पाणिनि का काल छठी-सातवीं शताब्दी ई० पू० माना जाय, तो पाणिनि द्वारा निर्दिष्ट कुछ धातुओं की सूची जिन्हें उसने अपने धातुपाठ में दिया है उनसे प्राथमिक प्राकृत के कुछ नमूनों का अन्दाज़ा लगाया जा सकता है। इन धातुओं के समानान्तर शब्द संस्कृत में नहीं मिलते हैं। ये वस्तुतः देश्य शब्द हैं, यथा अड्, कड्, घुण्, चक्, चप्, जुड्, आदि जिनसे आज हिन्दी में अड़ना, कड़ा, घूमना, चकाचक, चुप, जुड़ना, आदि शब्द बने हैं।[१] द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं में इस प्रकार के देश्य शब्दों के प्रयोग का आधिक्य है, परन्तु साथ ही तत्सम और तद्-भव शब्दों का भी प्रयोग हुआ है। वे संस्कृत शब्द जो मूलरूप में अर्थात् अपरिवर्तित रूप में प्राकृत भाषाओं में प्रयुक्त हैं तत्सम कहे जाते हैं, यथा नीर, तीर, कण्ठ, कवि, संसार आदि। तथा वे शब्द जो प्रयत्न लाघव के कारण परिवर्तित रूपों में प्रयुक्त हैं तद्भव कहे जाते हैं, यथा अग्ग, इट्ठ, पच्छा, चक्क, कक्क आदि, परन्तु कुछ विद्वान यह नहीं मानते कि तत्सम और तद्भव शब्दों का तत् शब्द उन प्राथमिक भाषाओं के शब्दों की ओर संकेत करता है जिनसे वैदिक संस्कृत और लौकिक संस्कृत का उद्भव और विकास हुआ तथा साथ ही वे प्राथमिक प्राकृत भाषाएं भी विकसित होकर द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का रूप धारण कर सकीं[२]।

'प्राकृत' शब्द की व्युत्पत्ति वैयाकरणों तथा अलंकारशास्त्रज्ञों ने प्रकृति से की है। प्रकृति से अर्थ उनका संस्कृत से है। संस्कृत ही प्राकृत भाषाओं की मूल प्रकृति है अर्थात् प्राकृत भाषाओं का उद्गम स्रोत संस्कृत है। प्रायः सभी ने, हेमचन्द्र, मार्कण्डेय, धनिक आदि ने, **'प्रकृतिः संस्कृतम्'** का प्रयोग कर संस्कृत को प्राकृत भाषाओं की प्रकृति कहा है[३]। परन्तु इस अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग अनुपयुक्त प्रतीत होता है। सभी प्राकृत वैयाकरणों ने अपने व्याकरण-ग्रन्थों की भाषा

१. देखें पिशेल, **प्राकृत भाषाओं का व्याकरण** (अनु० डा० हेमचन्द्र जोशी), बिहार राष्ट्रभाषा परिषद्, पटना, पृष्ठ २६५-६६ की पाद-टिप्पणी।

२. पं० हरगोविन्ददास टी० सेठ, **पाइअ-सद्द-महण्णवो**, उपोद्घात, पृ० २२-२६

३. प्रकृतिः संस्कृतम्। तत भवं तत आगतं वा प्राकृतम्।—**सिद्धहैमशब्दानुशासन** ८/१/१
प्रकृतिः संस्कृतम्। तत्र भवं प्राकृतमुच्यते।—**प्राकृतसर्वस्व** १/१
प्रकृतेः आगतं प्राकृतम्। प्रकृतिः संस्कृतम्।—धनिककृत **दशरूपकटीका** २/६०
प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृतं योनिः—वासुदेवकृत **कर्पूरमंजरीसंजीवनीटीका**, ९/२
प्रकृतेः संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृतीमता—**षड्भाषाचन्द्रिका**, पृ० ४
प्रकृतेः संस्कृताद् आगतं प्राकृतम्—**वाग्भटालंकारटीका** २/२
मूलप्रकृतिविकृतिः—**सांख्यतत्त्वकौमुदी**, कारिका ३

संस्कृत रखी है। इसी कारण संस्कृत शब्दों को आधार मानकर, प्रकृति मानकर प्राकृत भाषाओं की विचित्रताएँ समझी जाएं तथा संस्कृत शब्दों से साम्य-वैषम्य स्पष्ट हो, इसी अर्थ में **'प्रकृतिः संस्कृतम्'** का प्रयोग उन शास्त्रज्ञों ने किया है, न कि इस अर्थ में कि प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति संस्कृत से है।

**प्राकृत भाषाओं का विस्तार—**

इस प्रकार मूलतः प्राकृत का सम्बन्ध लोकव्यवहृत भाषाओं से ही है। बाद में चलकर जब साहित्यिक भाषा का रूप धारण किया तब संस्कृत की भांति इस का भी साहित्यकारों ने काफ़ी परिमार्जन किया ताकि इसमें भी व्यवस्थात्मक एकरूपता आ जाय और यह सुगठित हो जाय। परन्तु स्थान और काल के कारण विविधताएं वर्तमान रहीं। उन्हीं विविधताओं के आधार पर प्राकृत भाषाओं का वर्गीकरण किया जाता है। द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाएं जिनमें प्राचीनतम प्राकृत साहित्य सुरक्षित है, देशगत विविधता की दृष्टि से तथा कालगत विकास के संस्तरण की दृष्टि से तीन विभागों में विभक्त किये जाते हैं—प्रथमयुगीन, द्वितीययुगीन और तृतीययुगीन। चूंकि भारतीय आर्यभाषाओं के विकास के अध्ययन में द्वितीय स्तर की प्राकृत की विशेष भूमिका है, कारण इसका काल-विस्तार विकास की दृष्टि से करीब अठारह सौ वर्षों का है तथा साथ ही साहित्य भण्डार भी विशाल है, इसलिए इसका संक्षेप में यहां पर विवेचन करना समीचीन होगा।

द्वितीय स्तर की प्रथमयुगीन प्राकृत के अन्तर्गत आर्ष प्राकृत, शिलालेखी प्राकृत, निया प्राकृत, खरोष्ठी धम्मपद की प्राकृत तथा अश्वघोष के नाटकों की प्राकृत आती है।

आर्ष प्राकृत के अन्तर्गत बौद्ध पिटकों की भाषा पालि तथा दिगम्बर जैन आगमों की जैन शौरसेनी और श्वेताम्बर जैन आगमों की अर्द्धमागधी भाषाएँ आती हैं। ऋषिभाषित होने के कारण आर्ष कहा जाता है। भगवान् बुद्ध और भगवान् महावीर के उपदेशों का संकलन पिटकों और आगमों में है। पिटकों और आगमों की भाषाएं ही आर्ष प्राकृत हैं जो बौद्धिक भाषा के समान प्राचीन हैं। बौद्ध पिटकों की भाषा पालि की परम्परा, अपनी मूल प्रकृति को व्यवस्थात्मक रूप में संस्कृत की भांति कायम रखते हुए, बहुत लम्बी है। पिटकेतर साहित्य की रचना इसी भाषा में एक लम्बे अरसे तक, शताब्दियों तक होती रही। पिटक ग्रन्थों की टीकाएँ और अनुटीकाएं, वंश साहित्य, छन्द शास्त्र आदि रचे गये। यहां तक कि इस भाषा का व्याकरण भी इसी भाषा में लिखा गया जबकि अन्य प्राकृतों का व्याकरण संस्कृत में है। इसका साहित्य-भण्डार विशाल है। प्राचीनता की दृष्टि से भी पालि अन्य प्राकृतों से प्राचीन है। इसके बाद जैन शौरसेनी या प्राचीन शौरसेनी का स्थान आता है। षट्खण्डागम के सूत्रों की भाषा जैन शौरसेनी है। बाद में आचार्य कुन्दकुन्द ने भी अपनी रचनाएं इसी भाषा में की हैं। इस तरह दिगम्बर जैन आगमों की मूल भाषा जैन शौरसेनी है जो प्राचीन शौरसेनी के नाम से भी जानी जाती है। इसका ही विकसित रूप शौरसेनी प्राकृत हुआ जिसका प्रयोग नाटककारों ने व्यापक रूप में किया। श्वेताम्बर जैन आगमों की भाषा अर्द्धमागधी जैन शौरसेनी के बाद की कही जा सकती है। शब्दरचना की दृष्टि से अर्द्धमागधी का रूपगठन मागधी और जैन शौरसेनी से हुआ। मध्यभारतीय आर्य भाषा काल में पूर्व की बोली मागधी तथा पश्चिम की बोली शौरसेनी मानी जाती है। अर्द्धमागधी इन्हीं दो बोलियों की प्रवृत्तियों का समन्वय है। मार्कण्डेय ने अपने **'प्राकृतसर्वस्व'** में **"शौरसेन्या अदूरत्वा-**

**दियमेवार्द्धमागधी"** अर्थात् शौरसेनी के निकटवर्ती होने के कारण मागधी ही अर्द्धमागधी है, कहकर अर्द्धमागधी के स्वरूप का निर्देशन किया है।

प्राचीन अभिलेखों की भाषाएँ भी इसी द्वितीय स्तर की प्रथमयुगीन प्राकृत के अन्तर्गत आती हैं। प्राचीन अभिलेखों में सर्वप्रथम अशोक के अभिलेखों का स्थान है। अशोक के अभिलेख सारे भारतवर्ष में तथा सुदूर पश्चिमोत्तर प्रदेशों में पाये जाते हैं। भाषा की दृष्टि से स्थान के अनुसार भिन्न अभिलेखों की भिन्न भाषाएं हैं। इन सभी अभिलेखों की भाषाएं स्थानीय कथ्य भाषाएं ही हैं जिनसे उस समय के विभिन्न प्रदेशों की लोकव्यवहृत बोलियों का अनुमान लगाया जा सकता है। परन्तु सारे अभिलेखों का भाषा की दृष्टि से अध्ययन करने पर उनमें तीन प्राकृतों की प्रवृत्तियां मिलती हैं—पैशाची, प्राचीन शौरसेनी और मागधी। पश्चिमोत्तर प्रदेशों में पाये जाने वाले अभिलेखों में पैशाची की प्रवृत्तियां मिलती हैं। पश्चिम और दक्षिण के अभिलेखों में प्राचीन शौरसेनी तथा पूर्वी अभिलेखों में मागधी के लक्षण विशेष रूप से विद्यमान हैं।

अशोक के बाद के अभिलेखों में खारवेल का हाथीगुफा-शिलालेख का नाम आता है जिसमें प्राचीन शौरसेनी की प्रवृत्तियां मूलरूप में विद्यमान हैं। इसके पश्चात् उदयगिरि और खण्डगिरि के शिलालेख तथा पश्चिमी भारत में प्राप्त आन्ध्र राजाओं के शिलालेख में प्राकृत के विकसित रूपों के नमूने मिलते हैं। फिर कांगड़ा, मथुरा आदि अनेक स्थानों पर खरोष्ठी लिपि में उत्कीर्ण अभिलेख भी मिले हैं जिनमें विकसित नाटकीय प्राकृत के रूपों की झलक मिलती है। यूं तो प्राचीन अभिलेखों की संख्या करीब दो हज़ार है जिनका काल-विस्तार ई० पूर्व ३०० से ई० सन् ४०० तक माना जाता है। उनमें कुछ तो आकार की दृष्टि से काफी बड़े हैं और कुछ तो इतने छोटे हैं कि सिर्फ एक पंक्ति के हैं।

फिर चीनी तुर्किस्तान से प्राप्त खरोष्ठी अभिलेखों की भाषा निय प्राकृत तथा खोतान से प्राप्त खरोष्ठी धम्मपद की प्राकृत भी द्वितीय स्तर की प्रथम युगीन प्राकृत के अन्तर्गत मानी जाती हैं। निय प्राकृत का सम्बन्ध दरदवर्ग[१] की तोखारी भाषा से निकट का है, ऐसी भाषाविदों की मान्यता है। निय प्राकृत पेशावर के आस-पास के प्रदेश की भाषा मानी जाती है, क्योंकि पश्चिमोत्तर प्रदेश में प्राप्त अशोक के अभिलेखों की भाषा से इसका साम्य है। निय प्रदेश की भाषा होने के कारण ही इसे निय प्राकृत के नाम से जाना जाता है। खरोष्ठी धम्मपद की प्राकृत में भी अशोक के इन अभिलेखों की भाषा की प्रवृत्तियां विद्यमान हैं। भाषाविदों के अनुसार खरोष्ठी धम्मपद जो प्राकृत धम्मपद के नाम से भी जाना जाता है, मूलरूप में भारतवर्ष में ही ई० सन् की की द्वितीय शताब्दी के आस-पास रचा गया।

अश्वघोष के नाटकों में प्रयुक्त प्राकृत भी द्वितीय स्तर की प्रथमयुगीन प्राकृत है। उसके नाटकों में खलनायक की भाषा मुख्यतः मागधी है। गणिका और विदूषक शौरसेनी बोलते हैं तथा गोभय की भाषा में अर्द्धमागधी की प्रवृत्तियां मिलती हैं। फिर महाकवि भास ने भी प्रायः प्राचीन शौरसेनी का प्रयोग अपने नाटकों में किया है।

---

१. पामीर तथा पंजाब के पश्चिमोत्तर प्रदेश की भाषाएं दरदवर्ग के अन्तर्गत आती हैं। यह क्षेत्र दरदिस्तान के नाम से भी जाना जाता है। कश्मीर, गिलगिट घाटी, आदि की भाषाएं इस वर्ग की भाषाएं हैं। दरदिस्तान क्षेत्र को पिशाच देश भी कहा गया है, इसी कारण दरदवर्ग की भाषाओं को पैशाची भी कहा जाता है।

इस प्रकार ई० ६०० से ई० सन् २०० तक की लम्बी अवधि में जिन प्राकृत भाषाओं का विकास हुआ उनका मुख्य रूप में प्रयोग बौद्ध एवं जैन आगम ग्रन्थों में, अभिलेखों में तथा अश्वघोष एवं भास के नाटकों में होता रहा। यही द्वितीय स्तर की प्रथमयुगीन प्राकृत के विकास का काल-क्षेत्र है।

इसके बाद द्वितीय स्तर की द्वितीययुगीन प्राकृत विकसित हुई। प्राकृत का प्रयोग साहित्य के सृजन के क्षेत्र में इतने व्यापक रूप में हुआ कि ई० सन् ६०० तक आते-आते प्राकृत साहित्यिक भाषा के रूप में विकसित हो गई। इसी कारण द्वितीय स्तर की द्वितीय युगीन प्राकृत को साहित्यिक प्राकृत के नाम से भी पुकारा जाता है।

अश्वघोष और भास ने अपने नाटकों में प्राकृत का प्रयोग कर बाद के आने वाले संस्कृत नाटककारों के लिये प्राकृत के प्रयोग का मार्ग प्रशस्त कर दिया। कालिदास, शूद्रक, भवभूति, विशाखदत्त आदि संस्कृत नाटककारों ने प्राकृत का प्रयोग व्यापक रूप से किया। इसके अतिरिक्त, प्राकृत में स्वतन्त्र रचनाएं भी हुईं। महाकाव्य, खण्डकाव्य, द्वयाश्रयकाव्य, चरितकाव्य, चम्पूकाव्य, सट्टक आदि रचे गये। साथ ही कथाएं, ज्योतिष ग्रन्थ, दर्शन-ग्रन्थ, भाष्य आदि की भी रचना हुई। इस सारे साहित्य का भाषा की दृष्टि से अवलोकन करने पर यह स्पष्ट होता है कि साहित्यकारों ने तीन प्रकार के प्राकृतों का ही प्रयोग किया है—जैन महाराष्ट्री, महाराष्ट्री तथा शौरसेनी।

जैन महाराष्ट्री जैन सूत्र ग्रन्थों के बाद के जैन ग्रन्थों की भाषा है जिसमें तीर्थंकर एवं मुनियों के चरित्र, स्तुति, कथाएं, दर्शन, ज्योतिष, भाष्य, चूर्णि आदि रचे गये। चूंकि व्याकरणों एवं लक्षण-ग्रन्थों में निर्दिष्ट महाराष्ट्री की प्रवृत्तियों से इन जैन ग्रन्थों की भाषा कुछ भिन्न है, इसी कारण इसे जैन महाराष्ट्री कहा गया। जैन महाराष्ट्री में अर्द्धमागधी के विकसित रूप तथा व्याकरणकारों द्वारा निर्दिष्ट महाराष्ट्री के लक्षण दोनों मिलते हैं। जैन महाराष्ट्री में रचित कुछ रचनाएं तो काफी प्राचीन हैं, यथा 'पयन्नाग्रन्थ' 'निर्युक्तियां', 'पउमचरिय', 'उपदेशमाला' इत्यादि। बाद में भी जैन महाराष्ट्री में रचनाएं हुईं। 'बृहत्‌कल्पभाष्य', 'व्यवहारसूत्रभाष्य', 'विशेषावश्यकभाष्य,' 'निशीथ-चूर्णि', 'समराइच्चकहा', 'सुपासनाहचरिय' आदि की भी भाषा जैन महाराष्ट्री है।

जैन महाराष्ट्री का ही विकसित रूप महाराष्ट्री है। व्यञ्जन-लोप की प्रवृत्ति महाराष्ट्री में अधिक है। इसलिए इसे स्वरबहुला भाषा भी कहा जाता है। स्वर के आधिक्य के कारण यह काव्य और गीति की भाषा बनी। प्रवरसेनकृत **'सेतुबन्ध'** तथा वाक्पतिराजकृत **'गउडवहो'** इस भाषा के दो उत्कृष्ट महाकाव्य हैं। गीति के क्षेत्र में महाराष्ट्री को साहित्यकारों ने काफी ऊंचा स्थान दिया। यही कारण है कि कालिदास के तथा कालिदासेतर नाटकों के पद्यभाग में महाराष्ट्री की प्रवृत्तियां मिलती हैं। हेमचन्द्रकृत **'कुमारपालचरित'** एक द्वयाश्रयकाव्य है जो इसी भाषा में रचा गया। कोहल ने भी **'लीलावई'** नामक महाकाव्य की रचना महाराष्ट्री प्राकृत में की। हाल की **'गाहासत्तसई'** भी महाराष्ट्री प्राकृत का ही एक उत्कृष्ट मुक्तककाव्य है।

शौरसेनी प्राचीन या जैन शौरसेनी का ही विकसित रूप है। शौरसेनी का प्रयोग नाटकों में अधिक हुआ। इस कारण इसे नाटकीय शौरसेनी भी कहा जाता है। नाटकों में शौरसेनी का प्रयोग मुख्यतः गद्यशैली में हुआ है। शौरसेनी की उत्कृष्टतम साहित्यिक कृतियों में राजशेखरकृत **'कर्पूरमंजरी'** नामक सट्टक भाषागत विशेषता की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है तथा साथ ही भाषा का काव्या-

त्मक शैली में जितना सुन्दर प्रयोग '**कर्पूरमंजरी**' में हुआ है उतना अन्यत्र देखने को नहीं मिलता।

इस प्रकार जैन महाराष्ट्री, महाराष्ट्री तथा शौरसेनी का ही मुख्यरूप में विकास द्वितीय स्तर की द्वितीययुगीन प्राकृतकाल में हुआ और ई० सन् की छठी शताब्दी तक तो ये पूर्णरूपेण साहित्यिक भाषा के पद पर आसीन हो गईं। संस्कृत की भाँति इनको भी व्याकरणों द्वारा व्याकरण के नियमों से अनुशासित किया गया। परिणाम यह हुआ कि प्राकृत लोकव्यवहृत कथ्य भाषा से काफी दूर चली गई। परन्तु भाषा के विकास के क्रम में यह सर्वथा देखा गया है कि जब कथ्य भाषा विकसित होकर शिष्टों की भाषा बन जाती है, तब नई कथ्य भाषा का उद्भव और विकास होता है। अतएव जब प्राकृत ने परिनिष्ठित साहित्यिक भाषा का रूप धारण कर लिया, तब अपभ्रंश का विकास कथ्य भाषा के रूप में हुआ।

ऐसे तो 'अपभ्रंश' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में किया है, परन्तु भाषा-विशेष के अर्थ में वहां इसका प्रयोग न होकर अपाणिनीय शब्दों के लिये हुआ है। भरत ने भी अपने 'नाट्यशास्त्र' में 'विभ्रष्ट' शब्द का प्रयोग तद्भव शब्दों के लिये किया है तथा उकारबहुला भाषा का विधान, जो अपभ्रंश की विशेष प्रकृति है, हिमवत्, सिन्धु और सौवीर देशों के लिये माना है।

'अपभ्रंश' शब्द का प्रयोग लक्षण-ग्रन्थकारों ने भ्रष्ट या विकृत के अर्थ में किया है। जो शब्दरूप भाषा के नियम से भ्रष्ट या विकृत हैं, वे ही अपभ्रंश माने गये हैं। यह सत्य है कि अपभ्रंश के उत्कर्ष के समय शब्द पाणिनि के व्याकरण से अनुशासित होते थे। पर वे शब्द जो अनुशासन से परे थे, अपाणिनीय समझे जाते थे और उन्हें अपभ्रंश की संज्ञा दे दी जाती थी। दण्डी तथा भर्तृहरि ने भी संस्कृतेतर संस्कारहीन शब्दों को अपभ्रंश कहा है। परन्तु कालान्तर में इसी अपभ्रंश ने भाषा का रूप धारण कर लिया और ई० सन् की छठी शताब्दी के बाद इसका विकास साहित्यिक भाषा के रूप में प्रारम्भ हो गया। ई० सन् की १२ वीं शताब्दी तक तो इसने अन्य प्राकृतों की भांति पूर्ण-रूपेण परिनिष्ठित साहित्यिक भाषा का स्थान ले लिया। इसकी परिपुष्टि आचार्य श्री हेमचन्द्र के 'प्राकृत शब्दानुशासन' में निर्दिष्ट अपभ्रंश के अनुशासन से हो जाती है। इस प्रकार द्वितीय स्तर की तृतीय युगीन प्राकृत का विकास अपभ्रंश के रूप में ई० सन् ६०० से ई० सन् १२०० के बीच होता है।

अपभ्रंश भाषा के विस्तार का अन्दाज़ उपलब्ध साहित्य से लगाया जा सकता है जिसका रचना-स्थान पश्चिमोत्तर भारत, राजस्थान, गुजरात, बुन्देलखण्ड, बंगाल तथा दक्षिण में धान्यखेट तक रहा। इसका साहित्य भण्डार इतना अधिक विशाल है कि अभी तक बहुत सारी रचनाएं तो अप्रकाशित ही हैं। इस भाषा में पुराण, कथाएं, चरितकाव्य, मुक्तककाव्य आदि रचे गये। यूं तो अपभ्रंश की प्रवृत्तियां कुछ स्थानों में 'विक्रमोर्वशी' तथा 'धर्माभ्युदय' नामक संस्कृत नाटकों में भी मिलती हैं, परन्तु इस भाषा में स्वतन्त्र रचनाएं ई० सन् की छठी शताब्दी के बाद ही रची गईं। 'हरिवंशपुराण', 'पउमचरिउ', 'भविसयत्त-कहा', 'महापुराण', 'जसधरचरिउ', 'नायकुमारचरिउ', 'सुवस्नचरिउ', 'करकंडचरिउ', 'विलासवईकहा', 'सन्देशरासक' आदि इस भाषा की प्रसिद्ध रचनाएं हैं। फिर 'दोहाकोश', 'योगसार' तथा 'परमात्मप्रकाश' जैसे मुक्तककाव्य भी अपभ्रंश में रचे गये।

इस प्रकार अपभ्रंश का भाषा-विस्तार तथा इसके विशाल साहित्य का अवलोकन करने पर

यह स्पष्ट होता है कि द्वितीय स्तर की तृतीययुगीन प्राकृत काल में अपभ्रंश का विकास व्यापक रूप से हुआ। यही मध्यभारतीय आर्यभाषा-काल की अन्तिम भाषा है, जिससे आधुनिक आर्य भाषाएं विकसित हुई।

**प्राकृत भाषा के व्याकरणशास्त्र और व्याकरणकार—**

जब साहित्य का सृजन तीव्र गति से होना प्रारम्भ हो जाता है और साहित्य भण्डार विशाल हो जाता है, तब भाषा की अक्षुण्णता को कायम रखने के लिए तथा भाषा के स्वरूप की रक्षा हेतु व्याकरणशास्त्र का निर्माण होता है। यह स्पष्ट है कि प्राकृत के लोकभाषा के रूप में व्यवहृत होने के समय इस भाषा का कोई व्याकरण नहीं था, परन्तु ज्यों-ज्यों प्राकृत भाषाओं में साहित्य की रचना प्रारंभ हुई और साहित्य का भण्डार विस्तृत हुआ, त्यों-त्यों व्याकरण की आवश्यकता महसूस होने लगी और प्राकृत भाषाओं के व्याकरणशास्त्रों की रचना प्रारंभ हुई। आज जो भी प्राकृत भाषाओं के स्वरूप व्यवस्था सम्बन्धी अनुशासन उपलब्ध हैं, वे सभी संस्कृत भाषा में रचित हैं। यद्यपि जैन अर्द्धमागधी आगम साहित्य में, शब्दों के स्वरूप व्यवस्था सम्बन्धी अनुशासन की चर्चा कई स्थलों पर है जिससे स्पष्ट रूप में यह संभावना की जा सकती है कि प्राकृत भाषाओं का व्याकरण प्राकृत में अवश्य रहा होगा, परन्तु दुर्भाग्यवश आज उपलब्ध नहीं है।

प्राकृत व्याकरणों में, जिन्होंने नियोजित रूप में प्राकृत के शब्दों का अनुशासन दिया है, सर्वप्रथम नाम चण्ड का आता है। यों तो चण्ड के पूर्व भरत ने भी अपने 'नाट्यशास्त्र' में प्राकृत शब्द रचना के कुछ सिद्धान्तों का निरूपण किया है, परन्तु वे इतनी अस्पष्टता लिये हुए हैं कि व्याकरण की दृष्टि से वे अधिक बोधगम्य नहीं हैं। चण्डकृत 'प्राकृतलक्षण', यद्यपि एक संक्षिप्त व्याकरण है जिसमें कुल सूत्रों की संख्या करीब एक सौ के आसपास है, जो चार पादों में विभक्त है, फिर भी प्राकृत व्याकरणशास्त्रों की सूची में प्रमुख स्थान रखता है। विशेषतः इस दृष्टि से कि चण्ड के बाद के वैयाकरणों ने इसी का अनुकरण कर व्याकरणशास्त्रों की रचना की।

चण्ड के बाद वररुचि ने 'प्राकृतप्रकाश' नामक व्याकरण की रचना की। यह ग्रन्थ कुल बारह परिच्छेदों में विभक्त है। प्रथम नौ परिच्छेदों में महाराष्ट्री प्राकृत के शब्दों के स्वरूपविधान की चर्चा है। दसवें, ग्यारहवें तथा बाहरवें परिच्छेदों में क्रमशः पैशाची, मागधी तथा शौरसैनी प्राकृत शब्दों के लक्षणों का निरूपण किया गया है। 'प्राकृतप्रकाश' पर भामह, कात्यायन, वसन्तराज तथा सदानन्द ने टीकाएं भी लिखी हैं।

वररुचि के बाद आचार्य श्री हेमचन्द्र ने 'सिद्धहैमशब्दानुशासन' नामक व्याकरण की रचना की। प्राकृत वैयाकरणों में हेमचन्द्र अग्रगण्य माने जाते हैं। उनका 'सिद्धहैमशब्दानुशासन' प्रथम सात अध्यायों में संस्कृत शब्दानुशासन पर प्रकाश डालता है। सिर्फ आठवां अध्याय जो प्राकृत भाषाओं के अनुशासन से ही सम्बन्ध रखता है और जो 'प्राकृत व्याकरण' के नाम से भी जाना जाता है, प्राकृत तथा अपभ्रंश भाषाओं के विशेषतः ध्वनिग्राम सम्बन्धी परिवर्तनों का व्यवस्थित ढंग से नियमांकन करता है। मूलतः तद्भव शब्दों का अनुशासन ही इस अध्याय का उद्देश्य है। इस अध्याय में कुल चार पाद हैं। प्रथम पाद में सन्धि, व्यञ्जनान्त शब्द, लिङ्ग, विसर्ग, अनुस्वार तथा स्वर और व्यञ्जन-व्यत्यय की चर्चा है। दूसरे पाद में ध्वनिग्राम सम्बन्धी परिवर्तन, तद्धित, निपात तथा अव्ययों का विवेचन है। तीसरे पाद में कारक, विभक्ति तथा क्रिया आदि के नियमों का निर्देश

हैं। चौथे पाद में विस्तार रूप से धात्वादेश की चर्चा है तथा अन्त में शौरसैनी, मागधी, चूलिका, पैशाची और अपभ्रंश के मूल लक्षणों का निर्देश है। चारों पादों की वृत्ति स्वयं हेमचन्द्र ने की है।

यद्यपि आचार्य हेमचन्द्र ने प्रारम्भ में ही यह घोषणा की है कि वे चण्डकृत 'प्राकृतलक्षण' तथा वररुचिकृत 'प्राकृतप्रकाश' के ऋणी हैं, फिर भी उनकी कृति सभी उपलब्ध प्राकृत व्याकरणों से अधिक विस्तृत और सुनियोजित है। विशेषकर उनकी वृत्ति में प्रस्तुत उदाहरण उनके उद्देश्य को सुस्पष्ट और बोधगम्य बना देते हैं। अपभ्रंश के दोहों का उदाहरण देकर तो उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि अपभ्रंश कितना समुन्नत था और उसका साहित्य कितना विशाल था। इस प्रकार आचार्य हेमचन्द्र का 'प्राकृतव्याकरण' उपलब्ध सभी प्राकृत व्याकरणों से व्यवस्थित और विस्तृत है। इसी कारण अन्य प्राकृत व्याकरणों से इसका महत्त्व अधिक है।

आचार्य हेमचन्द्र ने अपनी इस कृति को पाटण-नरेश सिद्धराज जयसिंह को समर्पित किया था। इस हेतु इस ग्रन्थ का नामकरण **'सिद्ध-हैमशब्दानुशासन'** किया गया है। कहा जाता है कि महाराजा सिद्धराज जयसिंह आचार्य हेमचन्द्र के पाण्डित्य से इतने प्रभावित थे कि उन्होंने आचार्य हेमचन्द्र को काफी सम्मान दिया था। बात भी स्पष्ट है। ऐसी कौन सी विद्या नहीं है, व्याकरण, अलंकार, छन्द, कोश, न्याय, योग या चरितकाव्य, जिस पर आचार्य हेमचन्द्र की लेखनी न चली हो।

आचार्य हेमचन्द्र के पश्चात् त्रिविक्रमदेव ने 'प्रकृतशब्दानुशासन' नामक व्याकरण की रचना की। यह ग्रन्थ बारह पाठों में विभक्त है। मूल रूप में त्रिविक्रमदेव ने हेमचन्द्र के ही सूत्रों की अनुकृति की है। परन्तु देशी तथा अनेकार्थक शब्दों की चर्चा कर त्रिविक्रमदेव ने एक महत्त्वपूर्ण कार्य किया है। लक्ष्मीधर तथा सिंहराज ने त्रिविक्रमदेव के ही सूत्रों को अपने-अपने ढंग से संकलन-कर 'षड्भाषाचन्द्रिका' तथा 'प्रकृतरूपावतार' नामक व्याकरण ग्रन्थों की रचना की, लक्ष्मीधरकृत 'षड्भाषाचन्द्रिका' एक प्रकार से हेमचन्द्र के 'प्राकृतव्याकरण' की वृत्ति ही है।

बाद के प्राकृत व्याकरणों में मार्कंडेयकृत 'प्राकृतसर्वस्व' एक विशिष्ट और महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। इस ग्रन्थ में कुल बीस पाद हैं जो भाषा, विभाषा, अपभ्रंश और पैशाची, चार वर्गों में प्राकृत भाषाओं का वर्गीकरण कर शब्दों की प्रवृत्तियों का अनुशासन प्रस्तुत करते हैं। मार्कण्डेय के अनुसार महाराष्ट्री, शौरसेनी, प्राच्या, अवन्ती तथा मागधी भाषा के अन्तर्गत आती हैं। शकारी, चाण्डाली, शबरी, आभीरी तथा ढक्की विभाषा के भेद हैं। अपभ्रंश के तीन भेद हैं—नागर, ब्रचड और उपनागर तथा पैशाची के कैकेयी, शौरसेनी और पंचाली। इस प्रकार का वर्गीकरण मार्कण्डेय का मौलिक है।

शुभचन्द्र, श्रुतसागर, अप्पयदीक्षित, रामतर्कवागीश, रघुनाथ कवि तथा देवसुन्दर ने भी क्रमशः 'शब्दचिन्तामणि', औदार्य्यचिन्तामणि, 'प्राकृत-मणिदीप', 'प्राकृतकल्पतरु' 'प्राकृतानन्द' तथा 'प्राकृतयुक्ति' नामक प्राकृत व्याकरणशास्त्रों की रचना की। इस प्रकार प्राकृत शब्दों के अनुशासन को योजनाबद्ध ढंग से उपस्थित करने का कार्य एक लम्बे अरसे तक विद्वानों ने किया। इससे स्पष्ट होता है कि भाषा की दृष्टि से भारतीय वाङ्मय के इतिहास में प्राकृत का कितना महत्त्व है ?

प्रस्तुत ग्रन्थ आचार्य हेमचन्द्र द्वारा रचित **'सिद्ध-हैमशब्दानुशासन'** के आठवें अध्याय, 'प्राकृतव्याकरण' का विस्तृत व्याख्या-सहित प्रकाशन है। जैनभूषण परम पूज्य श्रद्धेय श्री ज्ञान मुनि जी महाराज ने बड़े ही सुन्दर ढंग से विस्तार-पूर्वक संस्कृत तथा हिन्दी में व्याख्या प्रस्तुत की है। दो

खण्डों में प्राकृत व्याकरण की सविस्तार व्याख्या कर श्रद्धेय श्री ज्ञान मुनि जी महाराज ने प्राकृत भाषा के जिज्ञासुओं के लिये मार्ग-प्रदर्शन का कार्य किया है। विशेषतः प्राकृत भाषा के शोधकर्ताओं के लिए प्रस्तुत पुस्तक बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगी। श्रद्धेय श्री ज्ञान मुनि जी महाराज संस्कृत और प्राकृत भाषाओं के ज्ञानसागर हैं। परम श्रद्धेय विद्वान, मनीषी, जैनधर्मदिवाकर, साहित्यरत्न, जैनागमरत्नाकर स्व० **आचार्य-सम्राट् पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज** के सुयोग्य विद्वान शिष्य होने की सार्थकता इनकी इस कृति से सिद्ध हो जाती है। अस्वस्थ होते हुए भी अथक परिश्रम कर इसके प्रूफ संशोधन का कार्य भी स्वयं इन्होंने ही किया। ग्रन्थ के प्रकाशन में इनके विद्वान शिष्य मुनि श्री शिव कुमार जी एम० ए० का गुरु-सेवाभाव से योगदान भी सराहनीय है।

भगवान महावीर के २५ वीं निर्वाण शताब्दी के पुण्य अवसर पर इसका समयानुकूल प्रकाशन विद्वानों के लिये प्रेरणा है।

धर्म अध्ययनविभाग
पंजाबी विश्वविद्यालय
**पटियाला**
18-10-1974

डा० एल० एम० जोशी
डा० अतुल नाथ सिन्हा

# अपनी बात

## प्राकृत-व्याकरण के पठन की लालसा

लगभग २७ वर्षों की पुरानी बात है, संयमसाधना के अमर साधक, चारित्रचूड़ामणि, प्राकृत-भाषा के अद्वितीय विद्वान्, जैन-धर्म-दिवाकर, आचार्य-सम्राट् गुरुदेव पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज लुधियाना के जैन स्थानक में विराजमान थे। उन दिनों मैं [इन पंक्तियों का लेखक] संस्कृत-व्याकरण सिद्धान्त-कौमुदी पढ़ रहा था। जैनागम प्राकृत भाषा में हैं, अतः प्राकृत भाषा का परिज्ञान प्राप्त करने के लिये संस्कृत भाषा के साथ-साथ प्राकृत व्याकरण भी पढ़ना चाह रहा था। एतदर्थ एक दिन पूज्य गुरुचरणों में निवेदन किया, उन दिनों पूज्य गुरुदेव श्री स्थानाङ्ग सूत्र का भाषानुवाद कर रहे थे, तथा पञ्चनदीय आचार्य-पद पर प्रतिष्ठित होने के कारण श्रमणसंघीय दायित्व को निभाने में अत्यधिक व्यस्त रहते थे, परिणामस्वरूप समयाभाव के कारण पूज्य गुरुदेव प्राकृत-व्याकरण का अध्यापन करने की स्थिति में नहीं थे। इसके अतिरिक्त, उस समय ऐसा कोई विद्वान् भी नहीं था, जो प्राकृत-व्याकरण का अध्यापन करा सके। प्राकृत-भाषा विशेषरूपेण जैनागमों तक ही सीमित है, फिर प्राकृत-व्याकरण का व्याख्या-प्रधान साहित्य भी उपलब्ध नहीं था, तथा संस्कृत-भाषा की तरह इसका क्षेत्र भी व्यापक नहीं था, यही कारण था कि उस समय प्राकृत-व्याकरण का पठन-पाठन न होने जैसा ही था।

## पण्डित श्री हेम चन्द्र जी महाराज

जैनधर्मदिवाकर आचार्यसम्राट् परमश्रद्धेय पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज के सुशिष्य, संस्कृत-प्राकृतविशारद श्रद्धेय पण्डित श्री हेम चन्द्र जी महाराज संस्कृत और प्राकृत भाषा के एक सुलझे हुए विद्वान् विचारक मुनिराज हैं। विशेषरूपेण अध्यापन की कला में ये बड़े निष्णात हैं। मैंने स्वयं अपनी अनुभव की आंखों से देखा है कि प्रतिपाद्य विषय जब तक विद्यार्थी को हृदयङ्गम न हो जाए तब तक ये उसे पढ़ाते एवं समझाते ही रहते हैं। उकताने या अकुलाने का कोई काम नहीं। मुझ पर भी इन्हीं पण्डित श्री जी महाराज ने दयादृष्टि की है। इन्हीं के चरणों में बैठकर मैंने प्राकृत व्याकरण का अध्ययन किया है।

## प्राकृत-व्याकरण

वैदिक परम्परा के मान्य पाणिनि ऋषि ने जैसे अष्टाध्यायी लिखी है और उसके अष्टमाध्याय में वैदिक संस्कृत की प्रक्रिया उपन्यस्त की है। वैसे ही कलिकालसर्वज्ञ आदरास्पद आचार्य श्री हेम चन्द्र जी ने आठ अध्यायों में हैमशब्दानुशासन नामक एक व्याकरण लिखा है और उसके आठवें अध्याय में प्राकृत भाषा के नियमोपनियमों का उल्लेख किया है। साहित्यजगत में आज वही अष्टमाध्याय प्राकृतव्याकरण के नाम से प्रख्याति पा रहा है। प्राकृतभाषा के अन्य अनेकों व्याकरण भी हैं, परन्तु मेरी दृष्टि में आचार्यप्रवर श्री हेम चन्द्र द्वारा विनिर्मित प्राकृत-व्याकरण जितना सुन्दर, व्यवस्थित, परिमार्जित और प्रामाणिक व्याकरण है, उतना कोई अन्य व्याकरण नहीं।

## टीका की आवश्यकता

जिन दिनों मैं प्राकृत-व्याकरण को पढ़ रहा था उन दिनों प्राकृत-व्याकरण का विवेचन करने

वाली हिन्दी या संस्कृत भाषा में कोई विशिष्ट पुस्तक उपलब्ध नहीं हो रही थी। यह सब जानते हैं कि बिना सामग्री के विद्यार्थियों को पढ़ना कठिन हो जाता है, इसी लिये प्राकृत-व्याकरण की व्याख्याप्रधान सामग्री के न होने से ही विद्वान् लोग प्राकृत-भाषा के अध्ययन और अध्यापन से सदा सकुचाते रहे हैं। संस्कृत-व्याकरण पर जितना व्याख्यापरक साहित्य लिखा गया है यदि उतना साहित्य प्राकृतव्याकरण पर भी लिखा हुआ होता तो आज प्राकृत-भाषा की कुछ और ही स्थिति होती, इसका संस्कृत भाषा से भी अधिक प्रचार एवं प्रसार होता।

प्राकृत-व्याकरण की सहायक सामग्री का यह अभाव प्राकृत भाषा के सभी प्रेमियों को बहुत अखर रहा था। हमारे महामान्य आचार्य-सम्राट् गुरुदेव पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज तो इस अभाव को बहुत ही अधिक गम्भीरता से अनुभव कर रहे थे। इन्होंने इस अभाव को दूर करने के लिये प्राकृत बालबोध और प्राकृत बालमनोरमा ये दो पुस्तकें भी लिखी थीं। जब मैं प्राकृत-व्याकरण पढ़ रहा था तब पूज्य गुरुदेव कभी-कभी मुझे फरमाया करते थे कि ज्ञानमुनि ! जितना तुम पढ़ते हो, यदि उतने का प्रक्रियानुवाद साथ की साथ लिख लिया करो तो संभव है तुम्हारा यह प्रयास प्राकृत-व्याकरण की सहायक-सामग्री के अभाव को दूर कर दे। यह सत्य है कि प्रक्रियानुवाद लिखने का मुझ में किंचित् भी सामर्थ्य या उत्साह नहीं था किन्तु गुरुमहाराज की आज्ञा को प्रभु आज्ञा मान कर मैंने प्रक्रियानुवाद लिखना आरम्भ कर दिया। श्रद्धेय पण्डित श्री हेम चन्द्र जी महाराज से प्राकृत-व्याकरण के जितने सूत्र मैं पढ़ता उतने सूत्रों का प्रक्रियानुवाद हर रोज़ ही लिख लेता, मेरा सदा यही प्रयत्न रहता था कि पठित सूत्रों के सभी शब्दों का प्रक्रियानुवाद लिख लिया जाए, एक भी शब्द न छोड़ा जाए। पूज्य गुरुदेव की कुछ ऐसी विलक्षण कृपादृष्टि चल रही थी कि लेखन-कार्य में मेरा मन कभी उदासीन नहीं हुआ, प्रत्युत प्रक्रियानुवाद लिखने का यह कार्य प्रतिदिन अविराम गति से पूर्ण तन्मयता के साथ चलता रहा। मुझे अच्छी तरह स्मरण है कि प्रतिदिन आठ-आठ घण्टे लगातार लेखन-कार्य चलता था। गुरु महाराज का प्रताप ही मानता हूं कि लिखने का यह क्रम बिना किसी बिघ्न-बाधा के सानन्द और सोत्साह सम्पन्न होता रहा। गुरुकृपा से **"श्रेयांसि बहुविघ्नानि"** का मुझ पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। लगभग एक वर्ष में यह लेखन-कार्य समाप्त हो गया। तदनन्तर समय-समय पर लिखित सामग्री का संशोधन तथा परिमार्जन होता रहा। अन्त में, इसे एक व्यवस्थित रूप दे दिया गया। वही व्यवस्थित रूप आज बालमनोरमा टीका के रूप में पाठक महानुभावों के सम्मुख प्रस्तुत है। जब इसकी प्रैस कापी बनाई गई तो इस टीका को ६५ कापियों में लिखा गया। बालमनोरमा टीका का इतना बड़ा शरीर देखकर मैं स्वयं चकित रह गया। इस टीका में मूलसूत्र-स्थित सभी प्राकृत शब्दों की शब्दसाधना, इनकी रूपप्रक्रिया दे दी गई है, तथा प्राकृत-व्याकरण के जितने भी चिन्तनीय, विचारणीय और कठिन स्थान हैं, उन सबकी सरल और सुबोध संस्कृत भाषा में विवेचना भी कर दी गई है। इस तरह प्रत्येक दृष्टि से बालमनोरमा टीका द्वारा प्राकृत व्याकरण को सुगम बनाने का प्रयत्न किया गया है।

बालमनोरमा टीका की रचना किए लगभग २५-२६ वर्ष हो गए हैं ! इतने लम्बे काल में इस टीका का अनेक विद्वानों तथा विचारकों ने निरीक्षण किया, जहां पर जिस ने आवश्यक समझा वहां पर उसने परिमार्जन और संशोधन भी किया ! प्राकृत-व्याकरण के विद्यार्थियों ने भी इस की पाण्डु-लिपि का अनेकों बार उपयोग किया ! जिस किसी ने भी इस टीका को देखा जहाँ उसने इस

सत्प्रयास की प्रशंसा की, वहां उसने इसे प्रकाशित कराने का विशेषरूपेण परामर्श भी दिया। मेरे परम आराध्य, श्रद्धा के केन्द्र, वन्दनीय पूज्यपाद गुरुदेव आचार्यसम्राट् पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज की तो बड़ी ही उत्कट भावना थी कि इस टीका को जनता में अधिकाधिक प्रचारित एवं प्रसारित किया जाए! परन्तु समय की बात समझिए कि उस समय द्रव्य, क्षेत्र, काल और भाव की अनुकूलता न होने से बालमनोरमा टीका को प्रकाशित करने का संकल्प मूर्त्तरूप नहीं ले सका।

## हिन्दी टीका

वि० सं० २०१८ में जैन-धर्म-दिवाकर, आचार्य-सम्राट् गुरुदेव पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज स्वर्गवासी हो गए, तदनन्तर यत्र तत्र परिभ्रमण करते हुए एक बार हम लोग अम्बाला शहर (हरियाणा) के महावीर जैनभवन में ठहरे हुए थे, एक दिन मुनिदर्शनार्थ पण्डित श्री कृष्णचन्द्र जी आचार्य अम्बाला शहर आए। आचार्य जी जैन दर्शन के गम्भीर विद्वान और विचारक व्यक्ति हैं, वाराणसी से प्रकाशित होने वाले मासिक पत्र "**श्रमण**" के ये वर्षों सम्पादक भी रहे हैं। पञ्चनदीय स्थानकवासी जैन समाज की प्रसिद्ध संस्था **श्री जिनेन्द्र गुरुकुल पञ्चकूला** आचार्य जी के दूरदर्शी मस्तिष्क की ही सूझ बूझ का सत्परिणाम है। आचार्य जी जब अम्बाला शहर मिले तब इन्होंने प्राकृत व्याकरण की बालमनोरमा नामक संस्कृत-टीका देखी। प्राकृतव्याकरण का इतना विशाल विवेचन देख कर हर्षातिरेक अभिव्यक्त करते हुए इन्होंने एक सुझाव दिया कि हिन्दी भारत की राष्ट्र भाषा है। दिनों दिन यह उन्नति और प्रगति के महामन्दिर की ओर बढ़ रही है, अतः प्राकृत-भाषा का हिन्दी भाषा में अनुवाद अवश्य होना चाहिए। आचार्य जी का यह सुझाव मुझे भी सामयिक और प्राकृतभाषा-प्रसारक लगा। परिणाम-स्वरूप इन के स्वर में अपना स्वर मिलाते हुए मैंने प्राकृत-व्याकरण का हिन्दी-भाषानुवाद करने का इनको विश्वास दिलाया! पाठकों के सामने प्राकृत-व्याकरण का जो यह हिन्दी-भाषानुवाद प्रस्तुत कर रहा हूं, यह सब उसी विश्वास का साकार रूप है।

## आभार-प्रदर्शन

प्राकृत व्याकरण की संस्कृत-टीका तथा हिन्दी-टीका लिखने का मूलरूप से सर्वाधिक श्रेय तो मेरे हृदयसम्राट् आचार्यसम्राट् गुरुदेव पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज को ही है। इन्हीं की दयादृष्टि से यह साहित्यकार्य निर्विघ्नता-पूर्वक सम्पूर्ण हो सका है। अतः सर्वप्रथम मैं पूज्य गुरु-चरणों का हृदय से आभारी हूं। श्रद्धेय पण्डित श्री हेम चन्द्र जी म० का भी आभारी हूं जिनके कृपाभाव से मैंने प्रकृतव्याकरण का ज्ञान प्राप्त किया और समय-समय पर सहयोग देकर जिन्होंने बालमनोरमा संस्कृत टीका की भाषा को अधिकाधिक सरल एवं सुबोध बनाने का अनुग्रह किया। आदरणीय पण्डित श्री झण्डूलाल जी शास्त्री ने बाल-मनोरमा संस्कृत-व्याख्या की प्रैसकापी बनाने का कष्ट किया है। पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के डाक्टर एल० एम० जोशी (रीडर इन बुद्धिज्म) तथा डाक्टर ए० एन० सिन्हा (लैकचरार इन जैनिजम) ने अत्यधिक व्यस्त रहने पर भी प्रस्तावना लिखने की उदारता की है। एतदर्थ मैं इन का भी हृदय से धन्यवादी हूं। डाक्टर जोशी जी पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला के एक मनोनीत प्रोफैसर हैं। अपने पाठ्य विषय के ये मार्मिक विद्वान हैं, तथापि इन के जीवन में अस्मिता का चिन्ह भी नहीं है, इन के जीवन-भवन में विनम्र, समुधुर और सन्तहृदय

व्यक्तित्व की पावन ज्योति सदा जगमगाती हुई दृष्टिगोचर होती है। आजकल ये हमारे प्रिय सुशिष्य श्री शिवमुनि जी M.A. (Philosophy And English) को जैन फिलौसफी पर Ph.D. करा रहे हैं। इन्होंने व्यस्तता के क्षणों में भी भूमिका-लेखन का जो औदार्य्य दिखलाया है, उसे कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता। उन मुनिराजों, विद्वानों, तथा साथी सन्तों एवं श्रद्धालु भक्त जनों का भी धन्यवादी हूं जो यथा-समय संस्कृत-हिन्दी-टीका-द्वय के सम्पादन में मुझे सहयोग देते रहे हैं।

प्राकृत व्याकरण के प्रकाशन की सब व्यवस्था हमारे प्रिय श्रावक मान्य सेठ सुखदेव राज जी जैन मोहरों वाले अम्बाला शहर ने की है। सेठ सुखदेव राज का श्रद्धापूर्ण सहयोग ही ग्रन्थ को साकार रूप दे सका है। प्रकाशन अम्बाला शहर में हो रहा था, परिस्थितिवश एक बार हमें अम्बाला शहर से विहार करना पड़ा, परन्तु श्री कीमती लाल जी जैन अम्बाला शहर से बाहिर प्रतिदिन प्रूफ लाते, दिखाकर वापिस ले जाते, इस तरह इन्होंने जो गुरु-भक्ति प्रदर्शित की है। वह भी कभी विस्मृत नहीं की जा सकती। ग्रन्थ के जीवन में यह सब सहयोग सदा अभिवन्दनीय एवं अभिनन्दनीय रहेगा।

प्राकृतव्याकरण के प्रकाशन के निमित्त अर्थ-व्यवस्था में जिन दानी सज्जनों एवं उदार बहिनों ने सहयोग दिया है, उनका धन्यवाद करना आवश्यक नहीं, अत्यावश्यक मानता हूं। वृक्ष के विशाल शरीर में जो महत्त्व मूल का होता है, ग्रन्थ के प्रकाशन में वही महत्त्व दानी सज्जनों के औदार्य्य का माना गया है। प्राकृत-व्याकरण के प्रकाशन-रूप महावृक्ष का मूल दानी महानुभावों का औदार्य्य ही है। प्रकाशन-संस्थान की ओर से उन दाताओं का नामनिर्देश-पूर्वक धन्यवाद इस ग्रन्थ में अन्यत्र किया जा रहा है, किन्तु मैं भी दानी सत्पुरुषों एवं बहिनों की गुरुभक्ति, श्रुत-सेवा तथा उदारता का हृदय से धन्यवादी हूं। शासनेश प्रभु महावीर का स्मरण करके इन की श्रुत-सेवा की भावना दिन प्रतिदिन सम्वर्द्धित हो, यह हार्दिक कामना करता हूँ।

## विनीत अभ्यर्थना

मनीषी पाठक जानते ही हैं कि प्राकृत-व्याकरण जैसे क्लिष्ट ग्रन्थ का भाषानुवाद करना साधारण कार्य नहीं है, इसके लिए बहुत बड़ी योग्यता, विद्वत्ता तथा अनुभवशीलता की आवश्यकता होती है। मेरे जैसे साधारण व्यक्ति के वश का यह कार्य नहीं था, तथापि जो कुछ लिखा गया है, यह सब मेरे परमाराध्य पूज्य गुरुदेव के पावन चरणों का अनुग्रह ही मानता हूँ।

यह सत्य है कि संस्कृत-हिन्दी-टीका-द्वय को भाव, भाषा और शैली की दृष्टि से सुन्दर बनाने का पूर्ण प्रयास रहा है, तथापि "**गच्छतः स्खलनं क्वापि**" के अनुसार स्खलना का हो जाना अस्वाभाविक नहीं है। अतः पाठकों तथा विद्यार्थियों से सप्रेम एवं सानुरोध निवेदन करूँगा कि जहाँ पर जो स्खलना दृष्टिगोचर हो, उसका सुधार कर लें, तथा उसकी सूचना मुझे देने का कष्ट करें ताकि अग्रिम संस्करण में उसका सुधार कर दिया जाये। धन्यवाद।

जैनस्थानक राहों।
20-7-1974

प्रार्थी—
**ज्ञानमुनि**

## प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता

## जैन-भूषण श्रद्धेय श्री ज्ञान मुनि जी महाराज

### [जीवन और साधना की एक संक्षिप्त झांकी]

(ले० श्री शिव मुनि जी महाराज, डबल M. A. प्रभाकर)

परम श्रद्धेय, जैन-भूषण, पंजाब-केसरी, पूज्य गुरुदेव श्री ज्ञान मुनि जी महाराज विक्रम सम्वत् १९७९ वैशाख शुक्ला तृतीया के शुभ दिन साहोकी (जिला बरनाला, पंजाब) नामक ग्राम में बांसल गोत्रीय ला० गोखाराम जी अग्रवाल जैन की धर्मपत्नी माता मन्सादेवी जी की पवित्र कुक्षि से पैदा हुए, उस समय आपका नाम आत्माराम था। महाराज श्री जी आठ वर्ष के थे, ला० गोखाराम ने साहोकी गाँव छोड़कर लुधियाना में रहना आरम्भ कर दिया, लुधियाना में महामुनि स्थविर-पद-विभूषित, त्याग वैराग्य के समुज्ज्वल प्रतीक, परम श्रद्धेय श्री स्वामी शालिग्राम जी महाराज विराजमान थे। ये लालाजी के खानदान में से ताया लगते थे। अतः लालाजी परिवार-सहित पूज्य महाराज श्री के चरणों में प्रतिदिन आया-जाया करते थे, परिणामस्वरूप सर्वप्रथम श्रद्धास्पद श्री ज्ञानमुनि जी महाराज को इन्हीं वन्दनीय पूज्यपाद जी स्वामी शालिग्राम जी महाराज के सम्पर्क तथा मङ्गलमय मार्गदर्शन का सौभाग्य सम्प्राप्त हुआ था, इन्हींके चरणों में बैठकर इन्होंने जैन-धर्म के विधि-विधान को समझा और सम्यक्त्व को ग्रहण किया।

**साधना के महापथ पर—**

वि० सं० १९९३ के वैशाख शुक्ला त्रयोदशी के पावन दिवस अर्थात् चौदह वर्ष दस दिनों की आयु में आप रावलपिण्डी (पाकिस्तान) में प्रातःस्मरणीय, जैन-धर्म-दिवाकर, मङ्गलमूर्ति आचार्य-सम्राट् परम श्रद्धेय पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज के परिपूत चरणों में दीक्षित होकर जैन साधु बने। साधु बन जाने के अनन्तर आपने संस्कृत और प्राकृत आदि अनेकविध भाषाओं का अध्ययन किया। अनेकों पुस्तकें लिखीं, श्री **विपाक सूत्र** आदि कई एक जैनागमों का हिन्दी में सरस और सुन्दर अनुवाद तथा सम्पादन किया। **"प्रश्नों के उत्तर" "भगवान् महावीर के ५ सिद्धान्त" "श्रमण संस्कृति के प्रतीक, ऋषिवर आनन्द"** आदि २० के लगभग स्वतन्त्र पुस्तकों का निर्माण किया। जहां आप साहित्य-क्षेत्र में प्रगतिशील रहे हैं। वहां आप सामाजिक क्षेत्र में भी बड़े प्रयत्नशील रहे हैं। फिल्लौर और बहराम आदि अनेकों नए क्षेत्र खोले और वहां पर जैन-धर्म का पावन ध्वज लहराया, वहां पर बने विशाल जैन स्थानक वहां की जन-जागृति के समुज्ज्वल प्रतीक हैं।

**राहों के श्रद्धा-केन्द्र—**

श्रद्धा के केन्द्र, परिपूत-चरण, आचार्य-सम्राट् पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज की जन्म-भूमि राहों जैसे पिछड़े नगर में पूज्य श्री की पुण्य-स्मृति में **"आचार्य श्री आत्माराम जैन फ्री डिस्पेंसरी"** को चालू करना और इसके लिये स्थायी सम्पत्ति एकत्रित करने के लिये समाज को आदर्श प्रेरणा प्रदान करके उस को अपने पांव पर खड़ा कर देना, वहीं पर **"आचार्य श्री आत्माराम जैन सिलाई स्कूल"** जैसी शिक्षण संस्था की स्थापना करना तथा **"आचार्य श्री आत्माराम जैन सेवा-सदन"** का निर्माण करके समाज के असहाय छात्रों, विधवाओं तथा अभाव-ग्रस्त लोगों को सहायता देने की

योजना बनाना **श्रद्धेय श्री ज्ञानमुनि जी महाराज** की ही अपनी विशेषता है, जिसके लिये समाज इनका सदा कृतज्ञ रहेगा। राहों-निवासियों के हृदयों में तो महाराज श्री जी के लिये ऐसी आस्था, निष्ठा और प्रेम है कि जिसे लेखनी अक्षरों की सीमित रेखाओं से अभिव्यक्त नहीं कर सकती। अभी-अभी ४ फरवरी १९७३ को आचार्य-सम्राट् पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज के पुण्यतिथि-महोत्सव पर राहों की जैनेतर जनता ने, एस० एस० जैन सभा तथा आचार्य श्री आत्माराम जैन फ्री डिस्पैंसरी कमेटी ने महाराज श्री की अविस्मरणीय सेवाओं और उपकारों पर अपनी कृतज्ञता प्रकट करने के लिये अत्यन्त श्रद्धा, भक्ति के साथ एक प्रस्ताव पारित करके श्रद्धेय **गुरुदेव श्री ज्ञानमुनि जी महाराज** को—**"पंजाब केसरी"**,**"जैन-भूषण"** और **"व्याख्यान-दिवाकर"** की महान् उपाधियों से अलंकृत करके इनकी समाज-सेवाओं को सम्मानित करने का बुद्धिशुद्ध प्रयास किया है।

**पंजाब केसरी—**

केसरी सिंह का नाम है। सिंह सदा निर्भीक और निर्भय रहता है। डर, खौफ, भय और भीति को कभी निकट नहीं आने देता। सिंहत्व और भीति कभी एक आसन पर नहीं बैठ सकते। दिन और रात का जैसे मेल नहीं, वैसे सिंहत्व और डर में कभी मेल नहीं हो सकता। हमारे श्रद्धेय **गुरुदेव श्री ज्ञान मुनि जी महाराज** सचमुच पंजाब-केसरी हैं। ये केसरी की भांति सदा निर्भीक रहते हैं। साहस, दृढ़ता, स्थिरता और धीरता को कभी हाथ से जाने नहीं देते, जिस किसी धर्म-कार्य को अपने हाथ में लेते हैं, उसे पूर्णता के वस्त्र पहना कर ही छोड़ते हैं। कार्य को अधूरा छोड़ना इनका स्वभाव ही नहीं है। मनचले और द्वेषी लोगों की छींटाकसी या विरोधपूर्ण कहानियों से ये कभी डांवाडोल नहीं होते। जिस रास्ते पर चलते हैं, शेर की तरह दृढ़ता से चलते हैं। मुसीबतों की आंधियों से परेशान होना इन्होंने कभी सीखा ही नहीं है। शेर के समान निर्भीक होकर आप जिधर भी जाते हैं, शेर बनकर सफलता प्राप्त करते हैं।

**जैन-भूषण—**

जैन 'जिन' शब्द से बना है, जिसका अर्थ है—राग द्वेष का विजेता महापुरुष। जो व्यक्ति जिन को अपना भगवान् या इष्ट मानता है या जिन भगवान् का कहा हुआ जो धर्म है उसे जैन कहते हैं। भूषण वैसे ज़ेवर का नाम है, परन्तु प्रस्तुत में यह शोभावर्धक समझना चाहिये। जैन-धर्म की शोभा को बढ़ाने वाला जैन-भूषण होता है। **हमारे श्रद्धेय श्री ज्ञानमुनि जी महाराज** सचमुच जैन-भूषण हैं। स्थान-स्थान पर इन्होंने जैन-धर्म की प्रभावना की, जैन-धर्म के विद्वेषी लोगों के हृदयों में भी जैन-धर्म के प्रति निष्ठा, आस्था और श्रद्धा पैदा की, जो अज्ञ लोग जैन साधु की आकृति देखना भी पाप समझते थे, जैन-धर्म को नास्तिक कहते थे, उन्हें जैन-धर्म में दीक्षित किया, जैन-धर्म के पवित्र नियमों का प्रसार करने के लिये बीसों पुस्तकें लिखीं। इस लिये मैं कहता हूं कि हमारे महाराज श्री जैन-धर्म के श्रेष्ठ भूषण हैं। राहों निवासयों ने महाराज श्री को यह पद प्रदान करके सचमुच अपनी दूरदर्शिता और वस्तु-स्थिति को जनता-जनार्दन तक लाने का प्रशंसनीय प्रयास किया है।

**व्याख्यान दिवाकर—**

व्याख्यान प्रवचन को कहते हैं और दिवाकर सूर्य का नाम है। व्याख्यान-क्षेत्र में जो व्यक्ति सूर्य की तरह चमकता है, व्याख्यान की दृष्टि से सर्वत्र प्रसिद्धि पाता है, व्याख्यान के माध्यम से जन-गण-मन के अन्तर्गत के अज्ञानान्धकार को दूर करके उसे अहिंसा, सत्य के महाप्रकाश से प्रकाशमान

बना डालता है, उसे व्याख्यान-दिवाकर कहते हैं। हमारे **आदरणीय श्रद्धेय श्री ज्ञानमुनि जी महाराज** इस कला में पूर्ण रूप से दिवाकर की भांति निखरे हैं। आपकी वक्तृत्वकला अपने ही ढंग की है, वह जादू है जो प्रत्येक व्यक्ति पर छा जाता है। व्याख्यान में कर्मवाद जैसे गहन विषयों को ऐसे मार्मिक ढंग से जनता के सामने रखते हैं कि जनता मन्त्रमुग्ध हो जाती है। आप श्री जी की वाणी में सत्यता, ऋजुता, उदारता तथा भाव, भाषा की प्राञ्जलता के साक्षात् दर्शन होते हैं। महाराज श्री जी का व्याख्यान एक गुलदस्ते के समान होता है। गुलदस्ते को जिधर से सूंघें उधर से ही सुगन्ध की अनुभूति होती है, वैसे ही आपके प्रवचनों में भी गम्भीरता, उदारता, विराटता, कोमलता, मधुरता एवं रोचकता की सुगन्धि साकार रूप धारण करती हुई दृष्टिगोचर होती है। आप श्री जी यथा नाम तथा गुण सम्पन्न हैं। आपकी ज्ञान-रश्मियां सूर्य के समान प्रकाशमान, चन्द्रमा के समान शीतल एवं फूलों के समान सुगन्धित हैं, आप श्री जी को ज्ञान-साधना की किरणें जिस किसी के बुझे जीवन-दीप को स्पर्श कर जाती हैं, उसे तत्काल प्रज्ज्वलित कर डालती हैं, ज्ञान—आलोक से भर देती हैं। आप श्री जी की विद्वत्ता, दूरदर्शिता, ज्ञान-सम्पदा तथा हाजिर-जवाबी कुछ विलक्षण ही है।

**प्रस्तुत ग्रन्थ के रचयिता—**

प्राकृत व्याकरण [संस्कृत-हिन्दी-टीकाद्वयोपेत] के लेखक भी मेरे पूज्य गुरुदेव श्रद्धेय श्री ज्ञान मुनि जी महाराज ही हैं। इसमें एक बालमनोरमा नामक संस्कृत टीका है और दूसरी आत्मगुणप्रकाशिका हिन्दी-व्याख्या है। "प्राकृत-व्याकरण पर सरल, सरस और प्रामाणिक कोई विवेचन होना चाहिये।" यह सभी प्राकृतज्ञ विद्वान अनुभव कर रहे थे। इस दिशा में कुछ विद्वानों ने अपनी-अपनी पद्धति से प्रयास भी किये हैं, परन्तु उन से वाञ्छनीय लाभ प्राप्त नहीं हो सका। सौभाग्य की बात समझिये कि जैन-भूषण पंडित-रत्न गुरुदेव श्री ज्ञान मुनि जी महाराज ने अपने विलक्षण बौद्धिक बल तथा परिश्रम से इस समस्या को समाहित कर दिया। समूचे व्याकरण के शब्दों की साधन-प्रक्रिया लिखना, व्याकरण के समस्त कठिन स्थलों का सरल एवं सुगम विवेचन करना कोई साधारण बात नहीं है। मैं तो महाराज श्री जी की इस वैदुष्यपूर्ण रचना को इनका एक अपूर्व बौद्धिक चमत्कार ही मानता हूं। इतना बड़ा विशालकाय ग्रन्थ तैयार करना कोई बच्चों का खेल नहीं है। मैंने स्वयं अपनी आंखों से देखा है कि महाराज श्री सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त होने तक प्रायः इसी ग्रन्थ के कार्य में जुटे रहते थे। इतना अधिक परिश्रम देखकर मैं तो आश्चर्यचकित रह जाता था। बिना किसी झिझक के कह सकता हूं कि पूज्य गुरुदेव की यह साहित्य-सेवा साहित्य-जगत में सदा अभिवन्दनीय एव अभिनन्दनीय रहेगी।

श्रद्धा के केन्द्र, जैनजगत की दिव्य विभूति, आदरणीय गुरुदेव श्री ज्ञान मुनि जी महाराज के विराट् व्यक्तित्व के सम्बन्ध में मैंने जो कुछ निवेदन किया है यह सब तो सूर्य के सामने दीपक रखने के समान है। आप श्री जी ने ज्ञान, दर्शन और चारित्र की त्रिवेणी में स्नान करके अपनी आत्मा को पावन बनाया है। आपका व्यक्तित्व सागर की भाँति विराट् है, उसे अक्षरों की सीमित रेखाओं में बांधा नहीं जा सकता। वह विराट् है और सदा विराट् ही रहेगा। सचमुच आप जैन-धर्म-दिवाकर, साहित्य-रत्न, जैनागमरत्नाकर, विश्व-विभूति, चारित्र-चूड़ामणि महामहिम स्वर्गीय आचार्यसम्राट् परम श्रद्धेय पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज की आत्मा की अमूल्य निधि हैं, आचार्य-प्रवर श्री स्वयं प्रकाश-पुञ्ज थे, वे आपको भी अपने पावन प्रकाश से प्रकाशमान बना गए। श्रद्धेय गुरु महाराज

श्री की समाज-सेवा, ज्ञान-साधना और साहित्य-रचना से जैन जगत का कौन ऐसा व्यक्ति है जो परिचित न हो। साधु-समाज में आप श्री जी का एक महत्त्वपूर्ण एवं आदरास्पद स्थान माना जाता है।

**मेरे जीवन-निर्माता—**

आप श्री जी का साक्षात्कार करने का सौभाग्य मुझे सर्वप्रथम मालेरकोटला में हुआ। जहां से मेरे जीवन में एक नवीन चेतना का संचार हुआ। प्रथम दर्शन ने ही मेरे जीवन की दशा बदल दी। उच्च शिक्षा और आर्थिक स्थिति की सम्पन्नता, पारिवारिक सुख-सुविधाओं की परिपूर्णता पाकर भी मेरा मन अशान्त सा रहता था। संसार के झंझटों, लोगों के आपसी वैर-विरोधों, मृग-तृष्णाओं, युवक-हृदयों की वासनाजन्य उद्दण्ड वृत्तियों को देखकर मेरा मन उपराम हो उठता था। आस-पास का दूषित वातावरण तथा कर्मप्रताड़ित जन-गण-मन के करुण क्रन्दन कभी-कभी मेरे मन को सर्वथा उदासीन और बेचैन कर डालते थे। कभी-कभी उदासीनता अपना विराट् रूप लेकर इस प्रकार सामने आती कि आंखों में अश्रुधारा स्वयं ही निकल पड़ती। विकलता एवं बेचैनी के इन्हीं क्षणों में जब आप श्री जी के विराट् व्यक्तित्व के दर्शन हुए तो पावन स्नेह की सरिता के स्नेहिल स्पर्श के द्वारा मेरे मानस को असीम आनन्दानुभूति हुई। आप की असीम कृपा से ही १२ वर्ष से चल रहा जैन साधु बनने का मेरा संकल्प मूर्तरूप ले सका है। सौभाग्यशाली मानता हूं अपने को, जो आप श्री जी ने मुझ जैसे अबोध बालक को, अपने पावन चरणों में स्थान दिया। आप श्री जी के हृदय का औदार्य्य, स्नेहपूर्ण व्यवहार, विलक्षण प्रतिभा, वाणी-गत ओज, जन-जन के कल्याण के लिये प्रयत्नशीलता और विचार-स्पष्टता ने मेरे जीवन को अत्यधिक प्रभावित किया।

आप श्री जी की ज्ञान-सम्पदा, उच्च आचार तथा महान् व्यक्तित्व प्रेरणास्तम्भ के रूप में सदा के लिये मेरे हृदय के कण-कण को शान्ति प्रदान करता रहे, यही शासनेश भगवान् महावीर से प्रार्थना है। सचमुच आपको शान्ति, ज्ञान और क्षमा के सागर कहूं तो इसमें कोई अतिशयोक्ति नहीं। इसके अतिरिक्त, मैं बिना किसी संकोच के कह सकता हूं कि इतनी असीम कृपा और नैसर्गिक स्नेह जीवन में मुझे पहली बार मिला है। अधिक क्या, आप श्री जी तो मेरे लिये कल्पवृक्ष हैं।

वन्दन, शत-शत अभिनन्दन।

प्राकृत-व्याकरण के व्याख्याकार—



जैनभूषण, पंजाब-केसरी, व्याख्यान-दिवाकर
श्रद्धेय पण्डित-रत्न श्री ज्ञानमुनि जी महाराज लेखन कार्य करते हुए

# धन्यवाद

प्राकृत-व्याकरण के प्रकाशन में हमारे आदरणीय दानी सज्जनों एवं उदार बहिनों का जो प्रशंसनीय सहयोग रहा है, उसके लिए हम उनका किन शब्दों में धन्यवाद करें ? कुछ समझ नहीं पा रहे। वस्तुतः लेखक की लेखनी जिन विचारों को अक्षरों के वस्त्र पहना कर साकार बना डालती है, उन विचारों को प्रैस के माध्यम से जनताजनार्दन तक पहुंचाने का सर्वाधिक श्रेय अर्थ-व्यवस्था को ही होता है। धार्मिक साहित्य-प्रकाशन के निमित्त वह अर्थव्यवस्था दानी सज्जनों के औदार्य्य से ही सम्पन्न हुआ करती है। अतएव धार्मिक साहित्य के निर्माण एवं अभ्युत्थान में दानी महानुभावों का सहयोग अपना एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। हम प्राकृत-व्याकरण की बालमनोरमा सस्कृत-टीका तथा आत्मगुण-प्रकाशिका हिन्दी-टीका को आदरणीय पाठकों के करकमलों में समर्पित करने में आज जो सफल हो रहे हैं, इसके पीछे भी हमारे सम्मानास्पद दानी सज्जनों का कृपाभाव ही काम कर रहा है। दानो सज्जनों के इस कृपाभाव के लिए हम उन के हृदय से धन्यवादी हैं। दानी कृपालुओं का यह कृपाभाव सदा बना रहे, यही शासनेश प्रभु महावीर से अभ्यर्थना करते हैं।

विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हम प्राकृतव्याकरण को दो खण्डों में विभक्त करके प्रकाशित कर रहे हैं, इन में से प्रथम खण्ड को प्रकाशित करवाने में जिन दानो सज्जनों ने हमें सहायता देने की कृपालुता की है, चित्रों के साथ उन के शुभ नाम इस प्रकार हैं –



१. **बहिन विद्यावती जी जैन** धर्मपत्नी ला० जुगलकिशोर जी जैन होशियारपुर। ये होशियारपुर जैन महिला-मण्डल के एक श्राविकारत्न हैं, सामाजिक कार्यों में पूर्ण सहयोग देने के साथ-साथ इन की धर्मध्यान की ओर भी पूर्ण निष्ठा है।



**५२४—स्वसा, ननान्दा, दुहिता** । स्वसृ+सि, ननान्दृ+सि, दुहितृ+सि । ३५० सू० दकारस्य लोपे, २२८ सू० द्वितीयनकारस्य णकारे, ८४ सू० संयोगे परे ह्रस्वे १७७ सू० तकारलोपे, ५२४ सू० डा-(आ)-प्रत्यये, डिति परेऽन्त्यस्वरादेर्लोपे, ।१।१।३७। सू० सेरिकारस्य लोपे, ११ सू० सकारलोपे **ससा, नणन्दा, दुहिआ** इति जातम् । **दुहितृभिः, दुहितृषु** । दुहितृ+भिस्, दुहितृ+सुप् । तकारलोपे, डा-प्रत्यये, डिति परेऽन्त्यस्वरादेर्लोपे दुहिआ+भिस्, दुहिआ+सु इति जाते, ४९६ सू० भिसः हिं इत्यादेशे **दुहिआहिं दुहिआसु** इति भवति । **दुहितृसुतः** । दुहितृसुत+सि । पूर्ववदेव दुहिआसुत+सि इति जाते तकारलोपे, ४९१ सू० सेर्डोः, डिति परेऽन्त्यस्वरादेर्लोपे **दुहिआसुओ** इति सिद्धम् । **गोकः** । गोक+सि । १५८ सू० ओकारस्य 'अउ' इत्यादेशे, १७७ सू० ककारस्य लोपे, ५२४ सू० डाप्रत्यये, डिति परे अन्त्य-स्वरादेः लोपे, सेर्लोपे **गउआ** इति सिद्धम् ।

**५२५ - मालां,नदीं, वधूम्** । माला+अम्, नदी+अम्, वधू+अम् । १७७ सू० दकारलोपे, १८७ सू० धकारस्य हकारे, ५२५ सू० अमि परे ह्रस्वे, ४९४ सू० अमोऽकारस्य लोपे, २३ सू० मकारानुस्वारे **मालं, नइं, वहुं** इति भवति । **हसन्तीम्** । हस् हासे । हस्+शतृ । ९१० सू० धातोरन्तेऽकारागमः, ६७० सू० शतुः माण इत्यादेशः, ५२१ सू० विकल्पेन ङी-(ई)-प्रत्यये, ङीप्रत्ययभावे—आप्-(आ)-प्रत्यये, १० सू० स्वरस्य स्वरे परे लोपे, अज्झीने परेण संयोज्ये, अम्-प्रत्यये, हसमाणी+अम्, हसमाणा +अम् इति स्थिते, अमि परे ह्रस्वे, अमोऽकारस्य लोपे, मकारानुस्वारे **हसमाणिं हसमाणं** इति सिद्धम् । **पश्य**=पेच्छ, प्रक्रिया ४९४ सूत्रे ज्ञेया । **अमीति किम्** । अमि-प्रत्यये परे सत्येव प्रस्तुतसूत्रस्य प्रवृत्तिर्भ-वति, नान्यथा । यथा—**मालाः, सख्यः, वध्वः** । माला+जस् (शस्), सखी+जस् (शस्), वधू+जस् (शस्) । १८७ सू० खकारस्य धकारस्य च हकारे, अम्प्रत्ययाभावात् प्रस्तुतसूत्रस्य अप्रवृत्तौ, ४९३ सू० जस्शसोः लुकि **माला सही वहू** इति भवति ।

**५२६—हे तृण !, हे दधि !, हे मधु !** । **हे तृण**+सि, हे दधि+सि, हे मधु+सि । १२८ सू० ऋकारस्य इकारे, १८७ सू० धकारस्य हकारे, ५१४ सू० सेर्मकारप्राप्तौ, ५२६ सू० तन्निषेधे, १।१।३७। सू० सेरिकारस्य लोपे, ११ सू० सकारलोपे **हे तिण !, हे दहि !, हे महु !** इति भवति ।

**५२७—हे देव !** । हे देव+सि । इत्यत्र ४९१ सूत्रस्य प्राप्तौ,५२७ सू० विकल्पेन तन्निषेधे, सेर्लोपे **हे देव !**, निषेधाभावे ४९१ सू० सेर्डोः, डिति परेऽन्त्यस्वरादेर्लोपे **हे देवो** इति भवति । **हे क्षमाश्रमण !** । क्षमाप्रधानः, क्षमायुक्तो वा श्रमणः क्षमाश्रमणः । तत्सम्बोधनम् । हे क्षमाश्रमण+सि । २७४ सू० क्षस्य स्थाने खकारः, ३५० सू० रेफस्य लोपः, २६० सूत्रेण शकारस्य सकारः, पूर्ववदेव—**हे खमासमण !, हे खमासमणो !** इति सिद्धम् । **हे आर्य !** । हे आर्य+सि । ८४ सू० संयोगे परे-ह्रस्वे, २९५ सू० र्यस्य स्थाने जकारे, ३६० सू० जकारद्वित्वे, पूर्ववदेव **हे अज्ज !, हे अज्जो** ! इति भवति । **दीर्घः** । दीर्घस्योदाहरणं प्रदर्शयति वृत्तिकारो यथा—**हे हरे!** । हे हरि+सि । ५०८ सू० इकारस्य दीर्घप्राप्तौ,प्रस्तुतसूत्रेण वैकल्पिके तन्निषेधे, सेर्लोपे **हे हरि** !, यत्र इकारदीर्घप्राप्तिस्तत्र तु **हे हरी** ! इति भवति । **हे गुरो !** । हे गुरु+सि । पूर्ववदेव यत्र उकारदीर्घप्राप्तिर्निषिद्धा तत्र **हे गुरु** !, यत्र उकारस्य दीर्घः [ऊकारः] जातस्तत्र **हे गुरू** ! इति भवति । **जातिविशुद्धेन** । जातिविशुद्ध+टा । १७७ सू० तकारस्य लोपः, २६० सू० शकारस्य स्थाने

सकार:, ४९५ सू० टा-प्रत्ययस्य स्थाने ण इत्यादेशे, ५०३ सू० अकारस्य स्थाने एकारे जाते—**जाइविसुद्धेण** इति सिद्धम् । **हे प्रभो !** । हे प्रभु+सि । इत्यत्र ३५० सू० रेफस्य लोपे, १८७ सू० भकारस्य हकारे, पूर्ववदेव यत्र उकारदीर्घप्राप्तिर्निषिद्धा तत्र **हे पहु !**, यत्र उकारदीर्घो जातस्तत्र **हे पहू !** इति भवति । **द्वौ जितलोकान्** । **द्वौ** । द्वि+औ । ६१९ सू० द्विवचनस्य स्थाने बहुवचनम्, ६०९ सू० जस्-सहितद्वि-शब्दस्य स्थाने 'दोण्णि' इत्यादेशे **दोण्णि** इति भवति । **जितलोकान्** । जितलोक+शस् । १७७ सू० तकारस्य ककारस्य च लोपे, ४९३ सू० शसो लुकि, ५०३ सू० अकारस्य स्थाने एकारे **जिअलोए** इति भवति । **एषु प्राप्ते विकल्पः** । देव-प्रभृतीषु उपरितनेषु प्रयोगेषु ४९१ सूत्रेण सेः स्थाने यो नित्यं 'डो' इत्यादेशः प्राप्तः, तथा हरि-गुरु-प्रभृतीषु शब्देषु ५०८ सूत्रेण यो दीर्घः प्राप्तः सः प्रस्तुतसूत्रेण विकल्पेन विधीयते । **इहत्वप्राप्ते ?** । **हे गौतम !** इत्यत्र ५०८ सूत्रेण अप्राप्तोऽपि ह्रस्वस्य दीर्घः विकल्प्यते । यथा—**हे गौतम !**। गौतम+सि । १५९ सू० औकारस्य ओकार:, १७७ सू० तकारस्य लोप:, ५०८ सू० अप्राप्तोऽपि दीर्घः, बहुलाधिकारात् ५२७ सू० विकल्पेन भवति, सेर्लोपे—**हे गोअमा ! हे गोअम !** इति निष्पद्यते । **हे कश्यप !** । हे कश्यप+सि । ३४९ सू० यकारस्य लोप:, ४३ सूत्रेण ह्रस्वस्य आदिस्वरस्य दीर्घः, २६० स० शकारस्य सकार:, ३६३ सू० द्वित्वनिषेधे, २३१ सू० पकारस्य स्थाने वकारे, प्रस्तुतसूत्रेण ह्रस्वस्य विकल्पेन दीर्घे, सेर्लोपे च **हेकासवा!, हेकासव!**। इति सिद्धम् । **२—रे रे मिथ्याभाषिन्!**। प्राकृते **मिथ्याभाषिन्** इत्यर्थे **चप्फलय**-शब्दः प्रयुज्यते । प्रस्तुतसूत्रेण ह्रस्वस्य विकल्पेन दीर्घे, सेर्लोपे **रे रे चप्फलया !**, **रे रे चप्फलय !** इति सिद्धम् । **रे रे निर्घृणक!**। निर्गता घृणा-अनुकम्पा यस्मात् सः निर्घृणः, निर्घृण एव निर्घृणकः । तत्सम्बोधनम् । निर्घृणक+सि । १२८ सू० ऋकारस्य स्थाने इकार:, ३५० सू० रेफस्य लोप:, ३६० सू० घकारस्य द्वित्वं, ३६१ सू० पूर्वघकारस्य स्थाने गकार:, १७७ सू० ककारस्य लोप:, १८० सू० यकारश्रुतौ, प्रस्तुतसूत्रेण विकल्पेन दीर्घे, सेर्लोपे **रे रे निग्घिणया!**, **रे रे निग्घिणय !** इति सिद्धम् ।

**५२८—हे पितः** । हे पितृ+सि । १७७ सू० तकारस्य लोपे, ५२८ सू० ऋकारस्य विकल्पेन अकारे, १।१।३७। सू० सेरिकारलोपे, ११ सू० सकारस्य लोपे **हे पिअ !** इति भवति । **हे दातः** । हे दातृ+सि । पूर्ववदेव हे दाअ+सि इति जाते, १८० सू० यकारश्रुतौ, सेर्लोपे हे **दाय !** इति भवति । **पक्षे** । प्रस्तुत-सूत्रप्रवृत्त्यभावपक्षे तु ५२९ सू० ऋकारस्य **अरं** इत्यादेशे, सेर्लोपे—**हे पअरं !**, ५३४ सू० ऋकारस्य आर इत्यादेशे, पूर्ववदेव हे **दायार !** इति भवति ।

**५२९—हे पितः !** । हे पितृ+सि । १७७ सू० तकारस्य लोपे, ५२९ सू० ऋकारस्य स्थाने अरं इत्यादेशे, सेर्लोपे हे **पिअरं!** इति भवति । अरं इत्यादेशाभावपक्षे **हे पिअ !** इति भवति । प्रक्रिया ५२८ सूत्रे ज्ञेया । **नाम्नि इति किम् ?** । संज्ञावाचक-शब्दानामेव अरं इत्यन्तादेशो भवति, नान्यत्र । यथा—**हे कर्तः!** । कर्तृ+सि । ३५० सू० रेफस्य लोप:, ३६० सू० तकारस्य द्वित्वं, अत्र कर्तृ-शब्दः न संज्ञावाचकः, अतः 'अरं' इत्यादेशोभावे, ५३४ सू० ऋकारस्य 'आर' इत्यादेशे, सेर्लोपे **हे कत्तार !** इति भवति ।

**५३०—हे माले ! हे महिले** । माला+सि, महिला+सि । ५३० सू० अन्त्याकारस्य विकल्पेन एकार:, सेर्लोपे **हे माले !**, **हे महिले !** इति सिद्धम् । **हे आर्यिके ! हे प्रार्यिके** । आर्यिका+सि, प्रार्यिका+सि । ३५० सू० रेफलोपे, २९५ सू० र्यस्य स्थाने जकारे, ३६० सू० जकारस्य द्वित्वे, ८४ सू० संयोगे परे ह्रस्वे, १७७ सू० ककारस्य लोपे, ५३० सू० आकारस्य विकल्पेन एकारे, सेर्लोपे **हे अज्जिए ! हे पज्जिए !** इति सिद्धम् । **पक्षे** । यत्र आकारस्यैकारो न जातस्तत्र तु **हे माला !** इत्यादयः प्रयोगाः सिद्ध्यन्ति । **आप इति किम् ?** यत्र आप्प्रत्ययस्यैव आकारो भवेत्तत्रैव तस्य एकारो भवति नान्यथा । यथा—

**हे पितृष्वसः** !=हे पिउच्छा ! । **हे मातृष्वसः** !=**हे माउच्छा** ! । शब्दयोरनयोः प्रक्रिया ४१३ सूत्रे ज्ञेया । अत्र आकारान्तत्त्वेऽपि आप्-प्रत्ययाभावात् प्रस्तुत-सूत्रस्य प्रवृत्यभावः । **बहुलाधिकारात् क्वचिदोत्वमपि** । बहुलाधिकारात् कस्मिंश्चित् स्थले आप ओकारोऽपि भवति । यथा-**हे अम्बा** !। अम्बा+सि । ३५० सू० बकारस्य लोपः, ३६० सू० मकारस्य द्वित्वे, बहुलाधिकारात् आकारस्य ओकारे, सेर्लोपे **हे अम्मो** ! इति सिद्धम् । **भणामि** । भण्-धातुः भणने । भण्+मिव् । ९१० सू० धातोरन्तेऽकारागमः, ६३० सू० मिवः स्थाने 'मि' इत्यादेशे, ६४३ सू० अकारस्य दीर्घे **भणामि** इति सिद्धम् । **भणिते** । भणित+ङि । १७७ सू० तकारस्य लोपः, ५०० सू० ङेः स्थाने डे (ए) इत्यादेशो, ङिति परे अन्त्यस्वरादेः लोपे **भणिते** इति सिद्धम् ।

**५३१—हे नदि !, हे ग्रामणि** ! । हे नदी+सि, हे ग्रामणी+सि । इत्यत्र १७७ सू० दकारस्य लोपः, ३५० रेफस्य लोपः, ५३१ सू० ईकारस्य इकारे, १।१।३७। सू० सेरिकारलोपे, ११ सू० सकारलोपे **हे नइ** !, **हे गामणि** ! इति सिद्धम् । **हे श्रमणि** ! । श्रमणी+सि । रेफस्य लोपः, २६० सू० शकारस्य सकारः, ईकारस्य इकारे, सेर्लोपे **हे समणि** ! इति सिद्धम् । **हे वधु** ! । वधू+सि । १८७ सू० धकारस्य हकारः, ऊकारस्य उकारे, सेर्लोपे **हे वहु** ! इति सिद्धम् । **हे खलपु** ! । खलान् पुनातीति तत्सम्बोधनम् । खलपू+सि । ऊकारस्य ह्रस्वे, सेर्लोपे **हे खलपु** ! इति सिद्धम् ।

**५३२—ग्रामण्या, खलप्वा** । ग्रामणी+टा, खलपू+टा । ३५० सू० रेफस्य लोपः, ५३२ सू० ईकारस्य ऊकारस्य च ह्रस्वे, ५१३ स० टा-प्रत्ययस्य 'णा' इत्यादेशे **गामणिणा, खलपुणा** इति सिद्धम् । **ग्रामण्यः** । **खलप्वः** । ग्रामणी+ङसि (ङस्), खलपू+ङसि । (ङस्) पूर्ववदेव रेफलोपे, ईकारस्य ऊकारस्य च ह्रस्वे, ५१२ स० ङसिङसोः 'णो' इत्यादेशे **गामणिणो, खलपुणो** इति सिद्धम् ।

**५३३—भर्तारः** । भर्तृ+जस् । इत्यत्र ३५० सू० रेफलोपे, ३६० सू० तकारस्य द्वित्वे, ५३३ सू० ऋकारस्य वैकल्पिके उकारे, ६१३ सू० अदन्तवत्त्वात्, ४९३ सू० जसो लुकि, ५०१ सू० पूर्वस्वरस्य दीर्घे **भत्तू** ५११ सू० जसः णो इत्यादेशे **भत्तुणो** इति भवति । अत्र ६१४ सूत्रेण दीर्घनिषेधोऽभवद् । यत्र ५०९ सू० जसः डउ (अउ) डओ (अओ) इत्यादेशौ जातौ तत्र डिति परे अन्त्यस्वरादेर्लोपे **भत्तउ भत्तओ,** यत्र ऋकारस्य उकार एव न जातस्तत्र ५३४ सू० ऋकारस्य आर इत्यादेशे, ४९३ सू० जसो लुकि, पूर्वस्वरदीर्घे **भत्तारा** इति भवति । **भर्तॄन्** । भर्तृ+शस्=भत्तु+शस् । ६१३ सू० अदन्तवत्त्वात् ४९३ सू० शसो लुकि, ५०१ सू० पूर्वस्वरदीर्घे **भत्तू** यत्र ५११ सू० शसः स्थाने णो इत्यादेशो जातस्तत्र **भत्तुणो** उकाराभावे पूर्ववदेव भत्तार+शस् इति जाते, ५०३ सू० अकारस्य स्थाने एकारे, शसि लोपे **भत्तारे** इति भवति । **भर्त्रा** । भर्तृ+टा=भत्तु+टा । इत्यत्र ५१३ सू० टास्थाने णा इत्यादेशे **भत्तुणा** उकाराभावे पूर्ववदेव भत्तार+टा इति जाते, ४९५ सू० टास्थाने ण इत्यादेशे, ५०३ सू० अकारस्य एकारे **भत्तारेण** इति भवति । **भर्तृभिः** । भर्तृ+भिस्=भत्तु+भिस् । ४९६ सू० भिसः हिं इत्यादेशे, ५०५ सू० उकारस्य दीर्घे **भत्तूहिं** उकाराभावे पूर्ववदेव, भत्तार+हिं इति जाते, ५०४ सू० अकारस्य एकारे **भत्तारेहिं** इति भवति । **भर्तुः** । भर्तृ+ङसि=भत्तु+ङसि । ५१२ सू० ङसेः स्थाने णो इत्यादेशे, ५०१ सूत्रेण दीर्घप्राप्तौ, ६१४ सू० दीर्घनिषेधे **भत्तुणो** यत्र ४९७ सू० ङसेः दो दु हि हिन्तो इत्यादेशा जातास्तत्र १७७ सू० दकारस्य लोपे, ५०१ सू० पूर्वस्वरदीर्घे **भत्तूओ भत्तूउ भत्तूहि भत्तूहिन्तो** उकाराभावे, ऋकारस्य आर इत्यादेशे, ५०१ सू० अकारदीर्घे **भत्ताराओ भत्ताराउ भत्ताराहि भत्ताराहिन्तो** ४९७ सू० ङसेः लुगादेशे **भत्तारा** इति भवति । **भर्तुः** । भर्तृ+ङस्=भत्तु+ङस । इत्यत्र ५१२ सू० ङसः णो

इत्यादेशे वैकल्पिके--**भत्तुणो**, ४९९ सू० ङसः स्स इत्यादेशे **भत्तुस्स**, उकाराभावे, ऋकारस्य आर इत्यादेशे **भत्तारस्स** इति भवति। **भत्तृषु**। भर्तृ+सुप्=भत्त्+सु। इत्यत्र ५०५ सू० उकारदीर्घे **भत्तूसु**, उकाराभावे ऋकारस्य स्थाने आर इत्यादेशे, ५०४ सू० अकारस्य एकारे **भत्तारेसु** इति भवति। **बहुवचनस्य व्याप्त्यर्थत्वात्**। प्रस्तुतसूत्रे '**ऋताम्**' इति बहुवचनान्तं पदं विहाय '**ऋतः**' इत्येकवचनान्तपदाश्रयणादेवासीत् कार्यसिद्धिः, तर्हि किमर्थं बहुवचनान्तपदं पठितमिति प्रश्नः। उत्तरयति वृत्तिकारः। **बहुवचनं व्याप्त्यर्थकम्**। व्याप्तिर्नाम व्यापकत्वम्। यथाहि—वृक्षं वृक्षं सिञ्चति इत्यत्र सेचनकर्ता न केवलमेकं वृक्षं सिञ्चति अपितु अमुकप्रदेश-स्थान् सर्वानेव वृक्षान् सिञ्चति, एवमेवात्रापि असंज्ञावाचकानां भर्तृ-दातृ-कर्तृ-आदिशब्दानामेव न उदादेशविधिरिष्टः प्रत्युत संज्ञावाचकानां पितृ-मातृआदीनामपि उदन्तादेशः विकल्पेन स्यादित्येतदर्थमेव सूत्रकृता एकवचनमनङ्गीकृत्य बहुवचनमुररीकृतमिति। ततः संज्ञावाचकानां पितृ-जामातृ-प्रभृति-शब्दानामृकारस्य विकल्पेन उदादेशो जायते। तथाहि—**पितरः, पितॄन्, पितुः, पितुः**। पितृ+जस्, पितृ+शस्, पितृ+ङसि, पितृ+ङस्। इत्यत्र १७७ सू० तकारस्य लोपः, ५३३ सू० ऋकारस्य उकारः, ५११ सू० जस्शसोः, तथा ५१२ सू० ङसेः ङसश्च उभयत्रापि 'णो' इत्यादेशे **पिउणो** इति भवति। **जामातरः, जामातॄन्, जमातुः, जामातुः**। जामातृ+जस्, जामातृ+शस्, जामातृ+ङसि, जामातृ+ङस्। तकारस्य लोपे, ऋकारस्य उकारादेशे, जस्शसोः, ङसिङसोश्च 'णो' इत्यादेशे **जामाउणो** इति भवति। **भ्रातरः, भ्रातॄन्, भ्रातुः, भ्रातुः**। भ्रातृ+जस्, भ्रातृ+शस्, भ्रातृ+ङसि, भ्रातृ+ङस्। इत्यत्र ३५० सू० रेफस्य लोपः, पूर्ववदेव **भाउणो** इति इति भवति। **पित्रा**। पितृ+टा=पिउ+टा। इत्यत्र ५१३ सू० टा-प्रत्ययस्य 'णा' इत्यादशे **पिउणा** इति भवति। **पितृभिः**। पितृ+भिस्=पिउ+भिस्। इत्यत्र ६१३ सू० अदन्तवदतिदेशात् ४९६ सू० भिसः 'हि' इत्यादेशः, ५०५ सू० उकारस्य ऊकारे **पिऊहि** इति सिद्धम्। **पितृषु**। पितृ+सुप्=पिउसु। उकारस्य ऊकारे जाते **पिऊसु** इति सिद्धम्। **पक्षे**। यत्र प्रस्तुतसूत्रेण उदन्तादेशो न जातस्तत्र यद्भवति तन्निदर्शयति वृत्तिकारः। यथा—**पितरः**। **पितॄन्**। पितृ+जस् (शस्) इत्यत्र १७७ सूत्रेण तकारस्य लोपः, प्रस्तुतसूत्रेण उकारादेशाभावे ५३६ सू० ऋकारस्य 'अर' इत्यादेशः, ४९३ सू० जस्शसोः लुक्, ५०१ सू० पूर्वाकारस्य दीर्घे **पिअरा** इति सिद्धम्। **अस्वमौस्विति किम्?** सि, अम् औ वर्जिते-रहिते स्यादिप्रत्यये परे एव प्रस्तुतसूत्रस्य प्रवृत्तिर्भवति, नान्यथा। अतएव निम्नोक्तेषु स्यमौ-प्रत्यय-परेषु प्रयोगेषु प्रस्तुतसूत्रस्य प्रवृत्तिर्नाभूद्। यथा—**पिता**। पितृ+सि। १७७ सू० तकारस्य लोपे, ५३७ सू० ऋकारस्य आकारे, १।१।३७। सू० सेरिकारलोपे, ११ सू० सकारस्य लोपे **पिआ** इति सिद्धम्। **पितरम्**। पितृ+अम्। १७७ सू० तकारस्य लोपः, ५३६ सू० ऋकारस्य अर इत्यादेशे, ४९४ सू० अमोऽकारस्य लोपे, २३ सू० मकारस्यानुस्वारे **पिअरं** इति सिद्धम्। **पितरौ**। पितृ+औ। १७७ सू० तकारस्य लोपः, ६११ सू० द्विवचनस्य बहुवचने कृते, ५३६ सू० ऋकारस्य 'अर' इत्यादेशे, ४९३ सू० शसोः लुकि, ५०१ सू० पूर्वाकारस्य दीर्घे **पिअरा** इति सिद्धम्।

**५३४—भर्ता**। भर्तृ+सि। ३५० सू० रेफस्य लोपः, ३६० सू० तकारस्य द्वित्वं, ५३४ सूत्रेण ऋकारस्य 'आर' इत्यादेशः, ४९१ सू० सेर्डोः, डिति परे अन्त्यस्वरादेः लोपे, अज्झीने परेण संयोज्ये **भत्तारो** इति सिद्धम्। २—**भर्तारः**। भर्तृ+जस्=भत्तार+जस्। ४९३ सू० जसो लुक्, ५०१ स० पूर्वाकारस्य दीर्घे **भत्तारा** इति सिद्धम्। **भर्तारम्**। भर्तृ+अम्=भत्तार+अम्। ४९४ सू० अमोऽकारस्य लोपः, २३ सू० मकारस्यानुस्वारे **भत्तारं** इति सिद्धम्। **भर्तॄन्**। भर्तृ+शस्=भत्तार+शस्।

४९३ सू० शसो लुक्, ५०३ सू० अकारस्य एकारे **भत्तारे** इति सिद्धम् । **भर्त्रा** । भर्तृ+टा=भत्तार+टा। ४९५ सू० 'टा' इत्यस्य 'ण' इत्यादेशे, ५०३ सू० अकारस्य एकारे **भत्तारेण** इति सिद्धम् । **भर्तृभिः** । भर्तृ+भिस्=भत्तार+भिस् । ४९६ सू० भिसः 'हिं' इत्यादशे, ५०४ सू० अकारस्य एकारे जाते **भत्तारेहिं** इति सिद्धम् । **एवं ङस्यादिषूदाहार्यम्** । वृत्तिकारेण यथा सि-जस्-अम्-शस्-टा-भिसां प्रत्ययानामुदाहरणान्युक्तानि, तथैव ङसि-प्रत्ययादीनामपि उदाहरणानि स्वयमेवोदाहार्याणीति भावः । **लुप्तस्याद्यपेक्षया** । समासदशायां लुप्तां विभक्तिं निमित्तीकृत्य "**प्रत्ययलोपे प्रत्ययलक्षणम्**" इति परिभाषाबलेन प्रस्तुतसूत्रस्य प्रवृत्तिर्जायते । यथा—**भर्तृविहितम्** । भर्त्रा विहितं भर्तृविहितम् । भर्तृविहित+सि । ३५० सू० रेफलोपे, तकार-द्वित्वे समासनियमेन लुप्तविभक्तेरपेक्षया ५३४ सू० ऋकारस्य आर इत्यादेशे, १७७ तकारलोपे, ५१४ सू० सेर्मकारे, २३ सू० मकारस्यानुस्वारे **भत्तार-विहिअं** इति भवति ।

# ★ अथ तृतीय पाद ★

## ※ आत्मगुण-प्रकाशिका हिन्दी-टीका ※

**अजर, अमर, मर्दित-मदन, वीतराग भगवान । करुणासागर केवली, *शंकर दयानिधान ॥१॥**
**विश्ववन्द्य प्रभु वीर हैं, जग के तारणहार । शुद्ध हृदय से मैं जपूँ, होवे नय्या पार ॥२॥**
**क्षमा, दया, तप, तेज के, सुखमय पुण्य-निधान । गुरुवर आतमाराम जी, मंगलमय गुणखान ॥३॥**
**गुरुचरणों का ध्यान कर, मन में रख श्रद्धान । पाद तीसरा लिख रहा, हिन्दी में मुनि ज्ञान ॥४॥**

## ★ अथ स्यादि प्रत्ययों को होने वाली विधि [क] ★

सिद्धान्तकौमुदी आदि व्याकरण-शास्त्रों में जैसे सु औ जस् आदि सुबन्त प्रत्यय माने जाते हैं, इसी भांति सिद्ध-हेमशब्दानुशासन नामक व्याकरण-शास्त्र में भी सि औ जस् आदि स्यादि प्रत्यय स्वीकार किए गए हैं । प्रस्तुत प्रकरण में स्यादि प्रत्ययों के स्थान में होने वाली आदेशादि विधियों—कार्यों का निर्देश किया जा रहा है ।

४६०—वीप्सार्थक पद से परे यदि सि आदि प्रत्यय पड़े हों तो उनके स्थान में विकल्प से मकार होता है, स्वरादि (जिस के आदि में स्वर हो) वीप्सार्थक पद के आगे रहने पर । कार्य का नैरन्तर्य सूचित करने के लिए शब्द की आवृत्ति अर्थात् पुनरुक्ति वीप्सा कहलाती है । जैसे—१—**एकम्-एकम्**=एक्कमेक्कं (हर एक को), २—**एकेन-एकेन**=एक्कमेक्केण (प्रत्येक ने), ३—**अङ्ग-अङ्ग**=अङ्गमङ्गम्मि (प्रत्येक अङ्ग में) यहां पर एक आदि शब्दों का दो बार उच्चारण किया गया है। अतः ये वीप्सार्थक पद होने से इनके प्रथम शब्द से आगे पड़े सि आदि प्रत्ययों के स्थान में विकल्प से मकारादेश किया गया है । जहां पर मकारादेश नहीं हुआ, वहां पर **एकम्-एकम्**=एक्केक्कं, **एकेन-एकेन**=एक्केक्केण, अङ्ग-अङ्ग=**अङ्गाङ्गम्मि** ये रूप बनते हैं ।

४६१—अकारान्त नाम (प्रातिपदिक) से परे विद्यमान स्यादि प्रत्ययों के 'सि' प्रत्यय के स्थान में डो (ओ) यह आदेश होता है। जैसे—**वृक्षः**=वच्छो (वृक्ष), यहां 'सि' के स्थान में डो (ओ) यह आदेश किया गया है ।

४६२—एतद् और तद् शब्द के अकार से परे स्यादि प्रत्ययों के 'सि' के स्थान में विकल्प से

*शम् यह अव्ययपद प्रसन्नता, समृद्धि, कुशलता आदि अर्थों का बोधक है, शम् के प्रदाता को शङ्कर कहते हैं ।

'डो' यह आदेश होता है। जैसे—१—**एषः**=एसो, एस (यह), २—**सः नरः**=सो णरो, स णरो (वह मनुष्य) यहां पर 'सि' के स्थान में 'डो' यह आदेश विकल्प से किया गया है।

४९३—अकारान्त नाम (प्रातिपदिक) से परे स्यादि प्रत्ययों से सम्बन्धित जस् और शस् इन प्रत्ययों का लोप होता है। जैसे—१—**वृक्षाः एते**=वच्छा एए (ये वृक्ष हैं), २—**वृक्षान् पश्य**=वच्छे पेच्छ (वृक्षों को देख) यहां पर जस् और शस् प्रत्यय का लोप किया गया है।

४९४—अकारान्त प्रातिपादिक से परे विद्यमान अम्-प्रत्यय के अकार का लोप होता है। जैसे—**वृक्षं पश्य**=वच्छं पश्य (वृक्ष को देख) यहां अम्-प्रत्यय के अकार का लोप किया गया है।

४९५—अकारान्त शब्द से परे तृतीया विभक्ति के एक वचन 'टा' तथा षष्ठी विभक्ति के बहुवचन आम्, इस प्रत्यय के स्थान में 'ण' यह आदेश होता है। जैसे—१—**वृक्षेण**=वच्छेण (वृक्ष के द्वारा), २—**वृक्षाणाम्**=वच्छाण (वृक्षों को) यहां 'टा' तथा 'आम्' इन प्रत्ययों के स्थान में 'ण' यह आदेश किया गया है।

४९६—अकारान्त शब्द से परे '**भिस्**' प्रत्यय के स्थान में केवल **हि**, अनुनासिक-युक्त हि तथा अनुस्वार-सहित 'हि' का आदेश होता है। जैसे—**वृक्षैः कृता छाया**=वच्छेहि, वच्छेहिँ, वच्छेहिं कया छाही (वृक्षों के द्वारा की हुई छाया) यहां पर भिस् के स्थान में 'हि' आदि तीन आदेश किए गए हैं।

४९७—अकारान्त शब्दों से परे यदि '**ङसि**' प्रत्यय पड़ा हो तो उसके स्थान में—त्तो, दो, दु, हि, हिन्तो और लुक् ये ६ आदेश होते हैं। जैसे—**वृक्षात्**=१—वच्छत्तो, २—वच्छाओ, ३—वच्छाउ, ४—वच्छाहि, ५—वच्छाहिन्तो, ६—वच्छा (वृक्ष से) यहां ङसि प्रत्यय के स्थान में क्रमशः त्तो आदि ये पांच आदेश किए गए हैं। तथा एक स्थान पर उसका लोप भी कर दिया गया है। इस तरह अकारान्त शब्द के पंचम्यन्त एक वचन में छह रूप बन जाते हैं। यहां पर एक प्रश्न उपस्थित होता है कि प्रस्तुत सूत्र में पठित **दो** और **दु** इन आदेशों के स्थान पर "**ओ**" और 'उ' ये आदेश पढ़ने चाहिएं थे। क्योंकि 'दो' और 'दु' के दकार का तो १७७ सूत्र से लोप हो जाने पर ओकार और उकार ही शेष रहता है, फिर आकार और उकार को दकार-विशिष्ट बनाने का क्या उद्देश्य है? उत्तर में निवेदन है कि दकारविशिष्ट ये आदेश केवल प्राकृत भाषा के लिए ही नहीं हैं, इन का उपयोग भाषान्तर-दूसरी भाषा के लिए किया जायगा। शौरसेनी आदि भाषाओं में दकार का लोप नहीं होता, इसलिए दकारविशिष्ट आदेश सार्थक ही समझने चाहिएं।

४९८—अकारान्त शब्दों से परे यदि भ्यस् प्रत्यय तो हो उसके स्थान में भी १—त्तो, २—दो, ३—दु, ४—हि, ५—हिन्तो और ६—सुन्तो ये ६ आदेश होते हैं। जैसे—**वृक्षेभ्यः**=वच्छत्तो, वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छाहि, वच्छेहि, वच्छाहिन्तो, वच्छेहिन्तो, वच्छासुन्तो, वच्छेसुन्तो (वृक्षों से) यहां भ्यस् के स्थान में त्तो आदि ये ६ आदेश किए गए हैं।

४९९—अकारान्त शब्द से परे ङस् प्रत्यय के स्थान में संयुक्त सकार (स्स) होता है। जैसे—१—**प्रियस्य**=पियस्स (प्रिय का), २—**प्रेमणः**=**पेमस्स** (प्रेम का), ३—**उपकुम्भं शैत्यम्**=उवकुम्भस्स सीअलत्तणं (उपकुम्भ=समीप का शैत्य) यहां पर ङस् के स्थान में 'स्स' यह आदेश किया गया है।

५००—**अकारान्त** शब्द से परे ङि-प्रत्यय के स्थान में डित् (जिस में डकार इत् हो) एकार और संयुक्त मि (म्मि) यह दो आदेश होते हैं। जैसे—**१—वृक्षे**=वच्छे, वच्छम्मि (वृक्ष में), २—**देवम्**=देवम्मि (देव को), **३—तम्**=तम्मि (उस को) यहां ६२४ सूत्र से द्वितीया विभक्ति के स्थान

में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग होने से सप्तम्यन्त रूप दिखलाया गया है।

**५०१**—जस्, शस्, ङसि, त्तो, दो, दु और आम् इन प्रत्ययों के परे रहने पर अकार को दीर्घ हो जाता है। जैसे—१—**वृक्षाः**, **वृक्षान्**=वच्छा (अनेकों वृक्ष, या अनेक वृक्षों को), २—**वृक्षात्**= वच्छाओ, वच्छाउ, वच्छाहि, वच्छाहिन्तो, वच्छा (वृक्षो से), ३—**वृक्षेभ्यः**=वच्छत्तो, वच्छाओ, वच्छाउ (वृक्षों के लिए), ४—**वृक्षाणाम्**=वच्छाण (वृक्षों का) यहां पर क्रमशः जस्, शस्, ङसि, त्तो, दो, दु और आम् इन प्रत्ययों के परे रहने पर अकार को दीर्घ किया गया है। **वच्छत्तो** यहां पर ८४ सूत्र से आकार को अकार हो गया। यहां एक आशंका उत्पन्न होती है कि प्रस्तुत सूत्र में 'ङसि' यह प्रत्यय करना ही पर्याप्त था। त्तो, दो और दु इन तीन आदेशों को ग्रहण करने की कोई आवश्यकता नहीं थी। क्योंकि ४९७ सूत्र से त्तो आदि ये तीनों आदेश ङसि प्रत्यय के स्थान में होते ही हैं, आदेश को स्थानि-वत् मानकर कार्य सम्पन्न हो सकता था। ऐसी दशा में प्रस्तुत सूत्र में त्तो, दो और दु इनका ग्रहण करना अनावश्यक प्रतीत होता है? उत्तर में निवेदन है कि जैसे ४९७ सूत्र से ङसि के स्थान में त्तो, दो, दु ये तीनों आदेश होते हैं, वैसे ४९८ सूत्र द्वारा ये तीनों आदेश भ्यस् के स्थान में भी होते हैं। जब ये आदेश भ्यस्-स्थानी होते हैं तब ५०४ सूत्र से इनके परे रहने पर अकार को एकारादेश किया जा सकता है। इस एकारादेश को बाधित करने के लिए त्तो, दो, दु का ग्रहण किया गया है। भाव यह है कि अकारान्त शब्द से परे यदि त्तो, दो, दु ये आदेश पड़े हों तो अकार को दीर्घ ही होता है, एकार नहीं, यह नियम बनाने के लिए सूत्रकार ने प्रस्तुत सूत्र में त्तो, दो, दु इनका आश्रयण किया है।

**५०२**—भ्यस् प्रत्यय के स्थान में होने वाले आदेश के परे रहने पर अकार को विकल्प से दीर्घ होता है। जैसे—**वृक्षेभ्यः**=वच्छाहिन्तो, वच्छेहिन्तो, वच्छासुन्तो, वच्छेसुन्तो, वच्छाहि, वच्छेहि (वृक्षों के लिए या वृक्षों से) यहां पर भ्यसादेश (भ्यस् सम्बन्धी आदेश) के परे रहने से अकार को वैकल्पिक दीर्घ आकार किया गया है।

**५०३**—टा-प्रत्यय के स्थान में होने वाले 'ण' इस आदेश के तथा शस् प्रत्यय के परे रहने पर अकार को एकार होता है। जैसे—१—**वृक्षेण**=वच्छेण (वृक्ष से) यहां णादेश (आदेशभूत ण) के आगे रहने से अकार को एकार किया गया है। सूत्र में '**णादेश**' परे रहने पर अकार को जो एकार करने का विधान किया गया है, इसके कारण ही **आत्मना**=अप्पणा, अप्पणिआ, अप्पणइआ (आत्मा से) यहां पर णा, णिआ और णइआ इन टा-सम्बन्धी आदेशों के परे होने पर भी अकार को एकार नहीं हो सका। यदि "टा प्रत्यय के स्थान में होने वाले 'ण' इस आदेश" का विधान न करते तो 'णा' आदि उक्त आदेशों के परवर्ती होने पर भी अकार को एकार हो जाता। जो कि इष्ट नहीं था। २—**वृक्षान् प्रेक्ष्य**=वच्छे पेच्छ (वृक्षों को देख कर) यहां पर शस्-प्रत्यय के परे होने पर अकार को एकार किया गया है।

**५०४**—भिस्, भ्यस् और सुप् इन प्रत्ययों के परे रहने पर अकार को एकार होता है—जैसे—१—**वृक्षैः**=वच्छेहि, वच्छेहिँ, वच्छेहिं (वृक्षों से), २—**वृक्षेभ्यः**=वच्छेहि, वच्छेहिन्तो, वच्छेसुन्तो (वृक्षों के लिए, या वृक्षों से), ३—**वृक्षेषु**=वच्छेसु (वृक्षों पर) यहां पर भिस् आदि प्रत्ययों के परे रहने पर अकार को एकार किया गया है।

**५०५**—यदि भिस्, भ्यस् और सुप् ये प्रत्यय आगे पड़े हों तो शब्दों के इकार और उकार को दीर्घ होता है। **भिस् के उदाहरण**—जैसे—१—**गिरिभिः**=गिरीहिं (पहाड़ों से), २—**बुद्धिभिः**=बुद्धीहिं

(बुद्धियों के द्वारा), ३—**दधिभिः**=दहीहिं=(दहियों द्वारा), ४—**तरुभ्यः**=तरूहिं (वृक्षों द्वारा), ५—**धेनुभिः**=धेणूहिं (गौओं द्वारा), ६—**मधुभिः कृतम्**=महूहिं कयं (मधुओं द्वारा किया गया) **कयं** इस पद को '**गिरीहिं**' आदि सभी पदों के साथ जोड़ लेना चाहिए। **भ्यस् के उदाहरण**—जैसे—१—**गिरिभ्यः**=गिरीओ (पहाड़ों के लिए, या पहाड़ों से), २ - **बुद्धिभ्यः** = बुद्धीओ (बुद्धियों के लिए, या बुद्धियों से), ३ - **दधिभ्यः**=दहीओ (दहियों के लिए, या दहियों से), ४ - **तरुभ्यः**=तरूओ (वृक्षों के लिए या वृक्षों से), ५ - **धेनुभ्यः**=धेणूओ (गौयों के लिए या गौयों से), ६—**मधुभ्यः आगतः**=महूओ आगओ (मधुओं के लिए आगया या मधुओं से आगया) **आगओ** यह पद **गिरीओ** आदि सभी पदों से भी सम्बन्धित है। जहां ६१३ सूत्र द्वारा अदन्ताधिकार प्रतिपादित कार्य इकारान्तादि शब्दों को होने से, ४९८ सूत्र द्वारा भ्यस् के स्थान में हिन्तो और सुन्तो ये आदेश हो जाते हैं वहां पर **गिरीहिन्तो** और **गिरीसुन्तो आगओ** आदि रूप निष्पन्न होते हैं। **सुप् के उदाहरण** जैसे—१—**गिरिषु**=गिरीसु (पहाड़ों पर), २—**बुद्धिषु**=बुद्धीसु (बुद्धियों में), ३—**दधिषु**=दहीसु (दधिओं में), ४—**तरुषु**=तरूसु (वृक्षों पर), ५—**धेनुषु**=धेणूसु (गौओं में), ६—**मधुषु**=महूसु (मधुओं में) **स्थितम्**=ठिअं (स्थित है)। **बहुलाधिकार** के कारण कहीं पर इकार को दीर्घ नहीं होता। जैसे—**द्विजभूमिषु दानजलार्द्रितानि**=दिअभूमिसु दाणजलोल्लिआइं (द्विजभूमिओं अर्थात् हाथियों के निवासस्थानों में हाथियों के मद-जल ने स्थान आर्द्रित (गीले) कर दिए हैं) यहां पर सुप् के परे रहने पर भी इकार को दीर्घ ईकार नहीं हो सका। सूत्रकार ने जो '**इदुतः**' यह पद दिया है, इस कारण—**वृक्षैः**=वच्छेहिं, **वृक्षेभ्यः**=वच्छेसुन्तो, तथा **वृक्षेषु**=वच्छेसु यहां पर भिस्, भ्यस् और सुप् इन प्रत्ययों के परे रहने पर भी अकारान्त शब्द के अकार को दीर्घ नहीं हो सका। ध्यान रहे कि प्रस्तुत सूत्र से इकार और उकार को जो दीर्घ होता है, वह भिस्, भ्यस् और सुप् इन प्रत्ययों के आगे रहने पर ही होता है, यदि ये प्रत्यय आगे न हों तो इस सूत्र से दीर्घ नहीं होता। जैसे—**गिरिं, तरुं पश्य**=गिरिं तरुं पेच्छ (पहाड़ को, वृक्ष को देखो), यहां इकार और उकार को दीर्घ नहीं हो सका।

५०६—**उदन्त** [उकार है अन्त में जिस के] **चतुर्** शब्द के उकार को भिस्, भ्यस् और सुप् इन प्रत्ययों के परे रहने पर विकल्प से दीर्घ होता है। जैसे—१—**चतुर्भिः**=चऊहि, चउहि [चारों ने], २—**चतुर्भ्यः**=चऊओ, चउओ [चारों से], ३ - **चतुर्षु**=चऊसु चउसु [चारों में] यहां पर उकार को विकल्प से दीर्घ किया गया है।

५०७—यदि शस् प्रत्यय का लोप हो तो इकार और उकार को दीर्घ हो जाता है। जैसे—१ - **गिरीन्**=गिरी [पर्वतों को], २—**बुद्धीः**=बुद्धी [बुद्धियों को], ३—**तरून्**=तरू [वृक्षों को], ४—**धेनूः पश्य**=धेणू पेच्छ [गौयों को देखो] यहां शस् प्रत्यय का लोप होने पर इकार और उकार को दीर्घ किया गया है। सूत्रकार ने '**लुप्ते**' यह जो पद दिया है, इस का अर्थ है—जिस का लोप हो गया है, ऐसे शस् के परे होने पर। यहां पर प्रश्न उपस्थित होता है कि यदि इस पद का ग्रहण न करते तो क्या हानि थी? उत्तर में निवेदन है कि यदि इस पद का ग्रहण न होता तो—**गिरीन्**=गिरिणो [पहाडों को], २—**तरून् पश्य**=तरुणो पेच्छ [वृक्षों को देखो] यहां पर भी इकार, उकार को दीर्घ हो जाता, जो कि अनिष्ट था। ध्यान रहे, शस् प्रत्यय का लोप होने पर केवल इकार और उकार को ही दीर्घ होता है, किसी दूसरे स्वर को नहीं। जैसे—**वृक्षान् पश्य**=वच्छे पेच्छ [वृक्षों को देखो] यहां अकारान्त वृक्ष शब्द है, शस्-लोप होने पर भी इस के अकार को प्रस्तुत सूत्र से दीर्घ नहीं हो

सका। यहां एक आशंका उत्पन्न होती है कि ६१३ सूत्र द्वारा **अदन्तवद् अतिदेश** [उस के समान कार्य] होने से शस्-प्रत्यय के परे रहने पर भी ५०१ सूत्र से इकार और उकार को दीर्घ ईकार और ऊकार हो ही सकता है फिर ५०७ सूत्र बनाने की क्या आवश्यकता थी ? उत्तर में निवेदन है कि ५०१ सूत्र नित्यरूप से दीर्घ का विधान नहीं करता, इस का **योग-नियम** लक्ष्य-प्रयोग के अनुरोध-अनुसरण के अर्थ-निमित्त है। भाव यह है कि ५०१ सूत्र से होने वाला दीर्घ अनित्य है, सब स्थानों पर होने वाला नहीं है। यह प्रयोग का अनुसरण करता है। जिस प्रयोग में दीर्घ अपेक्षित हो, वहां पर इस [५०१] सूत्र से दीर्घ कर लेना चाहिए, जहां पर अनावश्यक हो, वहां पर नहीं करना चाहिए। परन्तु ५०७ सूत्र नित्यरूप से दीर्घ का विधान करता है, इस का कहना है कि जहां पर शस प्रत्यय लुप्त हो वहां पर इकार और उकार को दीर्घ अवश्य करना होता है।

एक और प्रश्न उपस्थित होता है कि यदि प्रस्तुत सूत्र में '**लुप्ते**' इस पद का ग्रहण न हो तो क्या हानि है ? उत्तर में निवेदन है कि '**णो**' इस पद के परे रहने पर **प्रतिप्रसवार्थ** की शंका की निवृत्ति के लिए '**लुप्ते**' इस पद का ग्रहण किया गया है। **प्रतिप्रसवार्थ** का अर्थ होता है—प्राप्त के निषेध का निषेध होने पर पूर्व-प्राप्त की पुनः प्राप्ति। इसे उदाहरण से समझिए। गिरि+शस्, यहां पर ५११ सूत्र से शस् के स्थान में '**णो**' यह आदेश करने पर '**गिरिणो**' यह रूप बनता है। इस में ६१३ सूत्र द्वारा अदन्त-वद् कार्य करने का विधान होने से ५०१ सूत्र द्वारा [स्थानि-वद्-भाव से णो को शस् मान कर] इकार को दीर्घ की प्राप्ति भी होती है, किन्तु ६१४ सूत्र द्वारा इस का निषेध कर दिया जाता है। प्रस्तुत सूत्र में यदि '**लुप्ते**' इस पद का ग्रहण नहीं करते तो यह ५०७ सूत्र इकार को दीर्घ करने का पुनः विधान करता है। इस तरह पहले ५०१ सूत्र से दीर्घ की प्राप्ति, ६१४ सूत्र द्वारा इस का निषेध, पुनः ५०७ सूत्र से दीर्घ-निषेध का निषेध हो कर पूर्व-प्राप्त इकारदीर्घ की प्राप्ति हो जाती है। भाव यह है कि प्राप्त इकारदीर्घ के निषेध का निषेध होने पर पुनः पूर्वप्राप्त इकार-दीर्घ की प्राप्ति रूप प्रतिप्रसवार्थ की शंका की निवृत्ति के लिए सूत्रकार ने प्रस्तुत सूत्र में '**लुप्ते**' इस पद का संनियोजन किया है जो कि पूर्णतया तर्कसंगत है। फलतः '**णो**' इस पद के आगे रहने से इकार को दीर्घ नहीं हो सका।

**५०८**—यदि नपुंसक लिङ्ग से भिन्न (पुल्लिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग से सम्बन्धित) सि-प्रत्यय परे हो तो उसके इकार और उकार को दीर्घ होता है। जैसे—१—**गिरिः**=गिरी [पर्वत], २—**बुद्धिः**=बुद्धी [अक्ल], ३—**तरुः**=तरू [वृक्ष], ४-**धेनुः**=धेणू [गौ], यहां पर सिप्रत्यय परे होने पर इकार और उकार को दीर्घ किया गया है। प्रस्तुत सूत्र में पठित **अक्लीबे** [नपुंसक-लिङ्ग से भिन्न] इस पद के कारण—१—**दधि**=दहिं [दही], २-**मधु**=महुं [शहद], नपुंसक-लिङ्गी इन शब्दों को सिप्रत्यय परे रहने पर भी दीर्घ नहीं हो सका। सूत्र-पठित "**सौ**" [सि प्रत्यय परे रहने पर] इस पद के कारण १—**गिरिम्**=गिरिं [पहाड को], २—**बुद्धिम्**=बुद्धिं [बुद्धि को], ३—**तरुम्**=तरुं [वृक्ष को], ४—**धेनुम्**=धेणुं [गौ को] इन पदों के अम् प्रत्यय परे रहने के कारण इकार और उकार को दीर्घ नहीं हो सका। कई एक आचार्य प्रस्तुत [५०८] सूत्र के **दीर्घ**—विधान को वैकल्पिक मानते हैं। उन का कहना है कि सि-प्रत्यय परे रहने पर इकार तथा उकार को विकल्प से दीर्घ होता है, जहां दीर्घ नहीं होता वहां पर '**सि**' प्रत्यय के स्थान में मकार का आदेश भी हो जाता है। जैसे—१—**अग्निः**=अग्गी, अग्गिं [आग], २—**निधिः**=निही, निहिं [खजाना], ३—**वायुः**=वाऊ वाउं [पवन],

४—**विधुः**=विहू, विहुं, [चन्द्र] यहां पर एक स्थान पर सि-प्रत्यय के आगे रहने पर इकार और उकार को दीर्घ तथा एक स्थान में **'सि'** प्रत्यय को मकार किया गया है।

५०९—५०५ वें सूत्र में से यहां पर **'इदुतः'** इस पद की अनुवृत्ति आती है। वहां पर यह पद षष्ठ्यन्त है, परन्तु प्रस्तुत में इस का पञ्चम्यन्त से सम्बन्ध जोड़ा जाता है। फलतः प्रस्तुत सूत्र का अर्थ होगा= **पुल्लिङ्ग में, इकार और उकार से परे यदि जस् प्रत्यय हो तो** उस के **स्थान में डित् (जिस का डकार इत् है) अउ और अओ, ये दो आदेश** विकल्प से **होते हैं**। जैसे—**अग्नयः**=अग्गउ, अग्गओ [अग्नियां], २—**वायवः तिष्ठन्ति**=वायउ, वायओ चिट्ठन्ति [हवाएं बन्द हैं] जहां पर प्रस्तुत सूत्र की प्रवृत्ति नहीं हुई वहां पर- **अग्गिणो, वाउणो**, जहां ६१३ सूत्र द्वारा अदन्तवद्-भाव हो जायेगा वहां पर—**अग्गी, वाऊ** ये रूप बनते हैं। प्रस्तुत सूत्र में पठित **'पुंसि** [पुल्लिङ्ग में] इस पद के कारण **१—बुद्धयः**=बुद्धीओ, २—**धेनवः**=धेणूओ, ३—**दधीनि**=दहीइं, ४—**मधूनि**=महूइं, इन स्त्रीलिङ्गी तथा नपुंसकलिङ्गी शब्दों में जस् प्रत्यय के स्थान में डउ [अउ], तथा डओ [अओ] ये दोनों आदेश नहीं हो सके। प्रस्तुत सूत्र में पठित **जसः** [जस् प्रत्यय को], इस पद से - १—**अग्गीन्**=अग्गी, अग्गिणो [अग्नियों को], २—**वायून् पश्यति**=वाऊ, वाउणो पेच्छइ [हवाओं को देखता है], यहां शस् प्रत्यय होने से उस के स्थान में डउ तथा डओ ये आदेश नहीं किए गए। ध्यान रहे कि प्रस्तुत सूत्र में पठित दोनों आदेश जस् प्रत्यय के स्थान में तभी होते हैं, यदि वह जस् प्रत्यय इकार और उकार से आगे पड़ा हुआ हो, अन्यथा नहीं। जैसे **वृक्षाः**=वच्छा [बहुत वृक्ष]यहां वृक्ष शब्द अकारान्त है, इकारान्त तथा उकारान्त नहीं है, अतः यहां जस् के स्थान में उक्त आदेश नहीं हो सके।

५१०—**उदन्त**[उकारान्त]शब्द से आगे यदि जस् प्रत्यय पड़ा हो तो पुल्लिङ्ग में उसे विकल्प से डित् [जिस में डकार इत् है] 'अवो' यह आदेश होता है। जैसे—**साधवः**=साहवो [अनेक साधु] जहां पर प्रस्तुत सूत्र से 'डवो' यह आदेश नहीं हो सका, वहां पर—**साहओ, साहउ, साहू, साहुणो** ये रूप बनते हैं। प्रश्न उपस्थित होता है कि प्रस्तुत सूत्र में **'उतः'** इस पद का ग्रहण क्यों किया गया है? उत्तर में निवेदन है कि **वृक्षाः**=वच्छा [बहुत वृक्ष] आदि अकारान्तादि शब्दों के जस् प्रत्यय को **'डवो'** यह आदेश न हो, इस विचार से सूत्रकार ने **'उतः'** इस पद का यहां ग्रहण किया है। **'डवो'** यह आदेश पुल्लिङ्ग में ही हो सकता है, स्त्रीलिङ्ग या नपुंसकलिङ्ग में नहीं। जैसे—१—**धेनवः**=धेणू, २—**मधूनि**=महूइं। यहां पर स्त्रीलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग शब्दों के जस्-प्रत्यय को **'डवो'** यह आदेश नहीं किया गया। इस के अतिरिक्त, यह भी समझ लेना चाहिए कि प्रस्तुत सूत्र से विहित **'डवो'** यह आदेश जस्-प्रत्यय के स्थान में ही होता है, शस् आदि किसी अन्य प्रत्यय को यह आदेश नहीं हो पाता। जैसे—**साधून् पश्य**=साहू, साहुणो पेच्छ [साधुओं को देखो] यहां पर शस्-प्रत्यय था, फलतः उसे 'डवो' यह आदेश नहीं हो सका।

५११—इकार और उकार से परे जो जस् और शस् ये दो प्रत्यय रहते हैं, इनको पुल्लिङ्ग में **'णो'** यह आदेश विकल्प से होता है। जैसे—१—**गिरयः, तरवः राजन्ते**=गिरिणो तरुणो रेहन्ति [पर्वत अथवा तरु सुशोभित हो रहे हैं], २—**गिरीन् तरून् पश्य**=गिरिणो, तरुणो पेच्छ [पर्वतों अथवा वृक्षों को देखो] जहां **'णो'** यह आदेश नहीं हुआ, वहां पर-**गिरी, तरू** ये रूप बन जाते हैं। प्रस्तुत-सूत्रोक्त **'णो'** यह आदेश पुल्लिङ्ग में ही होता है अन्यत्र नहीं। जैसे—१—**दधीनि**=दहीइं, २—**मधूनि** महूइं, यहां पर नपुंसकलिङ्ग होने के कारण **'णो'** यह आदेश नहीं हो सका। प्रश्न उपस्थित होता

है कि प्रस्तुत सूत्र में '**जस्-शसोः**' इस पद को ग्रहण करने का क्या प्रयोजन है ? उत्तर में निवेदन है कि १ –**गिरिम्**=गिरिं, २—**तरुम्**=तरुं, यहां पर जस् और शस् प्रत्यय का अभाव होने से ही **अम्** को '**णो**' यह आदेश नहीं हो सका। वृत्तिकार के '**इकार और उकार को ही दीर्घ होता है**' ऐसा कहने से ही १ –**वृक्षाः**=वच्छा, २—**वृक्षान्**=वच्छे, यहां पर अकार को दीर्घ नहीं किया गया। इस के अतिरिक्त, यह बात भी समझ लेनी चाहिए कि प्रस्तुत [५११] सूत्र में **जस्-शसोः** यह द्विवचनान्त पद है, और ५०५ सूत्र से अनुवृत्ति रूप में ग्रहण किया हुआ '**इदुतः**' यह निमित्तरूप पद एकवचनान्त है, इस वचन-भेद के कारण प्रस्तुत में "***यथासंख्यमनुदेशः समानाम्**" यह परिभाषा नहीं लगती। भाव यह है कि यहां पर '**जस्-शसोः**' का द्विवचन तथा '**इदुतः**' का एक वचन यथासंख्य [संख्या के अनुसार] होने वाले कार्य के अभाव को संसूचित करने के लिए अपनाया गया है। इसी तरह उत्तर=अगले सूत्र में भी जहां स्थानी और आदेश सम संख्या वाले न हों, इस परिभाषा का उपयोग कर लेना चाहिए।

**५१२**—पुल्लिङ्ग तथा नपुंसक-लिङ्ग में विद्यमान इकारान्त और उकारान्त शब्दों से परे यदि ङसि और ङस् ये दो प्रत्यय पड़े हों तो इनके स्थान में विकल्प से '**णो**' यह आदेश होता है। जैसे—१—**गिरेः**, **तरोः आगतः**=गिरिणो, तरुणो आगओ [वह पर्वत या वृक्ष से आ गया है], २—**गिरेः तरोः**, **विकारः**=गिरिणो, तरुणो विआरो [पर्वत-पहाड़ और वृक्ष का विकार है], ३—**दध्नः**, **मधुनः**, **आगतः**=दहिणो, महुणो आगओ [यह दधि-दही अथवा मधु-शहद से आया हुआ है=प्राप्त हुआ है], ४—**दध्नः**, मधुनः **विकारः**=दहिणो, महुणो विआरो [यह पदार्थ दही और शहद का विकार है] यहां पर ङसि और ङस् इन प्रत्ययों के स्थान में '**णो**' यह आदेश किया गया है। जहां पर ङसि प्रत्यय के स्थान में '**णो**' यह आदेश नहीं किया गया, वहां पर इकारान्त शब्द के १—**गिरीओ**, २—**गिरीउ**, ३—**गिरीहिन्तो**, उकारान्त शब्द के १—**तरूओ**, २—**तरूउ**, ३—**तरूहिन्तो**, ये रूप बन जाते हैं। ६१३ सूत्र द्वारा अदन्त-वद् अतिदेश होने से ४९७ सूत्र से ङसि प्रत्यय के स्थान में होने वाले '**हि**' इस आदेश का ६१६ सूत्र द्वारा तथा लुक् इस आदेश का ६१५ सूत्र द्वारा निषेध किया जाने वाला है। ङस् प्रत्यय के स्थान में जहां प्रस्तुत सूत्र द्वारा '**णो**' यह आदेश नहीं हुआ, वहां पर १—**गिरेः**=गिरिस्स (पर्वत का), २–**तरोः**=तरुस्स [वृक्ष का] ये रूप बनते हैं। प्रस्तुत सूत्र [५१२] में पठित '**ङसि-ङसोः**' इस पद के कारण १–**गिरिणा**, **तरुणा कृतम्**=गिरिणा, तरुणा कयं [पहाड़ अथवा वृक्ष से किया हुआ] यहां पर तृतीया विभक्ति के एक वचन टा-प्रत्यय के स्थान में '**णो**' यह आदेश नहीं हो सका। प्रश्न उपस्थित होता है कि '**पुंक्लीबे**' यह पद ग्रहण करने का क्या प्रयोजन है ? उत्तर में निवेदन है कि स्त्रीलिङ्ग में विद्यमान इकारान्त और उकारान्त शब्दों से परे ङसि और ङस् प्रत्ययों के स्थान में होने वाले '**णो**' इस आदेश के निषेधार्थ उक्त पद का ग्रहण किया गया है। जैसे–१–**बुद्धेः धेन्वः लब्धम्**=बुद्धीअ, धेणूअ लद्धं [बुद्धि-अक्ल तथा गौ से प्राप्त हुआ], २–**बुद्धेः**, **धेन्वः समृद्धिः**=बुद्धीअ, धेणूअ समिद्धी [बुद्धि या गाय का ऐश्वर्य है], यहां पर स्त्रीलिङ्गी इकार तथा उकार से परे पड़े ङसि और ङस् प्रत्यय के स्थान में '**णो**' यह आदेश नहीं किया गया। इस के अतिरिक्त, यह भी ध्यान रखना चाहिए कि इकारान्त और उकारान्त शब्दों से परे पड़े ही ङसि और ङस् प्रत्यय के स्थान में '**णो**' यह

* सम सम्बन्धी विधि यथासंख्य होती है। यदि उद्देश्य तथा प्रतिनिर्देश्य [स्थानी और आदेश] की संख्या समान हो तो वहां पर आदेश क्रम से-प्रथम को प्रथम, और द्वितीय को द्वितीय, इस प्रकार से होते हैं। लघुसिद्धान्त-कौमुदी।

आदेश किया जाता है। इसी कारण १—**कमलायाः**=कमलाओ [लक्ष्मी से], २—**कमलस्य**=कमलस्स [कमल, जल, तांबे, सारस पक्षी का] यहां पर अवर्णान्त शब्द से आए ङसि और ङस् इन प्रत्ययों के स्थान में '**णो**' यह आदेश नहीं हो सका।

५१३—पुल्लिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग में वर्तमान इकारान्त और उकारान्त शब्द से परे आए 'टा' इस प्रत्यय के स्थान में '**णा**' यह आदेश होता है। जैसे—१—**गिरिणा**=गिरिणा [पर्वत से], २—**ग्रामण्या**=गामणिणा [ग्राम के स्वामी से, नाई से या कामी पुरुष से], ३—**खलप्वा**=खलपुणा [झाड़ू देने वाले पुरुष से], ४—**तरुणा**=तरुणा (वृक्ष से), ५—**दध्ना**=दहिणा [दही से], ६—**मधुना**=महुणा [मधु से] यहां पर टा-प्रत्यय के स्थान में '**णा**' यह आदेश किया गया है। सूत्रकार ने जो **टो** [टा के स्थान में] यह पद दिया है, इस का प्रयोजन टा-प्रत्यय से भिन्न प्रत्ययों के स्थान में '**णा**' इस आदेश की निवृत्ति ही है। जैसे—१—**गिरयः**=गिरी [पर्वत], २—**तरवः**=तरू [वृक्ष] ३—**दधि**=दहिं, [दही को], ४—**मधु**=महुं [शहद को] यहां पर जस् तथा अम् प्रत्यय के होने से '**णा**' यह आदेश नहीं हो सका। यदि पुल्लिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग शब्द को छोड़ कर स्त्रीलिङ्ग का कोई शब्द होगा तो उस से आगे आने वाले टा-प्रत्यय के स्थान में भी 'णा' यह आदेश नहीं होता। जैसे—**बुद्ध्या धेनुना कृतम्**=बुद्धीअ, धेणूअ कयं [बुद्धि-अक्ल से, धेनु से किया हुआ], यहां बुद्धि और धेनु शब्द स्त्रीलिङ्ग हैं अतः इन के टा-प्रत्यय के स्थान में णादेश नहीं हो सका। इसके अतिरिक्त—यह णादेश इकारान्त और उकारान्त शब्दों से ही होता है, अन्यत्र नहीं। जैसे—**कमलेन**=कमलेण [कमल से] यहां कमल शब्द अकारान्त है, इसलिए टा के स्थान में '**णा**' यह आदेश नहीं किया गया।

५१४—नपुंसकलिङ्ग में विद्यमान स्वरान्त नाम-प्रातिपदिक से आगे यदि 'सि' प्रत्यय पड़ा हो तो उस के स्थान में '**म्**' यह आदेश होता है। जैसे—१—**वनम्**=वणं [जंगल], २—**प्रेम**=पेम्मं [अनुराग], ३—**दधि**=दहिं [दही], ४—**मधु**=महुं [शहद] यहां पर सि को मकारादेश किया गया है। प्रश्न हो सकता है कि **दहि** और **महु** इन शब्दों में '**सि**' प्रत्यय को मकारादेश क्यों नहीं किया गया? उत्तर में निवेदन है कि ये शब्द सिद्धापेक्षा से हैं अर्थात् संस्कृत भाषा में सिद्ध विभक्त्यन्त **दधि** और **मधु** इन शब्दों से बनाए गए हैं। कई **एक आचार्य** सि-प्रत्यय के स्थान में मकारादेश के साथ-साथ अनुनासिक यह आदेश भी स्वीकार करते हैं। उनके मत में-**दधि** शब्द के-**दहिँ**, **दहिं**, तथा **मधु** शब्द के **महुँ**, **महुं**, इस तरह दो-दो रूप बन जाते हैं। प्रस्तुत-सूत्र में पठित—**क्लीबे**, [नपुंसकलिङ्ग में विद्यमान] इस पद के कारण—१—**बालः**=बालो [बालक], २—**बाला**=बाला [बालिका], यहां पुल्लिङ्ग बाल तथा स्त्रीलिङ्ग बाला शब्द के सि-प्रत्यय को मकारादेश नहीं हो सका। इस के अलावा, सूत्रकार ने सूत्र में जो '**स्वरात्**' यह पद पढ़ा है, इस के कारण '**५०५**' सूत्र से आ रही '**इदुतः**' इस पद की अनुवृत्ति की निवृत्ति हो जाती है। भाव यह है कि नपुंसकलिङ्ग में वर्तमान शब्द स्वरान्त होना चाहिए, फिर भले ही वह अवर्णान्त हो, इवर्णान्त हो या उवर्णान्त।

५१५—नपुंसकलिङ्ग में विद्यमान नाम-प्रातिपदिक से परे यदि जस् और शस् ये प्रत्यय हों तो इनके स्थान में सानुनासिक [अनुनासिक सहित] तथा सानुस्वार [अनुस्वार-सहित] इकार और णि ये आदेश होते हैं तथा इन आदेशों के परे रहने पर पूर्वस्वर को दीर्घ हो जाता है। जैसे—**सानुनासिक इकार [इँ] का उदाहरण—५—यानि वचनानि अस्माकम्**=जाइँ वयणाइँ अम्हे [हमारे जो वचन हैं, अथवा हमारे जिन वचनों को], **सानुस्वार इकार [इं] के उदाहरण**, जैसे—१—**उन्मीलन्ति**

**पङ्कजानि**=उम्मीलन्ति पङ्कयाइं [पङ्कज=कमल खिलते हैं], **१—पङ्कजानि तिष्ठन्ति**=पंङ्कयाइं चिट्ठन्ति [कमल विद्यमान हैं], **२—पङ्कजानि पश्य**=पङ्कयाइं पेच्छ [कमलों को देखो], **३—दधीनि मधूनि भवन्ति भुंक्ष्व वा**=दहीइं हुन्ति, जेम वा [दधि यहां पर बहुत विद्यमान हैं अथवा दही खाइए], ४—**मधूनि मुञ्च**=महूइं मुञ्च [शहद को छोडो] इन पदों के साथ '**वा**' यह अव्ययपद **अथवा** इस **अर्थ** का बोधक है। **णि के उदाहरण—१—फुल्लन्ति पङ्कजानि गृहाण वा**=फुल्लन्ति पङ्कयाणि गेण्ह वा [कमल खिलते हैं अथवा तुम इन को ग्रहण करो], **२—भवन्ति दधीनि भुंक्ष्व वा**=हुन्ति दहीणि जेम वा [दही बहुत विद्यमान हैं, अथवा दधि खाइए] **एवं**=इसी प्रकार=**मधूनि**=महूणि [मधु (शहद) शब्द का बहुवचन] इस शब्द की भी सिद्धि होती है। यहां पर जस् और शस् इन प्रत्ययों के स्थान में सानुनासिक और सानुस्वार इकार, एवं णि ये आदेश किए गए हैं, और पूर्व-स्वर दीर्घ बनाया गया है। सानुनासिक इकार आदि आदेश नपुंसकलिङ्ग में ही वर्तमान शब्द के जस्-शस् प्रत्ययों को होते **हैं**, अन्य लिङ्ग वाले शब्दों के जस्-शस् को ये आदेश नहीं होते। **जैसे—१—वृक्षाः**=वच्छा [प्रथमा-विभक्ति का बहुवचन], २—**वृक्षान्**=वच्छे [द्वितीया विभक्ति का बहुवचन] यहां वृक्ष शब्द पुल्लिङ्ग है, अतः इस के जस् **और** शस् इन प्रत्ययों को सानुनासिक इकारादि आदेश नहीं हो सके। इसके अलावा, यह भी समझ लेना चाहिए कि ये आदेश जस् और शस् इन प्रत्ययों के स्थान में ही होते हैं, सि आदि अन्य प्रत्ययों को नहीं। **जैसे—सुखम्**=सुहं [आनन्द] यहां सुख शब्द नपुंसकलिङ्गी होने पर भी प्रथमाविभक्ति का एकवचनान्त है, अतः इस के सि प्रत्यय को इँ आदि यह आदेश नहीं हो सके।

**५१६—स्त्रीलिङ्ग** में वर्तमान नाम-शब्द से परे यदि जस् और शस् ये दो प्रत्यय हों तो प्रत्येक के स्थान में उत् और ओत् ये दो दो आदेश विकल्प से होते हैं और पूर्वस्वर को दीर्घ होता है। प्रस्तुत सूत्र में ५१५ सूत्र से '**जस्-शसः**' इस पद की अनुवृत्ति आती है। यहां एक आशंका उत्पन्न होती है कि **जस्-शसः** यह स्थानी पद एकवचनान्त दिखाई दे रहा है, और '**उदोतौ**' यह आदेश-पद द्विवचनान्त है, ऐसा क्यों? आदेश-पद की भाँति स्थानिपद भी द्विवचनान्त होना चाहिए था? उत्तर में निवेदन है कि यह वचन-गत भेद *"**यथासंख्यनुदेशः समानाम्**' इस परिभाषा की निवृत्ति के लिए है। अर्थात् यहां पर यह परिभाषा नहीं लगती है। सूत्र के उदाहरण इस प्रकार हैं। **जैसे—१—मालाः**=मालाउ, मालाओ [माला], २—**बुद्धयः, बुद्धीः**=बुद्धीउ, बुद्धीओ [बुद्धि], **३—सख्यः**,=सहीउ, सहीओ [सहेली], ४—**धेनवः, धेनूः**=धेणूउ, धेणूओ [गौ], ५—**वध्वः=वहूउ, वहूओ,** [पत्नी] माला आदि सभी शब्द प्रथमा तथा द्वितीया **विभक्ति के बहुवचनान्त** हैं। विभक्तिगत अर्थकल्पना स्वयं कर लेनी चाहिए। यहां पर जस् और शस् इन प्रत्ययों के स्थान में उकार और ओकार कर के पूर्वस्वर को दीर्घ किया गया है। जहां पर प्रस्तुत सूत्र की प्रवृत्ति नहीं हुई वहां पर क्रमशः=**माला, बुद्धी, सही, धेणू** और **वहू** ये रूप बनते हैं। प्रस्तुत सूत्र में '**स्त्रियाम्**' इस पद के उल्लेख से-**वृक्षाः, वृक्षान्**=वच्छा, यहां पर पुल्लिङ्ग शब्द होने से जस्-शस् के स्थान में उकार और ओकार ये आदेश नहीं हो सके। भाव यह है कि स्त्रीलिङ्ग-भिन्न शब्दों से '**उ**' और '**ओ**' इन आदेशों के निषेधार्थ '**स्त्रियाम्**' इस पद का उल्लेख किया गया है। इस के अलावा, यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ये आदेश जस् और शस् के स्थान में ही होते हैं, अन्यत्र नहीं। इसीलिए-**मालया कृतम्**=मालाए कयं [माला द्वारा किया हुआ] यहां '**टा**' के स्थान में ये आदेश नहीं हो सके।

***देखो पृष्ठ ३६० की टिप्पणी।**

**५१७—स्त्रीलिङ्ग** में विद्यमान ईकारान्त शब्द से परे यदि जस् और शस् ये दो प्रत्यय पड़े हों तो इन के स्थान में विकल्प से आकार होता है। **जस्-प्रत्यय के उदाहरण**, **जैसे—१—एषा हसन्ती**= एसा हसन्तीआ (यह हंसती हुई), जहां आकारादेश नहीं हुआ, वहां पर **हसन्ती**, ऐसा रूप बनता है। २—**गौर्य्यः तिष्ठन्ति**=गोरीआ चिट्ठन्ति (सुन्दरियां विद्यमान हैं) जहां पर आकारेदेश नहीं हो सका, वहां पर **गोरीओ** यह रूप बन जाता है। **शस्-प्रत्यय का उदाहरण, जैसे—१—गौरीः पश्य**= गोरीओ पेच्छ (गौरवर्ण की नारिओं को देखो) यहां पर जस्-शस् इन प्रत्ययों के स्थान में विकल्प से आकार किया गया है।

**५१८— स्त्रीलिङ्ग** में विद्यमान शब्द से परे यदि टा, ङस् और ङि ये प्रत्यय हों तो प्रत्येक के स्थान में **अत्** (**अ**), **आत्** (**आ**), **इत्** (**इ**) और **एत्** (**ए**) ये चार आदेश होते हैं। तथा **पूर्वस्वर दीर्घ** हो जाता है। किन्तु ङसि प्रत्यय के स्थान में अकारादि ये चारों आदेश विकल्प से होते हैं, और पूर्वस्वर भी विकल्प से दीर्घ होता है। **टा-प्रत्यय का उदाहरण**, जैसे—**१—मुग्धया कृतम्**=मुद्धाअ, मुद्धाइ, मुद्धाए कयं (मुग्धा=सम्मोहित नारी से किया हुआ) **ङस् प्रत्यय का उदाहरण**, जैसे—**१—मुग्धायाः मुखम्**= मुद्धाअ, मुद्धाइ, मुद्धाए मुहं (मुग्धा का मुख) **ङि-प्रत्यय का उदाहरण**, जैसे—**मुग्धायाम् स्थितम्** = मुद्धाअ, मुद्धाइ, मुद्धाए ठिअं (मुग्धा स्त्री में स्थित-ठहरा हुआ) यदि ४३५ सूत्र से क-प्रत्यय कर लिया जाए तो— टा, ङस् तथा ङि इन प्रत्ययों के – **मुद्धिआ-अ, मुद्धिआ-इ, मुद्धिआ-ए**, ये रूप बन जाते हैं। २—**कमलिकया, कमलिकायाः, कमलिकायाम्**=कमलिआ-अ कमलिआ-इ, कमलिआ-ए (कमला-लक्ष्मी ने, लक्ष्मी का, लक्ष्मी में), **३—बुद्ध्या कृतम्, बुद्ध्याः विभवः, बुद्ध्याम् स्थितम्**=बुद्धीअ, बुद्धीआ, बुद्धीइ, बुद्धीए कयं विहवो, ठिअं वा (बुद्धि ने किया, बुद्धि का ऐश्वर्य अथवा बुद्धि में रहा हुआ), **४—सख्या कृतम्, सख्याः वदनम्, सख्याम्**=सहीअ, सहीआ, सहीइ, सहीए, कयं वयणं ठिअं वा (सखी-सहेली ने किया, सखी का मुख, अथवा सखी में रहा हुआ), **५—धेन्वा कृतम्, धेन्वाः दुग्धम्, धेन्वाम् स्थितम्**= धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ, धेणूए कयं, दुद्धं ठिअं वा (गौ ने किया, धेनु का दूध, धेनु में रहा हुआ), ६— **वध्वा कृतम्, वध्वाः भवनम्, वध्वाम् स्थितम्**=वहूअ, वहूआ, वहूइ, वहूए कयं, भवण, ठिअं वा (पत्नी-अर्द्धाङ्गिनी ने किया, पत्नी का भवन-मकान, अथवा पत्नी में रहा हुआ) यहां पर क्रमशः टा, ङस् और ङि इन प्रत्ययों के स्थान में अ, आ, इ और ए ये चार आदेश करके पूर्वस्वर को दीर्घ किया गया है। **ङसि-प्रत्यय के उदाहरण**, जैसे—**१—मुग्धायाः**=मुद्धाअ, मुद्धाइ, मुद्धाए, जहां पर प्रस्तुत सूत्र से अकारादि आदेश नहीं हो पाए वहां पर, **मुद्धाओ, मुद्धाउ, मुद्धाहिन्तो** (मुग्धा नारी से) २—**बुद्ध्याः**= बुद्धीअ, बुद्धीआ, बुद्धीइ, बुद्धीए (**दूसरे पक्ष में**) बुद्धीओ, बुद्धीउ, बुद्धीहिन्तो (बुद्धि से) ३—**सख्याः**= सहीअ, सहीआ, सहीइ, सहीए (**दूसरे पक्ष में**) सहीओ, सहीउ, सहीहिन्तो (सखी से) ४—**धेन्वः** =धेणूअ, धेणूआ, धेणूइ, धेणूए (**दूसरे पक्ष में**) धेणूओ, धेणूउ, धेणूहिन्तो (धेनु से), ५—**वध्वः आगतः**=वहूअ, वहूआ, वहूइ, वहूए, (**दूसरे पक्ष में**) वहूओ, वहूउ, वहूहिन्तो आगओ (पत्नी से आया हुआ), ६—**रत्यः**=रईअ, रईआ, रईइ, रईए (**दूसरे पक्ष में**) रईओ, रईउ, रईहिन्तो (रति—कामदेव की स्त्री, आनन्द या सम्भोग से) यहां पर प्रस्तुत [५१८] सूत्र से ङसि प्रत्यय परे होने से अकारादि आदेश विकल्प से किए गए हैं। जहां ये आदेश नहीं हुए वहां पर ४९७ सूत्र से ङसि के स्थान में दो, दु आदि आदेश किए गए हैं। तथा इन प्रयोगों में भी ६१३ सूत्र से अदन्तवद् अतिदेश होने के कारण ५०१ सूत्र से पूर्वस्वर को दीर्घ किया गया है। यहां एक आशंका उत्पन्न होती है कि मूल में **मुद्धाआ**,

**मुद्धिआ-आ** तथा **कमलिआ-आ,** इन प्रयोगों का उल्लेख क्यों नहीं किया गया? क्या कारण है ? उत्तर में निवेदन है कि ५१९ सूत्र से आकारान्त शब्दों से 'आ' इस आदेश का निषेध किया जाने वाला है। प्रस्तुत सूत्र द्वारा अकारादि जो आदेश किए जाते हैं, ये सब स्त्रीलिङ्ग में ही होते हैं, पुल्लिङ्ग या नपुंसकलिङ्ग में ये आदेश नहीं हो पाते। जैसे—१—**वृक्षेण**=वच्छेण (वृक्ष से), २—**वृक्षाद्**= वच्छाओ (वृक्ष से), ३—**वृक्षस्य**=वच्छस्स (वृक्ष का) ४-**वृक्षे**=वच्छम्मि (वृक्ष पर), यहां पुल्लिङ्ग वृक्ष शब्द से टा आदि प्रत्ययों के स्थान में अ आदि आदेश नहीं हो सके। इस के अलावा, यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ये आदेश भी टा, ङसि, ङस् और ङि इन प्रत्ययों के स्थान में ही होते हैं, अन्य किसी प्रत्यय को नहीं। जैसे—१—**मुग्धा**=मुद्धा, २—**बुद्धिः**=बुद्धी, ३—**सखी**=सही, ४—**धेनुः** =धेणू, ५—**वधूः**=वहू। यहां पर प्रथमाविभक्ति का प्रत्यय होने से अत् आदि आदेश नहीं हो सके।

**५१९—स्त्रीलिङ्ग** में वर्तमान आकारान्त शब्दों से परे टा, ङसि, ङस् और ङि इन प्रत्ययों के स्थान में ५१८ सूत्रोक्त अ, **इ, ए** ये तीन आदेश होते हैं, किन्तु **आत्** यह आदेश नहीं होता। जैसे— **मालया कृतम्, मालायाः आगतः, मालायाः सुखम्, मालायां स्थितम्**=मालाअ, मालाइ, मालाए कयं, आगओ, सुहं, ठिअं वा [माला ने किया, माला से आया, माला-सम्बन्धी सुख अथवा माला में रहा हुआ] यहां 'आ' इस आदेश को छोड़ कर शेष अकारादि तीन आदेश किए गए हैं। ङसि प्रत्यय में पहले की भांति विकल्प रहता है। जहां पर अ आदि तीन आदेश नहीं हुए वहां पर—**मालाओ, मालाउ, मालाहिन्तो,** ये रूप बनते हैं।

**५२०—सिद्धहेमशब्दानुशासन** के "**अणादिसूत्रेण** ।२।४।२०।" इस सूत्र से '**अण**' आदि प्रत्ययनिमित्तक जो 'ङी' यह प्रत्यय होता है, वह प्रत्यय प्राकृतभाषा में **स्त्रीलिङ्ग** में विद्यमान शब्द को विकल्प से होता है। जैसे—**१—साधनी**=साहणी, जहां पर ङीप्रत्यय नहीं हुआ, वहां पर २।४।१८। सूत्र से आप्-प्रत्यय होने पर **साहणा** [साधन, उपाय, सैन्य, लश्कर], **२—कुरुचरी**=कुरुचरी, कुरुचरा (कुरुदेश में विचरण करने वाली) यह रूप बनता है। यहां पर विकल्प से ङी यह प्रत्यय किया गया है।

**५२१—अजातिवाचक** (जो जातिवाचक नहीं है) पुल्लिङ्ग शब्द यदि स्त्रीलिङ्ग में आए तो प्राकृत-भाषा में उस से ङी-प्रत्यय विकल्प से होता है। भावों का परिचय प्राप्त करने के लिए संज्ञाओं का प्रयोग किया जाता है। संज्ञा शब्द के विशेष अर्थ को प्रकट करने का एक साधन माना गया है। अर्थ-भेद के कारण संज्ञा-भेद का होना स्वाभाविक ही होता है। संज्ञाएं तीन प्रकार की होती हैं—जैसे—**१—जातिवाचक**, २—**व्यक्तिवाचक** और ३=**भाववाचक**। जहां कोई एक नाम लेने से किसी जाति का बोध होता हो उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे—गाय, बैल, मनुष्य, पुरुष, नारी आदि। जहां एक नाम लेने से केवल एक ही व्यक्ति या वस्तु का बोध प्राप्त होता हो वह व्यक्तिवाचक संज्ञा है। जैसे—**भगवान राम, महावीर, गौतम, जम्बू, आचार्यसम्राट् पूज्य श्री आत्माराम जी महाराज** आदि। जहां किसी पदार्थ के धर्म, भाव और गुण आदि का परिचय प्राप्त हो वह भाववाचक संज्ञा कहलाती है। जैसे, मिठास, बचपन, खटास, भारीपन आदि। जो जातिवाचक संज्ञा न हो उसे अजातिवाचक संज्ञा कहा गया है। सूत्रकार कहते हैं कि अजातिवाचक पुल्लिङ्ग शब्दों को स्त्रीलिङ्ग में विकल्प से ङी-प्रत्यय होता है। जैसे—**१—नीलः**=नीली, नीला (नीलवर्ण वाली, नीललेश्या), २—**कालः**=काली काला (कृष्ण वर्ण), ३—**हसन्**=हसमाणी, हसमाणा (हंसती हुई), ४—**शूर्पणखा**= सुप्पणही, सुप्पणहा (रावण की बहिन) ४—**अनया**=एईए, एआए (इस स्त्री ने) ५—**आसाम्**=

इमीणं, इमाणं (इन स्त्रियों का), ६—**एतया**=एईए, एआए (इस स्त्री ने), ७—**एतासाम्**=एईणं, एआणं (इन बालिकाओं का) यहां पर अजातिवाचक पुल्लिङ्ग शब्द को स्त्रीलिङ्ग की विवक्षा में विकल्प से ङी-प्रत्यय किया गया है। यहां पर प्रश्न उपस्थित होता है कि सूत्रकार ने "**अजातेः**" इस पद को किस प्रयोजन से ग्रहण किया है? **उत्तर** में निवेदन है कि **करी** (हाथी), **अज** (बकरा), और **एलक** (मेढा) आदि जो जातिवाचक शब्द हैं, इन को विकल्प से '**ङी**' यह प्रत्यय न हो, इस उद्देश्य से सूत्रकार ने '**अजातेः**' इस पद का उल्लेख किया है। संस्कृत-भाषा में जब उक्त शब्द स्त्रीलिङ्गी बनते हैं, तब इन का १—**करिणी,** (हथिनी), २—**अजा** (बकरी), तथा ३—**एलका** (मेढी) ये रूप बन जाते हैं। यही रूप प्राकृतभाषा में आने पर-**करिणी, अया, एलया,** ऐसा रूप धारण कर लेते हैं। 'प्रस्तुत' सूत्र में पिछले ५२० सूत्र से '**वा**' इस पद की जो अनुवृत्ति आती है, यह पद विभाषा-विकल्प का संसूचक है, नीलादि शब्दों में ङीप्रत्यय की प्राप्ति नहीं थी, तथापि यहां पर प्रस्तुत सूत्र ने उस का वैकल्पिक विधान किया है। इसी लिए १—**गौरी**=गोरी, *(गौर वर्ण वाली नारी)*, २—**कुमारी**=कुमारी (अविवाहित लड़की) आदि शब्दों में संस्कृत भाषा के समान नित्य ही 'ङी' प्रत्यय होता है।

५२२—**सि, अम्** और **आम्** इन प्रत्ययों को छोड़ कर यदि कोई अन्य स्यादि (सि आदि) प्रत्यय परे पड़ा हो तो **किम्, यद्** और **तद्** इन शब्दों से स्त्रीलिङ्ग में ङी-प्रत्यय विकल्प से होता है। जैसे—१—**काः** ?=कीओ काओ ? (कौन हैं ?) २—**कया**=कीए काए (किस ने), ३—**कासु**=कीसु कासु (किन में) इसी प्रकार १—**याः**=जीओ जाओ (जो हैं), २—**ताः**=तीओ, ताओ, (वे हैं) इत्यादि शब्दों में वैकल्पिक ङी-प्रत्यय किया गया है। सूत्र में पठित—'**अस्यमामि**' इस पद का अर्थ है—सि, अम् और आम् इन प्रत्ययों को छोड़ कर। सूत्र-पठित इस पद के कारण ही १=**का**—**का** (कौन है), २—**या**=जा (जो), ३—**सा**=सा (वह), ४—**काम्**=कं (किस को), ५—**याम्**=जं (जिस को), ६—**ताम्**=तं (उस को) ७—**कासाम्**=काण (किन को), ८—**यासाम्**=जाण (जिन को), ९—**तासाम्**=ताण (उन को) यहां पर ङी-प्रत्यय नहीं हो सका। ये सब सि, अम् और आम् इन प्रत्ययों के उदाहरण समझने चाहिएं।

५२३—**आप्-प्रत्यय** का प्रसंग होने पर **छाया** और **हरिद्रा** इन शब्दों से स्त्रीलिङ्ग में विकल्प से ङी-प्रत्यय होता है। जैसे—१—**छाया**=छाही, छाया (परछाई), २—**हरिद्रा**=हलद्दी, हलद्दा (हलदी) यहां पर वैकल्पिक ङी-प्रत्यय किया गया है।

६३४—त्यादि प्रत्ययों के स्थान मे जो **एच्** और **से** ये दो आदेश कहे गए हैं, वे अकारान्त धातुओं से ही होते हैं, अन्यत्र नहीं। जैसे—१—**हसति**=हसए (वह हंसता है), २—**हससि**=हससे (तू हंसता है), ३—**त्वरते**=तुवरए, (वह जल्दी करता है), ४—**त्वरसे**=तुवरसे (तू जल्दी करता है), ५—**करोति**=करए (वह करता है), ६—**करोषि**=करसे (तू करता है) यहां पर अकारान्त धातुओं से परे रहने पर ही तिव् के स्थान **से एच्** और **सिव्** के स्थान में **से** यह आदेश किया गया है। प्रश्न उपस्थित होता है कि सूत्रकार ने '**अतः** (अकारान्त से परे हो)" ऐसा क्यों कहा? उत्तर में निवेदन है कि १—**तिष्ठति**=ठाइ (वह ठहरता है), २—**तिष्ठसि**=ठासि (तू ठहरता है), ३—**उद्वाति**=वसुआइ (वह ऊपर को जाता है), ४—**उद्वासि**=वसुआसि (तू ऊपर को जाता है), ५—**भवति**=होइ (वह होता है), ६—**भवसि**=होसि (तू होता है) आदि आकारान्त तथा ओकारान्त धातुओं से परे पड़े तिव् तथा सिव् के स्थान में **एच्** और **से** इन आदेशों का निषेध करने के लिए सूत्रकार ने '**अतः**' इस पद का उल्लेख किया है। इस के अतिरिक्त, यह भी समझ लेना चाहिए कि प्रस्तुत सूत्र में जो '**एव**' यह पद पढा है, इस का सम्बन्ध '**अतः**' इस पद के साथ ही है, **एच्** और **से** के साथ नहीं है। यदि इन पदों के साथ **एव** का सम्बन्ध जोडा जायगा तो सूत्र का अर्थ होगा—**अकारान्त धातुओं से एच् और से ये दो ही आदेश होते हैं, अन्य नहीं**। ऐसा अर्थ इष्ट नहीं है, क्योंकि ऐसा अर्थ करने पर—अकारान्त धातुओं से इच् और सि, ये आदेश नहीं हो सकेंगे। इसलिए '**एव**' इस पद को '**अतः**' इस पद से ही सम्बन्धित समझना

चाहिए। इसी लिए वृत्तिकार फरमाते हैं कि '**एव**' यह पद **अकारान्त** धातुओं से **एच् और से ये दो आदेश ही** होते हैं, इस विपरीत-शास्त्रविरुद्ध, अवधारण-निश्चय या बोध का निषेध करने के लिए जानना चाहिए। इस तरह अकारान्त धातु से **इच्** और **सि** ये दोनों आदेश भी सिद्ध हो सकेंगे। जैसे—१—**हसति**=हसइ (वह हंसता है), २—**हससि**=हससि (तू हंसता है), ३—**वेपते**=वेवइ (वह कांपता है), ४—**वेपसे**=वेवसि (तू कांपता है) यहां पर तिव् के स्थान में **इच्** और सिव् के स्थान में '**सि**' यह आदेश हो गया।

६३५—द्वितीय त्रिक (मध्यमपुरुष) के आदेश-भूत '**सि**' के साथ अस्-धातु के स्थान में '**सि**' यह आदेश होता है। जैसे—१—**निष्ठुरः यद् असि**=निट्ठुरो जं सि (तू निष्ठुर=कठोर जो है), यहां पर सि के साथ अस्धातु को सि यह आदेश किया गया है। प्रश्न उपस्थित होता है कि प्रस्तुत सूत्र में '**सिना** (सि के साथ)' यह पद पढने का क्या प्रयोजन है? उत्तर में निवेदन है कि जहां सिव्-प्रत्यय के स्थान में ६२९ सूत्र '**से**' यह आदेश होता है, वहां पर उस के साथ कहीं अस् धातु को '**सि**' यह आदेश न हो जाए, इस दृष्टि से सूत्रकार ने '**सिना**' इस पद का उल्लेख किया है। दूसरी बात, **सिव्** के स्थान में '**से**' यह आदेश हो जाने पर तो अस्धातु का **असि त्वम्**=अत्थि तुमं (तू है) यह रूप बनता है।

६३६—**मि, मो** और **म** इन आदेशों के साथ **अस्** धातु के स्थान में यथासंख्य (संख्या-गणना के अनुसार) **म्हि, म्हो** और **म्ह** ये तीन आदेश विकल्प से होते हैं। अर्थात् आदेशभूत **मि** के साथ अस् धातु को **म्हि**, अस्धातु सहित **मो** को **म्हो** और अस्-धातु के साथ **म** को **म्ह** यह आदेश होता है। जैसे—१—**एषोऽस्मि**=एस म्हि (मैं यह हूं), २—**गताः स्मः**=गय म्हो, गय म्ह (हम गए हैं), यहां पर **मि** आदि आदेशों के साथ अस् धातु के स्थान में'**म्हि**'आदि तीन आदेश किए गए हैं। प्रश्न उपस्थित होता है कि **मिव्** प्रत्यय के स्थान में ६३० सूत्र से '**मि**' यह आदेश होता है, तथा ६३३ सूत्र से मस् के स्थान में-**मो, मु, म**, ये तीन आदेश होते हैं। इस तरह उत्तमपुरुष के एकवचन तथा बहुवचन के स्थान में होने वाले आदेशों की संख्या चार हो जाती है, किन्तु प्रस्तुत सूत्र में सूत्रकार ने मि, मो, म इन तीनों का ग्रहण किया है, चौथा 'मु' यह आदेश क्यों छोड़ दिया गया है? इस प्रश्न का समाधान करते हुए वृत्तिकार फरमाते हैं कि सूत्रकार ने '**मु**' का जो ग्रहण नहीं किया, इस से ऐसा निश्चय होता है कि अस्धातु से 'मस्' के स्थान में 'मु' यह आदेश होता ही नहीं है। जहां पर प्रस्तुत सूत्र से '**म्हि**' आदि आदेश नहीं होने पाए वहां पर—१—**अस्मि अहम्**=अत्थि अहं (मैं हूं), २—**स्मो वयम्**=अत्थि अम्हे अम्हो (हम हैं) ऐसे रूप बनते हैं। यहां अस् धातु को'म्हि' आदि आदेश नहीं हो सके। यहां एक आशंका उत्पन्न होती है कि संस्कृत-भाषा के नियमों से निष्पन्न-'**स्मः**' इस पद का ३४५ सूत्र से '**म्ह**' यह आदेश कर लेने पर तथा ३७ सूत्र से विसर्ग को '**डो** (ओ)' यह आदेश करने से'**म्हो**' यह रूप सिद्ध हो जाता है, तो फिर प्रस्तुत सूत्र द्वारा इस प्रयोग को सिद्ध करने की क्या आवश्यकता थी? उत्तर में निवेदन है कि '**म्हो**' यह पद उक्त सूत्रों द्वारा सिद्ध हो सकता है। इस में सन्देह वाली कोई बात नहीं है, किन्तु विभक्तिविधि (सुप् आदि प्रत्ययों के निमित्त से जो कार्य किया जाता है) में प्रायः साध्यमान (जिस मे प्रकृति और प्रत्यय का अलग-अलग निर्देश किया जाए) अवस्था ही अङ्गीकार की जाती है। विभक्तिविधि में सिद्धावस्था (जिस में प्रकृति और प्रत्यय का निर्देश न हो) का आश्रयण नहीं होता। क्योंकि यदि सिद्धावस्था ही सर्वत्र आदरास्पद होती तो **वच्छेण, वच्छेसु, सव्वे, जे, के, ते** आदि प्रयोग संस्कृत-भाषा द्वारा सिद्ध-**वृक्षेण, वृक्षेषु, सर्वे, ये, के, ते** आदि शब्दों से ही निष्पन्न हो सकते थे, फिर

इन प्रयोगों को निष्पन्न करने वाले अन्य सूत्रों को बनाने की क्या आवश्यकता थी ? अतः प्रयोग-साधक सूत्रों को रचना होने से यह भली-भाँति प्रमाणित हो जाता है कि विभक्तिविधि में सिद्धावस्था का आश्रयण नहीं होता, यहां तो साध्यमान अवस्था ही अङ्गीकार की जाती है। इसलिए प्रस्तुत सूत्र में **'म्हो'** इस प्रयोग का जो निर्देश किया गया है, वह सर्वथा उपयुक्त एवं शास्त्रसम्मत है।

६३७—तिव् आदि प्रत्ययों के साथ असधातु के स्थान में **'अत्थि'** यह आदेश होता है। जैसे—१—**अस्ति सः**=अत्थि सो (वह एक है), २—**सन्ति ते**=अत्थि ते (वे सब हैं), ३—**असि त्वम्**=अत्थि तुमं (तू है),४—**स्थ यूयम्**=अत्थि तुम्हे (तुम सब हैं),५—**अस्मि अहम्**=अत्थि अहं (मैं एक हूं), ६—**स्मो वयम्**=अत्थि अम्हे (हम सब हैं),यहां पर त्यादि प्रत्ययों के साथ असधातु के स्थान में **अत्थि** यह आदेश किया गया है।

६३८—णि (णिग्) के स्थान में **अत्** (अ), **एत्** (ए), **आव** और **आवे** ये चार आदेश होते हैं। जैसे—१—**दर्शयति**=दरिसइ (दिखलाता है), २—**कारयति**=कारेइ करावइ, करावेइ (करवाता है), ३—**हासयति**=हासेइ, हसावइ, हसावेइ (हंसाता है), ४—**उपशामयति**=उवसामेइ, उवसमावइ उवसमावेइ (उपशान्त कराता है) यहां पर णिग् के स्थान में अत् आदि चार आदेश किए गए हैं। **बहुलाधिकार** के कारण कहीं-कहीं पर णिग् के स्थान में **एत्** यह आदेश नहीं भी होता। जैसे—**ज्ञापयति**= जाणावेइ (ज्ञान कराता है), **बहुलाधिकार से** कहीं पर **णिग्** के स्थान में **'आवे'** यह आदेश भी नहीं होता। जैसे—१—**पाययति**=पाएइ (पिलाता है), २—**भावयति**=भावेइ (वह चिन्तन करता है), यहां पर **बहुलाधिकार** से णिग् के स्थान में आवे यह आदेश भी नहीं हो सका।

६३९—धातु के आदि में यदि गुरु (दो मात्रा वाला) वर्ण हो तो णिग् के स्थान में अवि यह आदेश विकल्प से होता है। जैसे—१—**शोषितम्**=सोसविअं सोसिअं (जिस का शोषण किया गया हो, सुखाया हुआ), २—**तोषितम्**=तोसविअं, तोसिअं, (सन्तुष्ट कराया हुआ) यहां पर णिग् के स्थान में विकल्प से 'अवि' यह आदेश किया गया है।

६४०—**भ्रम्** धातु से आगे यदि णिग् प्रत्यय हो तो उस के स्थान में **'आड'** यह आदेश विकल्प से होता है। जैसे—**भ्रामयति**=भमाडइ, भमाडेइ जहां **'आड'** यह आदेश नहीं हुआ, वहां पर-**भामेइ, भमावइ, भमावेइ**, (वह भ्रमण कराता है) ये रूप बनते हैं।

६४१—यदि क्त तथा भावकर्म में विहित प्रत्यय आगे पडा हो तो णिग् के स्थान में लुक् और आवि ये दो आदेश होते हैं। जैसे—**कारितम्**=कारिअं, कराविअं (कराया हुआ), २—**हासितम्**= हासिअं, हसाविअं (हंसाया हुआ), ३—**क्षामितम्**=खामिअं, खमाविअं (खमाया हुआ) यहां पर क्त-प्रत्यय के आगे रहने पर णिग् के स्थान में लुक् और आवि ये दो आदेश किए गए हैं। भावकर्म में विहित प्रत्यय के उदाहरण—१—**कार्यते**=कारीअइ, करावीअइ कारिज्जइ, कराविज्जइ (उस से करवाया जाता है), २—**हास्यते**=हासीअइ, हसावीअइ, हासिज्जइ, हसाविज्जइ (उस से हंसाया जाता है) यहां पर भावकर्म में विहित प्रत्यय परे रहने के कारण णिग् के स्थान में लुक् और आवि ये दो आदेश किए गए हैं। **संस्कृतभाषा** में तीन **वाच्य** होते हैं—१—**कर्तृवाच्य**, २—**कर्मवाच्य** और ३—**भाववाच्य**। **सकर्मक** धातुओं के रूप **कर्मवाच्य** में और **कर्तृवाच्य** में होते हैं। तथा **अकर्मकधातुओं** के रूप **कर्तृवाच्य** में और **कर्मवाच्य** में पाए जाते हैं। १—**कर्तृवाच्य** में कर्ता मुख्य होता है और क्रिया कर्ता के अनुसार चलती है। कर्ता में प्रथमा और कर्म में द्वितीया होती है। जैसे—**श्रावकः शास्त्रं**

**पठति**=श्रावक शास्त्र पढ़ता है। **शिष्यः गुरुं नमति**=शिष्य गुरु को नमस्कार करता है। २—**कर्मवाच्य** में कर्म मुख्य होता है, और कर्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा तथा क्रिया कर्म के अनुसार होती है। जैसे—**मया पुस्तकं पठ्यते**=मुझ से पुस्तक पढ़ी जाती है। ३—**भाववाच्य में** कर्ता में तृतीया होती है, कर्म होता ही नहीं, और क्रिया में प्रथम पुरुष का एक वचन ही होता है। जैसे—**मनुष्यैः म्रियते**=मनुष्यों से मरा जाता है। प्रस्तुत सूत्र में सूत्रकार फरमाते हैं कि **भावकर्म** (भाववाच्य और कर्मवाच्य) में विहित (किया गया) प्रत्यय आगे पड़ा हो तो णिग् के स्थान में लुक्-लोप और आवि ये दो आदेश होते हैं। ऊपर की पंक्तियों में **कार्यते** आदि पदों द्वारा उदाहरण दिए जा चुके हैं।

६४२—णिग् के स्थान में **अ, ए और लोप** करने पर आदि के अकार को आकार होता है। **अकार के उदाहरण—१—पातयति**=पाडइ (वह गिराता है), **२—मारयति**=मारइ (वह मारता है), **एकार के उदाहरण—१—कारयति**=कारेइ (वह कराता है), २—**क्षामयति**=खामेइ (वह क्षमा कराता है) **लुक् के उदाहरण—१—कारितम्**=कारिअं (कराया हुआ), २—**क्षामितम्**=खामिअं (खमाया हुआ), ३—**कार्यते**=कारीअइ कारिज्जइ (उस से कराया जाता है), ४—**क्षाम्यते**=खामीअइ खामिज्जइ (उस से क्षमा कराया जाता है) यहां पर प्रस्तुत सूत्र से आदि के अकार को आकार किया गया है। यहां पर प्रश्न उपस्थित होता है कि प्रस्तुत सूत्र में "**अदेल्लुकि** (अ, ए और लुक के परे रहने पर)" इस पद के ग्रहण करने का क्या उद्देश्य है? उत्तर में निवेदन है कि—**१—कारितम्**=कराविअं (कराया हुआ), २—**कार्यते**=करावीअइ कराविज्जइ (उस से कराया जाता है), आदि प्रयोगों में आदि के अकार को कहीं आकारादेश न हो जाए, इस दृष्टि से सूत्रकार ने "**अदेल्लुकि**" इस पद का ग्रहण किया है। इन प्रयोगों में णिग् के स्थान में होने वाले अत् आदि आदेशों का अभाव है, अतः यहां प्रस्तुत सूत्र की प्राप्ति नहीं हुई। पुनः प्रश्न उपस्थित होता है कि प्रस्तुत सूत्र में '**आदेः** (आदि के), इस पद को ग्रहण करने का क्या प्रयोजन है? उत्तर में निवेदन है कि—**१—संग्रामयति**=संगामेइ (वह संग्राम करता है) यहां पर णिग् के स्थान में विहित एकारादेश तो पड़ा है किन्तु इस के आदि अकार को प्रस्तुत सूत्र से दीर्घ नहीं हो सका, क्योंकि यहां पर अकार अनुस्वारविशिष्ट है। यहां आदिभूत अकार कहने का अभिप्राय भी इतना ही है कि वह अनुस्वार-युक्त (अनुस्वार के व्यभिधान वाला) न होकर स्वतंत्र होना चाहिए। २—**कारितम्**=कारिअं (कराया हुआ), यदि आदि पद न कहते तो यहां (कर+अं) पर अन्त्य (रेफस्थ) अकार को भी आकार हो जाता, अतः आदि पद का संयोजन किया गया है, आदि पद देने से आदिभूत अकार (ककारगत अकार) को ही दीर्घ किया गया है। ध्यान रहे कि सूत्रकार ने अकार को ही आकार बनाने का जो विधान किया है, इस का कारण यह है कि **दूषयति**=दूसेइ (वह दूषित कराता है) यहां पर आदि स्वर ऊकार को आकारादेश न हो जाए, इस दृष्टि से सूत्रकार ने "**अकार को ही आकार होता है**" ऐसा विधान किया है। इस के अतिरिक्त, कई एक आचार्य—णिग् के स्थान में होने वाले आवे और आवि इन आदेशों के परे रहने पर भी आदि के अकार को आकारादेश चाहते हैं। जैसे—**१—कारयति**=कारावेइ (वह कराता है), २—**हासितः जनः श्यामलया**=हासाविओ जणो सामलीए (श्यामा नामक नारी से वह पुरुष हंसाया गया है) यहां पर आवे और आवि इन आदेशों के परे रहने भी आदि के अकार को आकारादेश हो गया है।

६४३-इस सूत्र में पिछले ६४२ सूत्र से '**अतः**' और '**आ**' इन दो पदों की अनुवृत्ति का ग्रहण किया गया है। फलतः इस सूत्र का अर्थ होता है—अदन्त धातु से परे यदि 'मि' यह आदेश पड़ा हो

तो धातु के अकार को विकल्प से आकार होता है। जैसे—१—**हसामि**=हसामि, हसमि (मैं हंसता हूं), २—**जानामि**=जाणामि जाणमि (मैं जानता हूं), ३—**लिखामि**=लिहामि, लिहमि (मैं लिखता हूं) यहां अकार को विकल्प से आकारादेश किया गया है। ध्यान रहे कि यहां पर अकार को ही आकारादेश हो सकता है किसी अन्य स्वर को नहीं। जैसे—**भवामि**=होमि (मैं होता हूं), यहां पर अकार का अभाव होने से प्रस्तुत सूत्र की प्रवृत्ति नहीं हो सकी।

६४४—यदि **मो, मु** और **म** ये आदेशभूत प्रत्यय आगे पड़े हों तो अकारान्त धातु के अकार को इकार और सूत्रोक्त चकार के कारण विकल्प से आकार होता है। जैसे—१—**भणामः**=भणिमो, भणामो, भणिमु, भणामु, **भणिम**, भणाम (हम सब बोलते हैं) जहां पर प्रस्तुत सूत्र की प्रवृत्ति नहीं हुई वहां पर-**भणमो भणमु**,और **भणम** ये रूप बनते हैं। तथा जहां पर ६४७ सूत्र से अकार को एकार हो गया, वहां पर-**भणेमो, भणेमु** और **भणेम**, ये रूप होते हैं। ध्यान रहे कि इकार और आकार का यह आदेश केवल अकार के स्थान में ही होता है, किसी अन्य स्वर को नहीं। जैसे—१—**तिष्ठामः**= ठामो (हम सब ठहरते हैं), २—**भवामः**=होमो (हम सब होते हैं) यहां आकार तथा ओकार को आकारादेश नहीं किया जा सका।

६४५—यदि **क्त** प्रत्यय परे हो तो अकार को इकार हो जाता है। जैसे—१—**हसितम्**=हसिअं (हंसा हुआ), २—**पठितम्**=पढिअं (पढा हुआ), ३—**नमितम्**=नविअं (झुका हुआ) ४—**हासितम्**= हासिअं (हंसाया हुआ), ५—**पाठितम्**=पाढिअं (पढ़ाया हुआ) यहां पर क्त प्रत्यय आगे होने के कारण अकार को इकार किया गया है। वृत्तिकार फरमाते हैं कि **गयं** और **नयं** आदि शब्द तो **गतम्** (गया हुआ), तथा **नतम्** (झुका हुआ) इन शब्दों की सिद्धावस्था की अपेक्षा से ही समझने चाहियें। अर्थात् संस्कृत भाषा के नियमों से सिद्ध-निष्पन्न **गतम्** और **नतम्** इन शब्दों से ही बन जाते हैं। इसके अतिरिक्त, यह भी समझ लेना चाहिए कि यह इकारादेश अकार के ही स्थान में होता है, अन्यत्र नहीं। जैसे—१—**ध्यातम्**=झायं (ध्याया हुआ), २—**लूनम्**=लुअं (कतरा हुआ), ३—**भूतम्**=हूअं (गुज़रा हुआ) यहां पर अकार नहीं था, अतः यहां प्रस्तुत सूत्र से इकारादेश नहीं हो सका।

६४६—यदि **क्त्वा, तुम्, तव्य** तथा **भविष्यत्काल में विहित प्रत्यय** हों तो उन के परे रहने पर अकार को एकार तथा सूत्रोक्त चकार के कारण इकार ये दो आदेश होते हैं। **क्त्वा का उदाहरण— हसित्वा**=हसेऊण, हसिऊण (हंस कर), **तुम् का उदाहरण—हसितुम्**=हसेउं, हसिउं (हंसने के लिए) **तव्य का उदाहरण—हसितव्यम्**=हसेअव्वं,हसिअव्वं (हंसना चाहिए),**भविष्यत्कालीन प्रत्यय का उदाहरण—हसिष्यति**=हसेहिइ, हसिहिइ (वह हंसेगा)यहां पर क्त्वा आदि प्रत्ययों के परे रहने के कारण अकार को एकार तथा इकार किया गया है। ध्यान रहे कि सूत्रोक्त ये आदेश अकार के स्थान में ही होते हैं, अन्यत्र नहीं। जैसे—**कृत्वा**=काऊण (करके) यहां पर अकार का अभाव था,फलतः प्रस्तुत सूत्र ने अपना कार्य नहीं किया। **भविष्यत्काल** क्रिया का वह काल है, जिस में क्रिया का आगे होना पाया जाए। जैसे—**स गमिष्यति**=वह जायगा तथा **स पठिष्यति**=वह पढ़ेगा। इन वाक्यों में **गमन** (जाना) तथा **पठन** (पढ़ना) इन क्रियाओं का वर्तमान काल में अभाव है किन्तु आगे होना पाया जाता है। अतः ये भविष्यत्काल की क्रियाएं कहलाती हैं। भविष्यत्काल-बोधक लकार को पाणिनीय व्याकरण में लृट् तथा हैमशब्दानुशासन में **भविष्यन्ती** इस नाम से व्यवहृत किया जाता है।

६४७—**वर्तमाना** (लट् लकार) **पञ्चमी** (लोट् लकार) तथा **शतृ** [अत्] प्रत्यय के परे रहने पर

अकार के स्थान में विकल्प से एकारादेश होता है। **वर्तमाना का उदाहरण—१—हसति**=हसेइ, हसइ (वह हंसता है), २—**हसामः**=हसेम हसिम,हसेमु,हसिमु (हम सब हंसते हैं)। **पञ्चमी के उदाहरण—१—हसतु**=हसेउ, हसउ (वह हंसे), २—**शृणोतु**=सुणेउ, सुणउ (वह सुने) **शतृ का उदाहरण—१—हसन्**=हसेन्तो, हसन्तो (वह हंसता हुआ) यहां पर विकल्प से अकार के स्थान में एकार किया गया है। **बहुलाधिकार के** कारण कहीं-कहीं पर २ सूत्र से प्रस्तुत सूत्र का कार्य नहीं भी होता। जैसे—**जयति**=जयइ (वह विजय प्राप्त करता है) यहां पर अकार को एकार नहीं किया जा सका। **बहुलाधिकार** से कहीं पर अकार को आकार भी हो जाता है। जैसे—**शृणोतु**=सुणाउ (वह सुने) यहां पर अकार को आकार किया गया है। **वर्तमाना** को पाणिनीय व्याकरण में **लट्** लकार कहा जाता है। लट् वर्तमानकालिक होता है। **वर्तमान काल** क्रिया के उस काल को कहते हैं,जिसमें क्रिया का प्रारम्भ होना तो पाया जाता है. परन्तु समाप्त होना नहीं। जैसे—**स गच्छति**=वह जाता है। इस वाक्य में गमन क्रिया का प्रारंभ मिलता है, किन्तु समाप्त होना नहीं। अतः यह वर्तमान-काल का प्रयोग है। **पञ्चमी** शब्द लोट् लकार का बोधक है। **लोट् विधि** आदि अर्थों में प्रयुक्त होता है। विधि आदि शब्दों का अर्थ ६५४ सूत्र की व्याख्या में दिया जा रहा है। **शतृ** वर्तमानकालिक तथा भविष्यत्कालिक कृदन्त प्रत्यय है। किसी क्रिया को करता हुआ या उसको करने वाले का अनुवाद संस्कृतभाषा में वर्तमानकालिक तथा भविष्यत्कालवाचक शतृ और शानच् प्रत्ययान्त शब्दों से किया जाता है। जैसे—**१—विदेशं गच्छन् श्रावकः पितरौ प्राणमत्** (विदेश जाते हुए श्रावक ने माता पिता को प्रणाम किया), **शानच्—१—अहं दयमानो गच्छामि** (मैं दया करता हुआ जाता हूं), **२—मन्दिरं गमिष्यन् बालकः पठति** (मन्दिर को जाता हुआ बालक पढ़ता है), **३—युद्धक्षेत्रे खलु योत्स्यमानाः सैनिकाः गच्छन्ति** (लड़ाई के मैदान में लड़ते हुए सैनिक जाते हैं)।

६४८—यदि **ज्जा** और **ज्ज** ये आदेश आगे पड़े हों तो अकार को एकार हो जाता है। जैसे—**हसति**=हसेज्जा, हसेज्ज (वह हंसता है) यहां अकार को एकार किया गया है। ध्यान रहे कि **ज्जा** और **ज्ज** इन दोनों के परे रहने पर अकार को ही एकार हो सकता है, अन्यत्र नहीं। जैसे—**भवति**=होज्जा, होज्ज (होता है) यहां अकार न होने से प्रस्तुत सूत्र की प्रवृत्ति नहीं हो सकी।

६४६—वृत्तिकार फरमाते हैं कि चि और जि आदि धातुओं की भावकर्म-सम्बन्धी विधि का वर्णन आगे चतुर्थ पाद में किया जायगा, जिन धातुओं की भावकर्म-विधि का वर्णन नहीं होगा, उन धातुओं से परे संस्कृतातिदेश से प्राप्त अर्थात् संस्कृत-भाषा में होने वाले 'क्य' इस प्रत्यय के स्थान पर ईअ और इज्ज ये दो आदेश हो जाते हैं। जैसे—**१—हस्यते**=हसीअइ, हसिज्जइ (उस से हंसा जाता है), २—**हस्यत्**=हसीअन्तो, हसिज्जन्तो,हसीअमाणो,हसिज्जमाणो (वह हंसा जाता हुआ),**३—पठ्यते**=पढीअइ, पढिज्जइ (उस से पढ़ा जाता है), ४—**भूयते**=होईअइ, होइज्जइ (उस से हुआ जाता है) यहां पर संस्कृतातिदेश से (संस्कृत-भाषा के तुल्य कार्य करने से) प्राप्त हुए क्य के स्थान में ईअ और इज्ज ये दो आदेश किए गए हैं। **बहुलाधिकार** के कारण भावकर्म में होने वाला क्य-प्रत्यय भी कहीं पर विकल्प से होता है। जैसे—**१—मया नम्यते**=मए नवेज्ज, जहां पर क्य प्रत्यय हो गया, वहां पर **मए नविज्जेज्ज** (मुझ से नमस्कार किया जाता है), यह रूप बनता है। २—**तेन लभ्यते**=तेण लहेज्ज, तेण लहेजेज्ज (उस से प्राप्त किया जाता है), ३—**तेन आस्यते**=तेण अच्छेज्ज, तेण अच्छिज्जेज्ज, तेण अच्छीअइ (उस से बैठा जाता है) यहां पर **बहुलाधिकार** के कारण क्य-प्रत्यय भी विकल्प से किया गया है।

६५० – **दृश्** और **वच्** धातु से परे यदि क्य-प्रत्यय पड़ा हो तो उसके स्थान में यथासंख्य (संख्या के अनुसार) **डीस** (ईस) और **डुच्च** (उच्च) ये दो आदेश होते हैं। पिछले ६४९ सूत्र से क्य के स्थान में ईअ और इज्ज ये दो आदेश प्राप्त होते हैं, किन्तु प्रस्तुत सूत्र ने उनका निषेध कर दिया, अतः यह सूत्र ६४९ सूत्र का अपवाद-सूत्र माना जाता है। इसके उदाहरण इस प्रकार हैं। जैसे—१—**दृश्यते**=दीसइ (उस से देखा जाता है), २—**उच्यते**=वुच्चइ (उससे कहा जाता है), यहां पर प्रस्तुत सूत्र द्वारा दृश् धातु से आगे पड़े क्य प्रत्यय के स्थान में डीस और वच् धातु से आगे पड़े क्य प्रत्यय के स्थान में डुच्च यह आदेश किया गया है।

६५१—**भूतकाल** के अर्थ में विहित (किये गये) **अद्यतनी** (लुङ्) आदि प्रत्यय भूतार्थ प्रत्यय कहलाते हैं। भूतार्थबोधक प्रत्ययों के स्थान में सी, ही, हीअ ये आदेश होते हैं। ध्यान रहे कि उत्तर= अग्रिम ६५२ सूत्र से व्यञ्जनान्त धातुओं से भूतकालार्थ में 'ईअ' प्रत्यय का विधान होने से प्रस्तुत सूत्र से की जाने वाली विधि स्वरान्त धातुओं से ही होती है, ऐसा जानना चाहिए। जैसे—१—**अकार्षीत्** (लुङ्), **अकरोत्** (लङ्), **चकार** (लिट्)=कासी, काही, काहीअ (मैंने किया था), २—**अस्थात्, अतिष्ठत्, तस्थौ**=ठासी, ठाही, ठाहीअ (मैं ठहरा था) यहां पर भूतकाल-बोधक प्रत्ययों के स्थान में सी, ही, हीअ ये आदेश किए गए हैं। जितने भी स्वरान्त धातु हैं, उनके भूतकालबोधक जितने भी प्रत्यय हैं उनके स्थान में उक्त तीनों आदेश होते हैं। पाणिनीयव्याकरण में तो भूत काल के बोधक लुङ्, लङ् और लृट् ये तीन लकार माने माने गए हैं। **लिट् परोक्षभूत, लङ् अनद्यतनभूत** तथा **लुङ् सामान्यभूत** कहलाता है। **परोक्षभूत का अर्थ है**—वह बात जो आंखों के सामने न की हो, एक प्रकार से ऐतिहासिक हो, जैसे—**महावीरो बभूव** (महावीर हुए)। **अनद्यतनभूत** (जो बात आज से पहले की हो) में लङ्-लकार प्रयुक्त होता है। अतः व्याकरण की दृष्टि से—**अहमद्य पुस्तकमपठम्** (मैंने आज पुस्तक पढ़ी) यह प्रयोग अशुद्ध है, क्योंकि पुस्तक का पठन आज किया गया है, अद्यतन भूत में लङ् का प्रयोग करना व्याकरण से निषिद्ध है। यहां तो सामान्यभूत लुङ् का प्रयोग होना चाहिए, क्योंकि सामान्यभूत में लुङ् का प्रयोग होता है। केवल ऐतिहासिक बात को तथा अनद्यतनभूत (जो आज का न हो) को छोड़कर सर्वत्र लुङ् लकार चलता है। अतः "**अहमद्य पुस्तकमपाठिषम्**" यह प्रयोग व्याकरण की दृष्टि से शुद्ध माना गया है। समय की बात है कि भूतकाल बोधक उक्त तीनों लकारों में जो अन्तर बतलाया जाता है, यह अन्तर आज व्यवहार में दिखाई नहीं देता। आज तो लङ् और लुङ् का बिना किसी भेद के प्रयोग किया जा रहा है। सत्य तो यह है कि अधिकतया आज लङ् का सामान्यभूत में ही प्रायः प्रयोग होता है।

जैसे पाणिनीय व्याकरण में भूतकाल-बोधक तीन लकार माने गए हैं, वैसे हैमशब्दानुशासन में भी भूतकाल के संसूचक तीन लकार होते हैं, किन्तु वहां इन की जगह **अद्यतनी** (लुङ्), **ह्यस्तनी** (लङ्), और **परोक्षा** लिट्) इन संज्ञाओं का प्रयोग होता है। जैसे संस्कृत भाषा में एक लकार के तीन पुरुष होते हैं, वैसे प्राकृतभाषा में भी होते हैं, किन्तु प्राकृतभाषा में **भूतकाल** के तीनों पुरुषों तथा सभी वचनों में केवल तीन रूप ही होते हैं। जैसे—**अकार्षीत् के कासी, काही** और **काहीअ** ये तीन रूप हैं। इसी तरह कृ-धातु के भूतकाल-बोधक प्रत्येक प्रत्यय के तीन रूप ही बनते हैं। कृधातु की तरह अन्य धातुओं के भूतकाल-बोधक प्रत्ययों की स्थिति भी यही समझनी चाहिए। जैसे—**अस्थात्** (लुङ्), **अतिष्ठत्** (लङ्) **तस्थौ** (लिट्)=ठासी, ठाही, ठाहीअ (मैं ठहरा था) यहां पर स्थाधातु के लुङ्, लङ् और लिट् इन तीनों लकारों में सभी पुरुषों के प्रत्येक वचन में ये तीन रूप बनते हैं। **आर्षप्राकृत** में

**देवेन्द्र इदमब्रवीत्**=देविन्दो इणमब्बवी (देवराज ने यह कहा), इस वाक्य में सिद्धावस्था (**अब्रवीत्**) के आश्रयण से "**अब्बवी**" यह **ह्यस्तनी** (लङ्) का प्रयोग है। भाव यह है **अब्रवीत्** इस भूतकालिक प्रयोग में भी प्रस्तुत सूत्र (६५१) से सी, ही, हीअ, ये प्रत्यय होने चाहिएं थे, किन्तु वृत्तिकार फरमाते हैं कि यह आर्ष प्रयोग है तथा संस्कृत-निष्पन्न शब्द से इसको प्राकृत का रूप दिया गया है, इस लिए यहाँ पर उक्त आदेशों की प्रवृत्ति नहीं हो सकी, अन्यथा उक्त आदेशों का आश्रयण अवश्य किया जाता।

६५२—व्यञ्जनान्त (जिसके अन्त में व्यञ्जन हो) धातु से परे यदि भूतकाल-बोधक **अद्यतनी** (लुङ्) आदि का प्रत्यय हो तो उसके स्थान में ईअ यह आदेश होता है। जैसे—**अभूत्** (लुङ्), **अभवत्** (लङ्), **बभूव** (लिट्)=हुवीअ (वह हुआ था),२—**आसिष्ट** (लुङ्),**आस्त** (लङ्), **आसाञ्चक्रे** (लिट्)= अच्छीअ (वह बैठा था), ३—**अग्रहीत्** (लुङ्), **अगृह्णात्** (लङ्), **जग्राह** (लिट्)=गेण्हीअ (उसने ग्रहण किया था) यहां पर भूतार्थ-बोधक प्रत्यय के स्थानमें 'ईअ' यह आदेश किया गया है। व्यञ्जनान्त धातुओं के भूतकालिक लकारों के सभी पुरुषों के सभी प्रत्ययों के स्थान में 'ईअ' यह आदेश हो जाता है। इस तरह लुङ्, लङ् और लिट् का एक ही रूप बन जाता है।

६५३—**भूतार्थ** (भूतकाल) बोधक प्रत्यय के साथ अस् धातु के स्थान में 'आसि' और '**अहेसि**' ये दो आदेश होते हैं। जैसे—१—**सः आसीत्, त्वम् आसीः, अहं वा आसम**=आसि सो, तुमं, अहं वा (वह था, तू था अथवा मैं था) **एवं**—इसी प्रकार—**आसीत्, आस्ताम्, आसन्**=अहेसी (वह था, वे दो थे, वे सब थे) यह रूप भी समझ लेना चाहिए। भाव यह है कि भूतकालिक प्रत्यय के स्थान में **आसि** और **अहेसि** ये दो आदेश हो जाते हैं। दोनों के उदाहरण ऊपर दे दिए गए हैं। ध्यान रहे कि इनका संस्कृत रूप भूत-काल-बोधक कोई भी हो सकता है।

६५४—यदि **सप्तमी** (विधिलिङ्) का आदेशभूत'ज्ज'यह अवस्थित हो तो इस से परे 'इ' यह आगम विकल्प से हो जाता है। अर्थात् ज्ज से परे 'इ' इस वर्ण का प्रयोग विकल्प से करना चाहिए। जैसे—**भवेत्**=होज्जइ, होज्ज (हो) यहां पर 'ज्ज' से आगे 'इ' इस वर्ण का विकल्प से प्रयोग किया गया है। **सप्तमी** विधिलिङ् का नाम है। प्रश्न हो सकता है कि **विधिलिङ्** किस अर्थ में प्रयुक्त होता है? उत्तर में निवेदन है कि-१—**विधि**, २—**निमंत्रण**, ३—**आमन्त्रण**, ४—**अधीष्ट**, ५—**सम्प्रश्न** और ६—**प्रार्थना** इन ६ अर्थों* में विधिलिङ् होता है। १—**विधि** का अर्थ होता है—आज्ञा देना। नौकरों, मजदूरों तथा अपने से छोटों को आदेश देना। जैसे—तुम अमुक, अमुक काम को करो+। २—**निमंत्रण** उस प्रेरणा का नाम होता है जो अपने समान के बन्धु-बांधवों आदि को दी जाती है। इस में आज्ञा का भाव इतना प्रबल नहीं रहता जितना कि विधि में रहता है×। ३—**आमंत्रण** उस प्रेरणा को कहते हैं जिस में निमंत्रण से कम बल रहता है, इस प्रेरणा से प्रेर्यमाण व्यक्ति स्वतंत्र होता है, चाहे वह कार्य करे, चाहे न करे। जैसे—**भो देवर! जन्मदिनमुपलक्ष्य क्रियमाणे प्रीतिभोजे भवान् आगच्छेद्**=हे देवर! जन्मदिन के सम्बन्ध में पार्टी होगी। आपने पधारना। ४—**अधीष्ट**—उस प्रेरणा को कहते हैं जिस में सत्कार भी हो। यह प्रायः बड़े पुरुषों से सम्बन्ध रखती है। जैसे—**श्रीमान्! भवान् मम पुत्रमध्यापयेद्**=श्रीमान् जी! आप मेरे पुत्र को पढ़ाएं। ५—**संप्रश्न** उस प्रेरणा का नाम है जिसमें परामर्श

---

*विधिनिमन्त्रणामन्त्रणाधीष्ट-सम्प्रश्न-प्रार्थनेषु लिङ्। ३। ३। १३१। लघुसिद्धान्त-कौमुदी।

+जैसे—**स ओदनं पचेत्**=वह चावल पकाए। इस आज्ञा का पालन अवश्य करना होता है।

×जैसे—**भो मित्र! श्वो जन्मदिनं वर्तते त्वमागच्छेः**=हे मित्र! कल जन्म दिन है, तुमने आना।

लेने का भाव हो। जैसे—**भो! व्याकरणं पठेयम्, उत तर्कम्** ?=भगवन्! मैं व्याकरण पढ़ूं या तर्क-शास्त्र? ६—**प्रार्थना** – उस प्रेरणा को कहते हैं—जो अपने से बड़ों से की जाती है, और उसमें मांगने का भाव रहता है। जैसे—**पुस्तकं लभेयम्**=मुझे पुस्तक दीजिए। इन विधि आदि अर्थों में सप्तमी (विधिलिङ्) और पंचमी (लोट्) का प्रयोग किया जाता है।

६५५—भविष्यत् अर्थ में विहित (भविष्यत् कालीन) प्रत्यय के परे होने पर, उस के आदि में 'हि' इस पद का प्रयोग करना चाहिए। जैसे—१ - **भविष्यति** (लृट्) ***भविता** (लुट्)=होहिइ (वह होगा) इसी प्रकार—**भविष्यन्ति**=होहिन्ति (वे होंगे), ३—**भविष्यसि**=होहिसि (तू होगा), ४—**भवि-ष्यथ**=होहित्था (तुम सब होंगे), ५—**हसिष्यति**=हसिहिइ (वह हंसेगा), ६—**करिष्यति**=काहिइ (वह करेगा) यहां पर भविष्यत्-कालीन प्रत्यय से पूर्व '**हि**' इस का प्रयोग किया गया है।

६५६—भविष्यदर्थक, उत्तमपुरुष के मि, मो, मु और म इन आदेशों के परे रहने पर, इन्हीं आदेशों के आदि में स्सा और हा ये दो विकरण विकल्प से प्रयुक्त करने चाहिएं। पिछले ६५५ सूत्र से भविष्यत्कालीन प्रत्यय के आदि में'हि'इस पद का प्रयोग किया जाता है, किन्तु ये दोनों आगम उसके अपवाद स्वरूप हैं। जहां पर इन आदेशों की प्रवृत्ति नहीं होगी, वहां पर पिछले ६५५ सूत्र से 'हि' यह आगम हो ही जायेगा। जैसे—१—**भविष्यामि**=होस्सामि, होहामि (मैं हूंगा), २—**भविष्यामः**=होस्सामो, होहामो,होस्सामु,होहामु,होस्साम,होहाम (हम सब होंगे) यहां पर भविष्यत् काल के बोधक, तृतीयत्रिक (तीसरा त्रिक, उत्तम पुरुष) के स्थान में आदेशभूत मि, मो, मु और म के आदि में विकल्प से स्सा और 'हा' इनका प्रयोग किया गया है। जहां पर इन का प्रयोग नहीं हुआ, वहां पर—**भवि-ष्यामि**=होहिमि, २—**भविष्यामः**=होहिमो, होहिमु, होहिम,ये रूप बनते हैं। **बहुलाधिकार** के कारण कहीं पर 'हा' इस का आदि-प्रयोग नहीं भी होता। जैसे—**हसिष्यामः**=हसिस्सामो,जहां पर 'हि' का आदि-प्रयोग हो गया, वहां पर **हसिहिमो** (हम हंसेंगे) यह रूप बन जाता है। भाव यह है कि यहां पर 'हा' का आदि-प्रयोग नहीं हो सका।

६५७—यदि धातु से परे भविष्यत्-कालीन प्रत्ययों के स्थान में होने वाले मो, मु और म ये आदेश पड़े हों तो इनके स्थान में विकल्प से **हिस्सा** और **हित्था** ये दो आदेश प्रयुक्त करने चाहिएं। जैसे—१—**भविष्यामः**=होहिस्सा, होहित्था (हम होंगे), २—**हसिष्यामः**=हसिहिस्सा, हसिहित्था (हम सब हंसेंगे), जहां पर यह आदेश नहीं हुए वहां पर—**होहिमा होस्सामो होहामो** ये रूप बनते हैं। यहां पर भविष्यत्-कालीन मो, मु और म इन आदेशों के स्थान में विकल्प से **हिस्सा** और **हित्था** ये दो आदेश किए गए हैं।

६५८—धातु से परे यदि भविष्यत्-कालीन म्यादेश (आदेशभूत मि) हो तो उसके स्थान में विकल्प से स्सं इसका प्रयोग करना चाहिए। जैसे—१—**भविष्यामि**=होस्सं (मैं हूंगा), २—**हसिष्या-मि**=हसिस्सं (मैं हंसूंगा), ३—**कीर्तयिष्यामि**=कित्तइस्सं (मैं कीर्तन करूंगा) यहां पर विकल्प से **स्सं** इस पद का आदेश किया गया है। जहां पर यह आदेश नहीं हो सका, वहां पर—१—**हसिष्यामि**=

*अनद्यतन भविष्यत्काल में लुट् लकार होता है। लुट् उस भविष्यत् काल की क्रिया को बतलाता है जो आज न होने वाली हो। जैसे—**श्वोऽहं भोजनं पक्तास्मि**=मैं कल भोजन पकाऊंगा। लृट् भी भविष्यत्काल में होता है, किन्तु लृट् लकार साधारणतः भविष्यमात्र की क्रियाओं को संसूचित करता है, विशेषतः उन क्रियाओं को जिन का सम्बन्ध आज से हो। जैसे—**साम्प्रतमेव गमिष्यामि**=मैं अभी जाऊंगा।

होहिमि, होस्सामि, होहामि, २—**कीर्तयिष्यामि**=कित्तइहिमि; ये रूप बनते हैं।

६५६—कृ और दा धातु से परे पड़े भविष्यत्-कालीन म्यादेश के स्थान में हं इस पद का विकल्प से प्रयोग करना चाहिए। जैसे—**१—करिष्यामि**=काहं (करूंगा),२—**दास्यामि**=दाहं (दूंगा), जहां पर प्रस्तुत सूत्र की प्रवृत्ति नहीं हुई वहां पर—**१—करिष्यामि**=काहिमि, २—**दास्यामि**=दाहिमि, ऐसे भी रूप बनते हैं।

६६०—प्रस्तुत [६६०] सूत्र में पठित १—श्रु, २—गम्, ३—रुद्, ४—विद्, ५—दृश्, ६—मुच्, ७—वच्, ८—छिद्, ९—भिद् और १०—भुज् ये धातु जब कि भविष्यत्कालीन मि-प्रत्ययान्त हों तो इनके स्थान में क्रमशः—**१—सोच्छं**, २—**गच्छं**, ३—**रोच्छं**,४—**वेच्छं**, ५—**दच्छं**, ६—**मोच्छं**, ७—**वोच्छं**, ८—**छेच्छं**, ९—**भेच्छं** और १०—**भोच्छं** ये आदेश निपात से हो जाते हैं। **निपात का अर्थ है**—जिन पदों की रचना के नियम का कुछ पता न हो अथवा जो पद व्याकरण के नियमों से सिद्ध न हो सकें। जैसे—**१—श्रोष्यामि**=सोच्छं (मैं सुनूंगा), २—**गमिष्यामि**=गच्छं (मैं जाऊंगा), ३—**संगंस्ये**=संगच्छं (मैं स्वीकार करूंगा, मेल रक्खूंगा), ४—**रोदिष्यामि**=रोच्छं (मैं रुदन करूंगा, रोऊंगा), ५—**वेदिष्यामि**=वेच्छं (मैं जानूंगा), यहां विद् धातु ज्ञान-जानने अर्थ में है। ६—**द्रक्ष्यामि**=दच्छं (मैं देखूंगा),७—**मोक्ष्यामि**=मोच्छं (मैं छोड़ूंगा),८—**वक्ष्यामि**=वोच्छं (मैं कहूंगा), ९—**छेत्स्यामि**=छेच्छं (मैं छेदन करूंगा), १०—**भेत्स्यामि**=भेच्छं (मैं भेदन करूंगा),११—**भोक्ष्ये**=भोच्छं (मैं भोजन करूंगा) यहां पर श्रु आदि धातुओं के स्थान में सोच्छं आदि आदेश निपात से किए गए हैं।

६६१—भविष्यत्-कालीन इच् आदि आदेशों के परे होने पर ६६० सूत्रोक्त श्रु आदि धातुओं के स्थान में यथासंख्य (संख्या के अनुसार) सोच्छं आदि आदेश होते हैं। सोच्छं आदि ये आदेश अन्त्य-स्वरादि (अन्तिम स्वर आदि) अवयवों से वर्जित होने चाहिएं। अर्थात् ६६० सूत्र में पठित जो **सोच्छं** आदि आदेश हैं, इनके अन्त्यस्वर वाले अवयवों का (अकार और अनुस्वार का) परित्याग करके अवशिष्ट जो अंश हैं उनका का श्रु आदि धातुओं के स्थान में आदेश होता है। यह आदेश यथासंख्य होते हैं। इसके अतिरिक्त, यहां पर विकल्प से हि का लोप भी हो जाता है। जैसे—**१—श्रोष्यति**=सोच्छिइ, जहां पर 'हि' का लोप नहीं हुआ वहां पर **सोच्छिहिइ** (वह सुनेगा) यह रूप बनता है, इसी प्रकार—२—**श्रोष्यन्ति**=सोच्छिन्ति, सोच्छिहिन्ति (वे सब सुनेंगे), ३—**श्रोष्यसि**=सोच्छिसि, सोच्छिहिसि (तू सुनेगा), ४—**श्रोष्यथ**=सोच्छित्था, सोच्छिहित्था, सोच्छिह, सोच्छिहिह (तुम सुनोगे), ५—**श्रोष्यामि**=सोच्छिमि, सोच्छिहिमि, सोच्छिस्सामि, सोच्छिहामि, सोच्छिस्सं, सोच्छं (मैं सुनूंगा), ६—**श्रोष्यामः**=सोच्छिमो, सोच्छिहिमो, सोच्छिस्सामो, सोच्छिहामो, सोच्छिहिस्सा,सोच्छित्था (हम सुनेंगे) इसी प्रकार मु और म इन आदेशों के उदाहरणों की भी कल्पना कर लेनी चाहिए। ७—**गमिष्यति**=गच्छिइ,गच्छिहि (वह जायगा), ८—**गमिष्यन्ति**=गच्छिन्ति, गच्छिहिन्ति (वे सब जाएंगे), ९—**गमिष्यसि**=गच्छिसि, गच्छिहिसि (तू जाएगा), १०—**गमिष्यथ**=गच्छित्था, गच्छिहित्था, गच्छिह, गच्छिहिह (तुम सब जाओगे), ११—**गमिष्यामि**=गच्छिमि, गच्छिहिमि, गच्छिस्सामि, गच्छिहामि, गच्छिस्सं, गच्छं (मैं जाऊंगा), १२—**गमिष्यामः**=गच्छिमो, गच्छिहिमो, गच्छिस्सामि, गच्छिस्सामो, गच्छिहामो, गच्छिहिस्सा, गच्छिहित्था (हम जाएंगे) इसी प्रकार मु और म इन आदेशों के उदाहरण भी स्वयं कोल्पित कर लेने चाहिएं। जैसे श्रु और गम् इन धातुओं का वर्णन किया गया है, इसी भांति रुद् आदि अन्य धातुओं के उदाहरणों की भी स्वयं चिन्तना कर लेनी चाहिए।

६६२—विधि (विधान) आदि अर्थों में उत्पन्न तीनों त्रिकों (प्रथम पुरुष, मध्यम पुरुष तथा उत्तम पुरुष) के एक-एक वचन (प्रथमपुरुष के एकवचन, मध्यमपुरुष के एकवचन तथा उत्तमपुरुष के एकवचन) के स्थान में क्रमशः दु, सु और मु ये तीन आदेश होते हैं। जैसे—१—**हसतु सा**=हसउ सा (वह हंसे), २—**हस त्वम्**=हससु तुमं (तू हंस), ३—**हसानि अहम्**=हसामु अहं (मैं हंसूं), ४—**पश्यतु**=पेच्छउ (वह देखे), ५—**पश्य**=पेच्छसु (तू देख), ६—**पश्यानि**=पेच्छामु (मैं देखूं) यहाँ पर विधि आदि अर्थों में आए तीनों पुरुषों के एक-एक वचन के स्थान में यथासंख्य (संख्या के अनुसार) दु, सु और मु ये आदेश किए गए हैं। भाव यह है कि प्रथमपुरुष के एकवचन को दु, मध्यम पुरुष के एक-वचन को सु और उत्तम पुरुष के एक-वचन को मु यह आदेश किया गया है। प्रश्न हो सकता है कि विधि आदि अर्थों के बोधक प्रत्ययों के स्थान में जो दु आदि आदेश होते हैं, इनका ज्ञान कैसे होगा कि यह दु आदेश विध्यर्थक है या आशीर्वादार्थक ? उत्तर में निवेदन है कि यह सब कुछ तो पाठक तथा वाचक की अपनी बुद्धि पर निर्भर है। अध्यापक तथा छात्र, वक्ता तथा श्रोता का कर्तव्य बनता है कि वह प्रसंगानुसार अपनी बुद्धि से सोच ले कि यह क्रियापद विध्यर्थक है, आशीर्वादात्मक है या आज्ञाप्रदायक है ? इसके अतिरिक्त, **दु** इस आदेश में जो दकार का उच्चारण है, वह भाषान्तर (दूसरी भाषाओं) के लिए है, ६७८ सूत्र से पैशाचीभाषा में **दु** के दकार को तकार किया जाता **है**, अतः यह दकार पैशाचीभाषा में काम आ जायगा।

६६३—पूर्वसूत्र (६६२) सूत्र से विहित (कथित) सु इस आदेश के स्थान में हि यह आदेश विकल्प से होता **है**। जैसे—**देहि**=देहि, जहां पर हि यह आदेश नहीं हुआ, वहां पर **देसु** (तू दान कर) यह रूप बनता है।

६६४—अकार से आगे जो सु है, उस के स्थान में **इज्जसु, इज्जहि, इज्जे** और **लुक्** ये चार आदेश विकल्प से होते हैं। जैसे—**हस**=हसेज्जसु, हसेज्जहि, हसेज्जे, हस (तू हंस) जहां पर ये आदेश नहीं हुए वहां पर **हससु** यह रूप बनता है। ध्यान रहे कि अकार से परे यदि सु हो, तभी **इज्जसु** आदि आदेश हो सकते हैं, अन्यथा नहीं। जैसे—१—**भव**=होसु (तू हो), २—**तिष्ठ**=ठाहि (तू ठहर) यहाँ पर सु अकार से परे नहीं था, फलतः प्रस्तुत सूत्र की प्रवृत्ति नहीं हो सकी।

६६५—विधि आदि अर्थों में उत्पन्न, तीनों त्रिकों (प्रथम, मध्यम तथा उत्तम पुरुष) के बहु-संख्याबोधक (बहुवचनीय) प्रत्ययों के स्थान में यथासंख्य (सख्या के अनुसार) न्तु, ह **और** मो ये आदेश होते हैं। **न्तु का उदाहरण**, जैसे—**हसन्तु** (लोट्) **हसेयुः** (विधिलिङ्)=हसन्तु (वे हंसें), **ह का उदाहरण**, जैसे—**हसत, हसेत**=हसह (आप हंसें), **मो का उदाहरण**, जैसे—**हसाम, हसेम**=हसामो (हमें हंसना चाहिए)। इसी प्रकार—१—**त्वरन्ताम्, त्वरेरन्**=तुवरन्तु (वे शीघ्रता करें), २—**त्वरध्वम्, त्वरेध्वम्**=तुवरह (आप जल्दी करें), ३—**त्वरामहे, त्वरामहै**=तुवरामो (हम शीघ्रता करें) यहां पर विधि आदि अर्थों में आए तीनों पुरुषों के बहुवचन के स्थान में क्रमशः न्तु आदि आदेश किए गए **हैं**। अर्थात् प्रथम पुरुष के बहुवचन को न्तु, मध्यम पुरुष के बहुवचन को **ह** और उत्तमपुरुष के बहु-वचन को मो यह आदेश किया गया है।

६६६—**वर्तमाना** (लट्), **भविष्यन्ती** (लृट्) और **विधि** आदि अर्थों में किए गए प्रत्ययों के स्थान में '**ज्ज**' और '**ज्जा**' ये दो आदेश विकल्प से होते हैं। जहां पर ये आदेश प्राप्त नहीं होते वहां पर जिस सूत्र की प्रवृत्ति होती है, वह तो हो ही जायगी। **वर्तमाना के उदाहरण**, जैसे—१—**हसति**=हसेज्ज, हसेज्जा (वह एक हंसता है), २—**पठति**—पढेज्ज, पढेज्जा (वह एक पढ़ता है), ३—**शृणोति**=

सुणेज्ज, सुणेज्जा (वह सुनता है) यहां वर्तमानकालिक प्रत्यय के स्थान में विकल्प से 'ज्ज' और 'ज्जा' ये दो आदेश किए गए हैं। जहां पर इन आदेशों की प्राप्ति नहीं हुई, वहां पर—१—***हसति**=हसइ, २—**पठति**=पढइ, ३—**शृणोति**=सुणइ, ये रूप बनते हैं। **भविष्यन्ती के उदाहरण—१—पठिष्यति**=पढेज्ज, पढेज्जा (वह पढ़ेगा) जहां पर प्रस्तुत सूत्र का कार्य नहीं हो सका, वहां पर—**पढिहिइ** यह रूप बनता है। **विध्यादि अर्थों में विहित प्रत्ययों के उदाहरण—हसतु, हसेत्**=हसेज्ज, हसेज्जा (वह हंसे), जहां ज्ज और ज्जा ये आदेश नहीं हो सके वहाँ पर—**हसउ** यह रूप बनता है। इसी तरह **सर्वत्र** (सब प्रयोगों में) ज्ज और ज्जा इन आदेशों की कल्पना कर लेनी चाहिए। भाव यह है कि यहां पर तो केवल एक-एक उदाहरण ही दिया गया है, किन्तु तीनों त्रिकों में ही **वर्तमाना, भविष्यन्ती** तथा **विध्यादि** अर्थों में विहित प्रत्ययों के स्थान में ज्ज, ज्जा ये आदेश कर लेने चाहिएं। इसीलिए वृत्तिकार फरमाते हैं कि जैसे तृतीय त्रिक (उत्तमपुरुष) के तीनों वचनों में ज्ज आदि आदेश होते हैं वैसे सर्वत्र (अन्य त्रिकों में भी) ये आदेश हो जाते हैं। प्रस्तुत सूत्र के अन्य उदाहरण इस प्रकार हैं—१—**अतिपातयेत्**=अइवाएज्जा अइवायावेज्जा (वह उल्लंघन कराए) तथा २—**न समनुजानामि**=न समणुजाणामि, न समणुजाणिज्जा वा (मैं अनुमोदन नहीं करता हूं) यहां पर भी वर्तमाना-कालबोधक प्रत्यय के स्थान में ज्जा यह आदेश विकल्प से किया गया है। वृत्तिकार फरमाते हैं कि दूसरे आचार्य तो वर्तमाना आदि विभक्तियों को छोड़कर अन्य विभक्तियों के प्रत्ययों को भी ज्ज और ज्जा इन आदेशों का विधान करते हैं। इनके मत में—**भवति, भवेत्**, भवतु, **अभवत्**, अभूत्, **बभूव, भूयात्, भविता, भविष्यति, अभविष्यत्** इन सभी विभक्तियों के प्रत्ययों के स्थान में क्रमशः ज्ज यह आदेश होकर 'होज्ज' यह रूप बन जाता है। वृत्तिकार ने **भवति, भवेत्** आदि पदों का जो उल्लेख किया है, यह पाणिनीय व्याकरणसम्मत लकारों की पद्धति से नहीं है। यह क्रम हैमशब्दानुशासन का है। आचार्य श्री हेम चन्द्र द्वारा विरचित हैमशब्दानुशासन में तथा पाणिनि ऋषि द्वारा प्रणीत पाणिनीय व्याकरण में लकारों में निम्नोक्त नामभेद हैं—

| सिद्धहेमशब्दानुशासन | पाणिनीय-व्याकरण |
|---|---|
| १—**वर्तमाना**, २—**सप्तमी**, ३—**पंचमी**, ४—**ह्यस्तनी**, ५—**अद्यतनी**, ६—**परोक्षा**, ७—**आशीः**, ८—**श्वस्तनी**, ९—**भविष्यन्ती**, १०—**क्रियातिपत्ति**। | १—**लट्**, २—**विधिलिङ्**, ३—**लोट्**, ४—**लङ्**, ५—**लुङ्**, ६—**लिट्**, ७—**आशीर्लिङ्**, ८—**लुट्**, ९—**लृट्**, १०—**लृङ्**। |

६६७—यदि **वर्तमाना, भविष्यन्ती** तथा **विधि** आदि विभक्तियों के प्रत्यय आगे पड़े हों तो स्वरान्त धातु के प्रकृति और प्रत्यय के मध्य में तथा सूत्रोक्त चकार के कारण उन प्रत्ययों के स्थान में ज्ज और ज्जा ये दो आगम तथा आदेश विकल्प से होते हैं। **वर्तमाना के उदाहरण**, जैसे—१—**भवति**=होज्जइ, होज्जाइ, होज्ज, होज्जा (होता है) जहां पर प्रस्तुत सूत्र की प्रवृत्ति नहीं हुई वहां पर—**होइ** यह रूप बनता है। २—**भवसि**=होज्जसि,होज्जासि, होज्ज,होज्जा,होसि (तू होता है), **भविष्यन्ती के**

---

***हसति, हसतः, हसन्ति, हससि, हसथः, हसथ, हसामि, हसावः, हसामः**, ये सभी संस्कृत रूप प्रस्तुत सूत्र के आधार पर हसेज्ज हसेज्जा ये रूप धारण कर लेते हैं। इसी तरह **हसिष्यति** आदि सभी ९ रूप **हसेज्ज हसेज्जा** तथा **हसतु, हसेत्** आदि सभी ९ रूप भी **हसेज्ज हसेज्जा** इस रूप में परिवर्तित हो जाते हैं। इसी भांति अन्य धातुओं के सम्बन्ध में भी समझ लेना चाहिए।

**उदाहरण**, जैसे—१—**भविष्यति**=होज्जहिइ, होज्जाहिइ, होज्ज, होज्जा, जहां पर प्रस्तुत सूत्र का कार्य नहीं हुआ, वहां पर **होहिइ** (वह होगा) यह रूप बन जाता है। इसी प्रकार—१—**भविष्यसि**=होज्जहिसि, होज्जाहिसि, होज्ज, होज्जा, होहिसि (तू होगा)। २—**भविष्यामि**=होज्जहिमि, होज्जाहिमि, होज्जस्सामि, होज्जहामि, होज्जस्सं, होज्ज, होज्जा, होहिमि (मैं हूंगा) ये रूप बनते हैं। **विध्यादि अर्थों में विहित प्रत्ययों के उदाहरण**, जैसे—१—**भवतु, भवेत्**=होज्जउ, होज्जाउ, होज्ज, होज्जा, जहां पर प्रस्तुत सूत्र ने कार्य नहीं किया, वहां **होउ** (हो) यह रूप बनता है। यहां प्रकृति और प्रत्यय के मध्य में कभी ज्ज और कभी ज्जा, ये आगम तथा कभी प्रत्यय के स्थान में ज्ज और ज्जा, ये आदेश विकल्प से किए गए हैं। इस के अतिरिक्त, यह भी समझ लेना चाहिए कि ये उक्त आगम तथा आदेश स्वरान्त धातुओं से ही हो सकते हैं, अन्यत्र नहीं। जैसे—**हसतु, हसेत्**=हसेज्ज, हसेज्जा, २—**त्वरताम्, त्वरेत**=तुवरेज्ज, तुवरेज्जा। हस् और त्वर्, ये धातु स्वरान्त नहीं है, व्यञ्जनान्त हैं, अतः यहां पर प्रस्तुत सूत्र की प्रवृत्ति नहीं हो सकी।

६६८—**क्रियातिपत्ति** (लृङ्) के प्रत्ययों के स्थान पर ज्ज और ज्जा ये दो आदेश होते हैं। जैसे—१—**अभविष्यत्**=होज्ज, होज्जा (वह हुआ होता), २—**यदि अभविष्यद् वर्णनीयः**=जइ होज्ज वण्णणिज्जो (यदि वह वर्णनीय होता) यहां पर क्रियातिपत्ति के प्रत्यय के स्थान में ज्ज और ज्जा ये दो आदेश किये गये हैं। ध्यान रहे कि **अभविष्यत्, अभविष्यताम्, अभविष्यन्, अभविष्यः, अभविष्यतम्, अभविष्यत, अभविष्यम्, अभविष्याव, अभविष्याम**, इन सभी रूपों के होज्ज, होज्जा, ये रूप होते हैं। किस पुरुष के किस वचन का यह रूप है ? यह प्रसंगानुसार स्वयं समझ लेना चाहिए। **क्रियातिपत्ति** का अर्थ है—लृङ्। लकार दस होते हैं। पाणिनीय व्याकरण में ये लट्, लिट् आदि नामों से प्रसिद्ध हैं और हैमशब्दानुशासन में इन्हें वर्तमाना आदि शब्द दिए गए हैं। क्रियातिपत्ति सब में अन्तिम है। यह हेतु-हेतुमद्भूत (जहां एक क्रिया के होने पर दूसरी क्रिया हो) के अर्थ में प्रयुक्त होती है। जैसे—**त्वमपठिष्यः, तदावश्यं परीक्षायामुत्तीर्णोऽभविष्यः**=यदि तुम पढ़ते तो परीक्षा में अवश्य उत्तीर्ण हो जाते।

६६९—**क्रियातिपत्ति** (लृङ्) के स्थान में न्त और माण ये दो आदेश होते हैं। भाव यह है कि प्रथम, मध्यम तथा उत्तम पुरुष के सभी वचनों को उक्त दोनों आदेश हो जाते हैं। जैसे—**अभविष्यद्**=होन्तो, होमाणो (यदि ऐसा होता)।

**हरिणस्थाने हरिणाङ्क !, यदि त्वं हरिणाधिपं न्यवेक्ष्यः।**
**न असहिष्यथाः एव तदा राहुपरिभवमस्य जयतः ॥१॥**

अर्थात्—हे हरिणाङ्क (जिसकी गोद में हरिण हो) चन्द्र! यदि तू हरिण की जगह हरिणाधिप (हरिण का अधिप-राजा)=सिंह को स्थान देता तब तू उस जयशील सिंह के कारण राहु से प्राप्त हुए परिभव-तिरस्कार को कभी सहन न करता। भाव यह है कि राहु से ग्रसित चन्द्र को देखकर कोई भावुक कवि उसे सम्बोधित करता हुआ कह रहा है कि हे चन्द्र ! तूने जिस हरिण को अपना साथी बनाया है, वह निर्बल है; साहसी नहीं है, इसी कारण राहु ने तुझे दबोचने का साहस किया है, उसके विपरीत यदि तू सिंह से मित्रता करता और उसे अपने यहाँ स्थान देता तो राहु का तेरे निकट आने का साहस ही न होता। सिंह जयशील प्राणी है, उसका राहु से पराजित होने का क्या काम ? यहां पर—**न्यवेक्ष्यः** तथा **असहिष्यथाः** ये दो क्रियातिपत्ति (लृङ्) के प्रयोग हैं। अतः इन दोनों स्थानों पर प्रस्तुत सूत्र की प्रवृत्ति होने से क्रमशः **निवेसन्तो** तथा **सहन्तो** ये रूप बन जाते हैं। इसके अतिरिक्त, यह

बात भी समझ लेनी चाहिए कि '**न्त**' और '**माण**' ये दोनों कृत्-प्रत्यय के स्थान में होने वाले आदेश हैं। ६७० सूत्र में शतृ और आनश् इन कृत्प्रत्ययों के स्थान में इन आदेशों का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है! कृदन्ताधिकार के यही दोनों आदेश सूत्रकार ने प्रस्तुत सूत्र द्वारा क्रियातिपत्ति के स्थान में करने का विधान किया है, इस से यह स्पष्ट हो जाता है कि ये आदेश **कृदन्त-सम्बन्धी** हैं। परिणाम-स्वरूप इन आदेशों के अनन्तर **होन्त होमाण निवेसन्त** तथा **सहन्त** इन शब्दों की हैमशब्दानुशासन के ।५।२।२। सूत्र से तथा पाणिनीय व्याकरण के—**कृत्तद्धितसमासाश्च** ।१।२।४६। सूत्र से प्रातिपदिक संज्ञा हो जाती है। तदनन्तर स्यादि प्रत्यय हो जाने पर **होन्तो** आदि रूप निष्पन्न होते हैं।

६७०—शतृ और आनश् इन दोनों में से प्रत्येक के स्थान में न्त और माण ये दो आदेश होते हैं। अर्थात् शतृ के स्थान में न्त और माण तथा आनश् के स्थान में न्त और माण ये दो-दो आदेश किए जाते हैं। **शतृ का उदाहरण, जैसे—१—हसन्**=हसन्तो हसमाणो (हंसता हुआ), **आनश् का उदाहरण, जैसे—वेपमानः**=वेवन्तो वेवमाणो (काँपता हुआ) यहाँ पर शतृ और आनश् को न्त और माण ये दो-दो आदेश किए गए हैं।

६७१—स्त्रीलिङ्ग में वर्तमान (विद्यमान) शतृ और आनश् के स्थान में ई तथा सूत्रोक्त चकार के कारण न्त और माण ये तीन आदेश होते हैं। जैसे—**१—हसन्ती**=हसई, हसन्ती, हसमाणी (हंसती हुई), **२—वेपमाना**=वेवई, वेवन्ती, वेवमाणी (काँपती हुई) यहाँ पर स्त्रीलिङ्ग सम्बन्धी शतृ और आनश् के स्थान में '**ई**' आदि तीन आदेश किए गए हैं।

इस तरह आचार्य श्री हेमचन्द्र जी महाराज द्वारा अपनी उपज्ञा (स्वयं-प्राप्त बोध) से विरचित हैमशब्दानुशासन की "**सिद्ध-हेमचन्द्र**" नामक वृत्ति-व्याख्या में अष्टमाध्याय का तृतीय पाद सम्पूर्ण होता है।

**आचार्य श्री हेमचन्द्र** हैमशब्दानुशासन की रचना के प्रेरक अपने प्रिय भक्त महाराजा सिद्धराज की स्तुति के व्याज से उन की गुण-गरिमा का वर्णन करते हुए फरमाते हैं कि हे क्षितीश्वर-मणे! क्षितीश्वरों (राजाओं) में मणि के समान श्रेष्ठ नृप! तुम्हारी कीर्ति स्वर्गलोक से भी ऊपर, पाताललोक के मूल (जड़) से भी नीचे और मध्यलोक में समुद्र के दूसरे किनारे पर पहुंच गई है। कीर्ति स्त्रीलिङ्ग है, अतः इसकी नारी-स्वभाव-सुलभ, अनेकविध चंचलता ने, वाणी पर नियंत्रण रखने वाले मुनिजनों के मौन-व्रत भी भंग कर दिये हैं। भाव यह है कि आत्मचिन्तन में ही सदा निरत रहने वाले मुनि लोग समस्त व्यक्तियों की निन्दा तथा स्तुति से सदा उपराम रहा करते हैं, परन्तु महाराजा सिद्धराज की कीर्ति इतनी अधिक फैल गई है कि उसने मौनव्रत के आराधक तपस्वि-जनों को भी सिद्धराज के गुण-गान के लिए विवश कर दिया है। संसार से विरक्त सन्त जन भी सिद्धराज की प्रशंसा के गीत गाते हैं।

**गुरुवर आत्माराम की, किरपा हुई महान।**
**भाषा तृतीय पाद की, पूर्ण हुई मुनि ज्ञान।**

**❀ तृतीय पाद समाप्त ❀**

# प्राकृत-व्याकरणस्य पादत्रयाणां

## शब्दसूची


[ अ ]

अ (च) १, १७७, २, १७४, १८८, १९३, ३, ७०
अइ (अति) १, १६९, १७१, २, १७९, २०५, ३, १७७
अइअम्मि (अतीते) २, २०४
अइमुत्तयं (अतिमुक्तकम्) १, २६, १७८, २०८
अइमुंतयं (अतिमुक्तकम्) १, २६, १७८
अइसरिअं (ऐश्वर्यम्) १, १५१
अंसु (अश्रु) १, २६
अक्को (अर्कः) १, १७७, २, ७९, ८९
अक्खइ (आख्याति) १, १८७
अक्खराइँ (अक्षराणि) ३, १३४
अक्खराण (अक्षराणाम्) २,१९५
अगया (असुराः) २, १७४
अगणी (अग्निः) २, १०२
अगरु (अगुरु) १, १०७
अगरू (अगुरु) १, १७७
अग्गओ (अग्रतः) १, ३७
अग्गी (अग्नि) २, १०२, ३, १२५ १, २७, ३, १९, २०, १२५, १२९
अग्घइ (राजते) १, १८७
अङ्कोल्ल (अङ्कोठ) १, २००, २, १५५
अङ्गमङ्गम्मि (अङ्गे अङ्गे) ३, १, अङ्गे (अङ्गे) १, ७, अङ्गाइं (अङ्गानि) १, ९३, अङ्गेहिं (अङ्गैः) २, १७९
अङ्गणं, अंगणं (अङ्गणम्) १, ३०
अङ्गारो (अङ्गारः) १, ४७
अङ्गुअं (इङ्गुदम्) १, ८९
अच्चो (अर्चः) १, १७७
अच्छीअ (अस्) ३, १६३ अच्छेज्ज, अच्छेज्जेज्ज, अच्छीअइ ३, १६०
अच्छअरं (आश्चर्यम्) १, ५८, २, ६७
अच्छरसा (अप्सराः) १, २०
अच्छरा (अप्सराः) १, २०, २, २१
अच्छरिअं (आश्चर्यम्) १, ७, ५८, २, ६६, ६७
अच्छरिज्जं (आश्चर्यम्) १, ५८, २, ६७
अच्छरीअं (आश्चर्यम्) १, ५८, २, ६७
अच्छी (अक्षि) १, ३३, ३५, २, १७, अच्छीइं १, ३३, २, २१७
अच्छिन्न (अच्छिन्न) २, १९८
अच्छेरं (आश्चर्यम्) १, ५८, २, २१, ६६, ६७
अजिअ (अजित) १, २४
अज्ज (अद्य) १, ३३, २, २०४, ३, १०५
अज्ज (आर्य) १, ६ अज्ज, अज्जो ३, ३८
अज्जा (आज्ञा) २, ८३
अज्जा (आर्या) १, ७७
अज्जिए (आर्थे) ३, ४१
अज्जू (श्वश्रू) १, ७७
अञ्जली (अञ्जलिः) १, ३५
अञ्जिअं अंजिअं (अञ्जितम्) १, ३०
अट्, अटइ (अटति) १, १९५
अट्टमट्ट (निपातः) २, १७४
अट्ठण्ह (अष्टानाम्) ३, १२३
अट्ठारसण्हं (अष्टादशानाम्) ३, १२३
अट्ठी (अस्थि) २, ३२
अट्ठो (अर्थः) २, ३३
अडो (अवटः) १, २७१
अड्ढं (अर्धम्) २, ४१
अण (नञर्थे) २, १९०
अणङ्ग (अनङ्ग) २, १७४
अणण्णय (अनन्यक) २, १५
अण (ऋण) १, १४१
अणाइण्णं (अनाचीर्णम्) ३,१३४
अणिउँतयं (अतिमुक्तकम्) १, २६, १७८, २०८
अणिट्ठं (अनिष्टम्) २,-३४
अणुकूलं (अनुकूलम्) २, २१७
अणुसारिणो (अनुसारिणी) १, ६
अणुसारेण (अनुसारेण) २, १७४
अत्तमाणो (आवर्तमानः) १, २७१
अत्ता (आत्मा) २, ५१
अत्थ (अर्थ) १. ७ अत्थो २, ३३
अत्थक्क (अकाण्डम्) २, १७४
अत्थिओ (अर्थिकः) २, १५९
अथिरो (अस्थिरः) १, १८७
अदंसणं (अदर्शनम्) २, ९७
अद्दंसणं (अदर्शनम्) २, ९७
अद्दं (आर्द्रम्) १, ८२

**अद्दो** (अब्दः) २, ७९
**अद्ध** (अर्ध) अद्धं २, ४१
**अद्धा** (अध्वन्) अद्धाणो ३, ५६
**अनलो** (अनलः) १, २२८
**अनिलो** (अनिलः) १, २२८
**अन्तग्गयं** (अन्तर्गतम्) १, ६०
**अन्तप्पाओ** (अन्तःपातः) २, ७७
**अन्तरप्पा** (अन्तरात्मा) १, १४
**अंतरं अन्तरं** (अन्तरम्) १ ३० अन्तरेसु २, १७४
**अन्तावेइ** (अन्तर्वेदि) १, ४
**अन्तेआरि** (अन्तश्चारिन्) १, ६०
**अन्तेउरं** (अन्तःपुरम्) १, ६०, -रे ३, १३६
**अन्तो** (अन्तः) १, १४
**अन्तोवीसंभ** (अन्तर्विश्रम्भ) १, ६०
**अन्धलो** (अन्धः) २, १७३
**अन्धो** (अन्धः) २, १७३
**अन्न** (अन्य) ३, ५८, ६१
**अन्नत्तो** (अन्यतः) २, १६०
**अन्नत्थ** (अन्यत्र) २, १६१, ३, ५९
**अन्नदो** (अन्यतः) २, १६०
**अन्नन्नं** (अन्योन्यम्) १, १५६
**अन्नह** (अन्यत्र) २, १६१
**अन्नहि** (अन्यत्र) २, १६१
**अन्नारिसो** (अन्यादृशः) १, १४२
**अन्नुन्नं** (अन्योन्यम्) १, १५६
**अप्पज्जो** (आत्मज्ञः) २, ८३
**अप्पणयं** (आत्मीयम्) २, १५३
**अप्पण्णू** (आत्मज्ञः) २, ८३
**अप्पमत्तो** (अप्रमत्तः) १, २३१
**अप्पा** (आत्मा) ३, ५६, अप्पा, ३, ५१, अप्पं ३, ४९ अप्पणइआ ३, १४, ५७, अप्पणिआ ३, १४, ५७, अप्पणा, ३, १४, अप्पणो, २, १९७, २०९ अप्पाणो ३, ५६ २, ५१, अप्पाणेण ३, ५७
**अप्पुल्लं** (आत्मीयम्) २, १६३
**अब्बवी** (अब्रवीत्) पश्य-ब्रू धातुः
**अमरिसो** (अमर्षः) २, १०५
**अमुगो** (अमुकः) १, १७७
**अमुणन्ती** (अजानन्ती) २, १९०
**अमू** (अदस्) ३, ८८, ३,८७ अमुं ३, ८७ अमुम्मि ३, ५९, ८९
**अम्बं** (आम्रम्) १, ८४, २, ५६
**अम्बिर** (अम्ल) २, ५६
**अम्बिल** (अम्लम्) २, १०६
**अम्मि** (अस्मिन्) ३, १०५, १०७
**अम्मो** (आश्चर्ये) २, २०८, ३, ४१
**अम्ह** (म्ह) (अस्मद्) १, ३३, २, ९९, १४७, २०४, ३, १०६, १०७, १०८, ११०, ११३, ११४, अम्ह १, २४६, अम्हं ३, ११३, ११४, अम्हत्तो ३, ११२, अम्हम्मि ३, ११२, अम्हसु ३, ११७, अम्हाण ३, ११४, अम्हाणं ३, ११४, अम्हासु ३, ११७, अम्हासुंतो ३, ११२, अम्हाहि ३, ११०, अम्हाहिन्तो ३, ११२, अम्हि ३, १०५ अम्हे, १, ४०, ३, २६, १०६, १०८, ११०, ११४, १४७, १४८, अम्हेहि ३, ११०, अम्हेसु ३, ११७ अम्हेसुन्तो ३, ११२, अम्हो ३, १०६, १०८, ११४, १४७
**अम्हारिसो** (अस्मादृशः) १, १४२, २, ७४
**अम्हेच्चयं** (अस्मदीयम्) २, १४९
**अम्हेत्थ** (वयमत्र) १, ४०
**अयं** (अयम्) ३, ७३. अयम्मि ३, ८४, ८९
**अया** (अजा) ३, ३२
**अयि** (अयि) २, २१७
**अर्प्** (अर्प्-धातुः) अप्पे १, ६३ अप्पिअं १, ६३, उप्पिअ १, २६९ ओप्पेइ १, ६३ ओप्पिअं १, ६३ समप्पेत्तुन २, १६४
**अरण्णं** (अरण्यम्) १, ६६
**अरहो** (अर्हन्) २, १११
**अरहन्तो** (अर्हन्) २, १११
**अरि** (अरि) २, २१७
**अरिहन्तो** (अर्हन्) २, १११
**अरिहा** (अर्हन्) २, १०४
**अरिहो** (अर्हन्) २, १११
**अरुण** (अरुण) १, ६
**अरुहन्तो** (अर्हन्) २, १११
**अरुहो** (अर्हन्) २, १११
**अरे** (अरे) २, २०१
**अर्ह्** (धातुः) अरिहइ २, १०४
**अलचपुरं** (अचलपुरम्) २, ११८
**अलसी** (अतसी) १, २११
**अलाउं** (अलाबु) १, ६६
**अलाऊ** (अलाबु) १, ६६
**अलाबू** (अलाबू) १, २३७
**अलाहि** (निवारणे) २, १८९
**अलिअं** (अलीकम्) १, १०१
**अलीअं** (अलीकम्) १, १०१
**अल्लं** (आर्द्रम्) १, ८२, २, १७४
**अवऊढो** (उपगूढः) १, ६
**अवक्खन्दो** (अवस्कन्दः) २, ४
**अवगूढो** (अपगूढः) २, १६८

**अवजसो** (अपयशस्) १, २४५
**अवज्जं** (अवद्यम्) २, २४
**अवडो** (अवटः) १, २७१
**अवद्दालं** (अपद्वारम्) १, २५४
**अवयवो** (अवयवः) १, २४५
**अवयासइ** (श्लिष्यति) २, १७४
**अवयासो** (अवकाशः) १, ६, १७२
**अवरण्हो** (अपराह्णः) २, ७५
**अवराण** (अपरेषाम्) ३, ६१
**अवरि** (उपरि) १, १६६
**अवरिं** (उपरि) १, २६, १०८
**अवरिल्लो** (उपरितनः) २, १६६
**अवरेसिं** (अपरेषाम्) ३, ६१
**अवसद्दो** (अपशब्दः) १, १७२
**अवहडं** (अवहृतम्) १, २०६
**अवहं** (उभयम्) २, १३८
**अवहोआसं** (उभयबलम्, आर्षे-उभयोकालं) २, १३८
**अवि** (अपि) १, ४१
**अविणय** (अविनय) २, २०३
**अव्वो** (सूचनादिषु) २, २०४
**अस्** (धातुः) म्हि ३, १०५, १४७, सि ३, १४६, १८०, अत्थि २, ४५, ३, १४६, १४७, १४८ नत्थि २, २०६, म्हो, म्ह ३, १४७, सिआ, २, १०७, आसि ३, १६४, अहेसि ३, १६४ सन्तो १, ३७
**असहेज्ज** (असहाय) १, ७९
**असुगो** (असुकः) १, १७७
**असुर** (असुर) १, ७९
**असोअ** (अशोक) २, १६४
**अस्स** (अस्य) ३, ७४
**अस्सं** (आस्यम्), १, ८४
**अंस्सि** (अस्मिन्) ३, ७४
**अह** (अदस्) ३, ८७
**अहक्खायं** (यथाख्यातम्) १, २४५
**अहं** (अहम्) १, ४०, ३, १०७, १४७, १४८, १६४
**अहयं** (अहम्) २, १९९, २०४, ३, १०५
**अहरुट्ठं** (अधरोष्ठम्) १, ८४
**अहव** (अथवा) १, ६७
**अहवा** (अथवा) १, ६७, ३, ७३
**अहह** (अव्ययपदम्) २, २१७
**अहाजायं** (यथाजातम्) १, २४५
**अहाह** (अव्ययपदम्) २, २१७
**अहिअं** (अहितम्) ३, ८१
**अहिआइ** (अभियाति) १, ४४
**अहिज्जो** (अभिज्ञः) १, ५६, २, ८३
**अहिण्णु** (अभिज्ञः) १, ५६, २, ८३
